CMYK

अधिकतम :42°C
न्यूनतम: 26°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स


लखनऊ, रविवार 26 अप्रैल 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 169 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 7 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश के शेयर बाजार का सफर लम्बा, उपलब्धियां विश्वस्तरीय: निर्मला सीतारमण पेज 2



ऑरेंज कैप टेबल में शीर्ष पर पहुंचे कोहली खेल टाइम्स



प्रेसिडेंट ट्रम्प का गोल्ड कार्ड वीजा हुआ फ्लॉप पेज 11



ऐसा लग रहा है जैसे एक साथ कई सपने जी रही हूं: श्वेता बॉलीवुड

# पंजाब ने आईपीएल का सबसे बड़ा टारगेट चेज किया

## सात गेंद शेष रहते 265 का लक्ष्य प्राप्त कर छह विकेट से दी दिल्ली को करारी शिकस्त, काम न आई राहुल की 152 रनों की पारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। टीम ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया। दिल्ली ने अरुण जेटली स्टेडियम में टास जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 2 विकेट पर 264 रन बनाए।

जवाब में पंजाब ने 265 रन का लक्ष्य 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। पंजाब 7 मैचों में 7 जीत के साथ पाइंट्स टेबल में टॉप पर है। वहीं, दिल्ली की 7 मैचों में यह चौथी हार थी। दिल्ली के केएल राहुल ने नाबाद शतक लगाया। उन्होंने 152 रन बनाए। यह आईपीएल में किसी भारतीय का सबसे बड़ा स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा के नाम था। उन्होंने पिछले सीजन पंजाब के खिलाफ 141 रन की पारी खेली थी। दिल्ली की ओर से नीतीश राणा ने 91 रन बनाए। राहुल और राणा के बीच दूसरे विकेट के लिए 220 रन की साझेदारी हुई। 265 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पंजाब के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर और ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने अर्धशतक लगाए। प्रभसिमरन सिंह ने 26 बाल पर 76 रन। जबकि श्रेयस ने 36 बाल पर नाबाद 71 रन बनाए। इन दोनों के अलावा प्रियांश आर्या ने 43 रन की पारी खेली। प्रभसिमरन और प्रियांश के बीच पहले विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी हुई। दिल्ली के लिए कुलदीप यादव ने 2 विकेट लिए। अक्षर पटेल और विप्रज निगम को 1-1 विकेट मिला। पंजाब की पारी के तीसरे ओवर के दौरान दिल्ली के पेसर लुंगी एनगिडी को चोट लग गई। मेडिकल टीम ने तुरंत पहुंचकर उनका इलाज शुरू किया। एनगिडी को एंबुलेंस से हॉस्पिटल लेकर गए। चोट के चलते खेल रोका गया था, जो करीब 15 मिनट बाद शुरू हुआ। आईपीएल मैनेजमेंट ने ट्वीट कर जानकारी दी कि एनगिडी की हालत खतरे से बाहर है।



**आईपीएल इतिहास में राहुल एक पारी में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बने**

**पंजाब के कप्तान अय्यर 71 व प्रभसिमरन ने खेली 76 रनों की पारी**

**केएल राहुल बने प्लेयर ऑफ द मैच**

### एच-1बी वीजा में कटौती की तैयारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में बीते एक वर्षों में विदेशियों के प्रवास का मुद्दा गर्माया हुआ है। आलम यह है कि ट्रम्प प्रशासन न सिर्फ अवैध प्रवासियों, बल्कि अब वैध तौर पर अमेरिका में काम के लिए जाने वाले लोगों को भी निशाना बनाने में जुटा है। इसी कड़ी में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सांसद अमेरिकी संसद में एक विधेयक लेकर आए हैं, जिसमें उच्च-कौशल वाले दूसरे देशों के नागरिकों को अमेरिका में रहने की सुविधा देने वाले एच-1बी वीजा पर रोक लगाना प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि रिपब्लिकन पार्टी का यह कदम मुख्यत: भारत और चीन के नागरिकों को अमेरिका में नौकरी करने से रोकने के मकसद से लाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह कदम अगर सफल हुआ तो इसका नुकसान दूरगामी हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में फिर बवाल, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को प्रदेश की राजधानी इंफाल में स्थायी शांति की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच कर रहे हजारों प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। यह विरोध प्रदर्शन मैतेई संगठन कोआर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी के बैनर तले आयोजित किया गया था।

### बंगाल व तमिलनाडु में नहीं की गई रिपोल की सिफारिश

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभाओं के चुनाव के लिए 23 अप्रैल को हुए मतदान के संबंध में किसी भी स्थान पर पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं की गई है। यह जानकारी शनिवार को यहां चुनाव आयोग के अधिकारियों ने दी। पश्चिम बंगाल में 294 सदस्य विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में 152 सीटों के लिए 44376 मतदान केन्द्रों पर इस सप्ताह गुरुवार को वोट डाले गए थे।

### बंगाल के छह पुलिस अफसरों को निलंबित करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी की रिपोर्ट पर राज्य पुलिस के छह अधिकारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक करवाई करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई रिपोर्ट भी तालाब की है। आयोग के सचिव ने इस संबंध में बंगाल के मुख्य सचिव को दो पत्र भेजे हैं। 23 अप्रैल को लिखे गए एक पत्र में हिगलगंज थाने के थाना प्रभारी संदीप सरकार को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

# ICU सेवाओं पर सुप्रीम सख्ती

## कहा: राज्य तीन हफ्तों में बनाएं एक्शन प्लान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में गहन चिकित्सा इकाइयों (आईसीयू) की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बड़ा आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि आईसीयू के लिए तय न्यूनतम मानकों को लागू करने के लिए सभी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश व्यावहारिक और यथार्थवादी कार्ययोजना तैयार करें।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें जज अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति आर. महादेवन शामिल थे, ने 20 अप्रैल के आदेश में कहा कि गहन देखभाल सेवाओं के संगठन और वितरण के लिए दिशानिर्देश तैयार कर ली गई हैं, जिन पर व्यापक सहमति है। अदालत ने कहा कि ये दिशानिर्देश व्यावहारिक, लागू करने योग्य और आईसीयू के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव या सचिव तत्काल विशेषज्ञों की बैठक बुलाएं और इन दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें।

### चूहे खा गए रिश्वत के पैसे, कोर्ट भी हैरान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के सामने एक ऐसा मामला आया जिसने जजों को भी हैरान कर दिया। यह मामला भ्रष्टाचार से जुड़ा है, जहां मुख्य साक्ष्य यानी रिश्वत की रकम के बारे में दावा किया गया कि उसे चूहों ने कुतर डाला। खबर है कि अब शीर्ष अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराई गई एक महिला को जमानत दे दी है। यह पूरा मामला बिहार से जुड़ा है।

चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑफिसर के पद पर कार्यरत अरुणा कुमारी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिश्वत लेने के आरोप में दोषी पाया गया था। उन पर 10 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। पटना हाईकोर्ट ने महिला को सजा सुनाई थी। हालांकि, जब मामला देश की सबसे बड़ी अदालत में पहुंचा, तो वहां साक्ष्यों के रखरखाव को लेकर राज्य पुलिस की एक बड़ी लापरवाही सामने आई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट में बताया गया कि जो नोट रिश्वत के तौर पर जब्त किए गए थे, उन्हें पुलिस के मालखाने में रखा गया था। लेकिन जब इन नोटों को अदालत में पेश करने की बारी आई, तो पता चला कि उन्हें चूहों ने पूरी तरह से कुतर दिया है। यानी, अपराध को साबित करने वाला सबसे अहम सबूत अब अस्तित्व में नहीं था।

**भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराई गई महिला को दी जमानत**



# देशभर में लू का कहर जारी, दिल्ली में पारा 43 डिग्री

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। तीन चौथाई हिस्सा हीटवेव की चपेट में हैं। उत्तर-पश्चिम, उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के 5 राज्यों के 14 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार जा चुका है।

इनमें वाराणसी, बांदा, रोहतक, झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, अकोला, अमरावती, वर्धा, चंद्रपुर, यवतमाल, बाड़मेर, हमीरपुर, आगरा और राजनांदगांव शामिल हैं। इधर, दिल्ली में शनिवार दोपहर को पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिसके चलते राममनोहर लोहिया हॉस्पिटल में हीटस्ट्रोक यूनिट बनाई गई है। इसमें कूलिंग टब, 200किग्रा बर्फ बनाने की मशीनें और पोर्टेबल आइस पैक भी रखे गए हैं। उत्तर प्रदेश के 60 जिलों में लू का रेड अलर्ट है। ओडिशा के झारसुगुड़ा में लगातार दूसरे दिन तापमान 44.8डिग्री रहा। मध्य प्रदेश के 11 जिलों में लू का अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश के 3 जिलों में हीटवेव चल रही है। इससे पहले शुक्रवार को देश का सबसे गर्म शहर उत्तर प्रदेश का प्रयागराज रहा था।

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals Affiliations
www.srgcmzn.com src_mzn@rediffmail.com
Welcome to the WORLD of SRGC
SHRI RAM GROUP OF COLLEGES
Admission Open




Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CSE, AI & ML, Data Science, CE, ME, EE, ECE) | BArch | MCA
MBA (Agribusiness Management)
MBA (Banking & Financial Services)
MBA (Business Analytics) | MBA
DPharm | Polytechnic (CE, ME, EE)
'A' Grade by SIRF

Shri Ram Polytechnic
'A' Grade by SIRF
Polytechnic (CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)

Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm

Shri Ram College of Law
LLB (3 Years Course)
BALLB | BComLLB (5 Years Courses)

Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh

BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc- Agronomy, Agri Chemistry & Soil Sc | BSc- Phy, Chem, Mathematics, Zoology, Botany | MSc- Maths, Chemistry Zoology, Botany | BSc- Biotech | BSc- Microbio MSc- Biotech, | MSc-Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics | MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing &Textile | BAJMC | MAJMC | BPES | BPEd | MPEd | BEd | MEd | BABEd | BScBEd | BComBEd (under ITEP) Apprenticeship Embedded Degree Programms (AEDP)- BCom - Banking, Financial Services & Insurance, BSc - Tourism & Hospitality Management

For Further Information Please Contact @
Engg: 9927079966, 9927074735; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agri: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Journalism: 9927668855; Home Sc & AEDP: 8800538281

For Admission/ Registration in college, Click on below link: or Scan QR Code
https://srgcerp.in/studentapplication.aspx

# चाबहार की हिस्सेदारी ईरानी कंपनी को सौंपेगा भारत!

- **अमेरिका प्रतिबंध हटने तक जारी रहेगी अस्थायी व्यवस्था**
- **भारत का चाबहार में 1100 करोड़ का निवेश**

**नई दिल्ली।** भारत ईरान के चाबहार पोर्ट में अपनी हिस्सेदारी ईरानी कंपनी को सौंप सकता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, यह कदम अस्थायी तौर पर उठाया जा सकता है, ताकि अमेरिका के प्रतिबंधों से मिली छूट खत्म होने के बाद भी काम जारी रह सके।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का इस पोर्ट में 1100 करोड़ का निवेश है। भारत सरकार इस मुद्दे पर अमेरिका और ईरान दोनों से अलग-अलग बातचीत कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक यह बातचीत बेहद संवेदनशील है और इसमें शामिल अधिकारियों ने पहचान उजागर करने से इन्कार किया है। भारत को नवम्बर 2025 में छह महीने की छूट मिली थी, जिससे चाबहार पोर्ट पर बिना रुकावट काम होता रहा। यह छूट इस महीने खत्म हो रही है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि भारत चाबहार प्रोजेक्ट से पूरी तरह बाहर निकलने की योजना नहीं बना रहा है। भविष्य में यहां कनेक्टिविटी बढ़ाने की योजना है, जिसमें रेल लिंक भी शामिल है, जिससे अफगानिस्तान और आगे तक पहुंच मजबूत होगी।

## इस्लामाबाद में अमेरिका से कोई बैठक प्रस्तावित नहीं: ईरान

**तेहरान/इस्लामाबाद।** ईरान ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका के साथ इस्लामाबाद में किसी भी प्रकार की बैठक प्रस्तावित नहीं है। पाकिस्तान पहुंचे ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिफ मुनीर से द्विपक्षीय वार्ताकर ओमान के लिए रवाना हो गए। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच कोई बैठक निर्धारित नहीं है। ईरान अपने विचार पाकिस्तान को अवगत कराएगा। यह दौरा क्षेत्र में शांति बहाली और जारी तनाव पर परामर्श के उद्देश्य से किया जा रहा है।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.E.A., M.I.P.S, Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997892556, 9997411423

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में दंपति और पुत्र समेत पांच लोगों की मौत

**मऊ।** उत्तर प्रदेश में मऊ जिले के दोहरीघाट थाना क्षेत्र में शनिवार भोर में शादी समारोह से लौट रही एक स्कॉर्पियो सामने से आ रही ट्रेलर से टकरा गई। इस दुर्घटना में पति पत्नी और पुत्र समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गोरखपुर निवासी एक परिवार अपनी बेटी की शादी समारोह में भाग लेने रांची झारखंड गया हुआ था। बीती रात वह लोग रांची से वापस आ रहे थे। शनिवार भोर में मऊ जिले के दोहरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसातपुर अहिरानी हाईवे पर स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर अपने लेन से निकलकर दूसरी लेन में चला गया और सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गया। मृतकों की पहचान गोरखपुर निवासी विनय श्रीवास्तव, अर्चना पत्नी विनय श्रीवास्तव और पुत्र कृतार्थ श्रीवास्तव के रूप में हुई है। इनके अलावा बिहार के गया जिले के रहने वाले रविन्द्र यादव और पुरुषोत्तम कुमार की भी मौत हो गई।

### श्रीनगर की केंद्रीय जेल से डिजिटल डिवाइस जब्त किए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष खुफिया और जांच शाखा (सीआईके) ने शनिवार को एक आतंकी मामले की जांच के सिलसिले में श्रीनगर केंद्रीय जेल की तलाशी लेते हुए डिजिटल डिवाइस बरामद किए। पुलिस ने बताया कि यह तलाशी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम के तहत गठित श्रीनगर की विशेष अदालत द्वारा जारी वारंट के आधार पर की गई। यह वारंट थाना सीआई कश्मीर में 2023 में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में जारी किया गया था, जिसमें आईपीसी की धारा 153-ए, 505, 121 और 120-बी के साथ-साथ यूए (पी) अधिनियम की धारा 13 और 39 भी शामिल हैं।

# उप्र में प्रचंड गर्मी और लू का प्रकोप जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ 26 अप्रैल को मौसम शुष्क रहने की संभावना, 27 से मिल सकती है फौरी राहत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में 25 अप्रैल को मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि दिन के समय कई स्थानों पर उष्ण लहर (लू) चलने और कुछ स्थानों पर उष्ण रात्रि की स्थिति बनी रह सकती है।

मौसम विभाग द्वारा शनिवार को जारी हीट वेव बुलेटिन में कानपुर नगर, कानपुर देहात, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, झांसी, बरेली, पीलीभीत, रामपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, उन्नाव, बारा. बंकी, रायबरेली, अयोध्या, प्रतापगढ़, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, मिर्जापुर, सोनभद्र, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बहराइच, सीतापुर, हरदोई, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, हाथरस और एटा समेत अनेक जिलों में लू चलने की संभावना जताई गई है। राजधानी लखनऊ, कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी और बुंदेलखंड क्षेत्र के जिलों में अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज होने की संभावना है, जबकि आगरा, मथुरा, इटावा, फिरोजाबाद और अलीगढ़ मंडल में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़ और गौतमबुद्ध नगर में भी तेज गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर सकती हैं।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने के बाद हल्की गिरावट संभव है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि के संकेत हैं। 27 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में मौसम बदलने के आसार हैं। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा और बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि 29 और 30 अप्रैल को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 11 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने, हल्के सूती वस्त्र पहनने तथा बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। किसानों को गन्ना, ग्रीष्मकालीन मक्का, दलहन और सब्जियों की सिचाई नियमित रूप से जारी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# शिया सेंट्रल बोर्ड में बड़ा प्रशासनिक सुधार

## लंबित वेतन का भुगतान, वक्फ संपत्तियों को कब्जे से कराया मुक्त

**जिया अब्बास जैदी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड में चेयरमैन अली ज़ैदी के नेतृत्व में प्रशासनिक सुधारों और पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। बोर्ड द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, उनकी आय में वृद्धि और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए कई प्रभावी निर्णय लिए गए हैं। प्रेस नोट में बताया गया कि पूर्व में कर्मचारियों के वेतन का भारी बकाया था, जिसे वर्तमान बोर्ड ने प्राथमिकता के आधार पर निपटाया है। अब कर्मचारियों का नियमित वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया भुगतान में भी तेजी लाई गई है।



■ चेयरमैन अली ज़ैदी के नेतृत्व में करोड़ों की आय में वृद्धि और पारदर्शिता की नई मिसाल

चेयरमैन अली ज़ैदी के कार्यकाल में बोर्ड की आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जहां पहले की अवधि में आय लगभग 3.94 करोड़ रुपये थी, वहीं वर्तमान कार्यकाल में यह बढ़कर 6 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। इसके अलावा वक्फ संपत्तियों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए भी अभियान चलाया गया, जिसमें कई संपत्तियों को सफलतापूर्वक कब्जामुक्त कराया गया। बोर्ड ने पारदर्शिता बढ़ाने के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से खरीद प्रक्रिया लागू की है और ई-ऑफिस सिस्टम को अपनाया है, जिससे कार्यप्रणाली में सुधार हुआ है। साथ ही शिकायतों के निस्तारण के लिए आईजीआरएस पोर्टल पर 100 प्रतिशत कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। प्रेस नोट में यह भी उल्लेख किया गया है कि बोर्ड द्वारा वक्फ संपत्तियों की आय बढ़ाने के लिए लगातार समीक्षा की जा रही है और नए वक्फ पंजीकरण की प्रक्रिया भी तेज की गई है। वर्तमान में हजारों वक्फ संपत्तियों का डिजिटलीकरण और सत्यापन कार्य प्रगति पर है। अंत में बोर्ड ने प्रदेश सरकार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चेयरमैन अली ज़ैदी के नेतृत्व में शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

# आरोपी की आजादी से बड़ा है समाज का हित

**श्रीनगर, वार्ता**

■ जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट ने खारिज की गैंगरेप आरोपियों की जमानत याचिका

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने रामबन जिले में सामूहिक दुष्कर्म मामले के दो आरोपियों को जमानत देने से इन्कार कर दिया है।

न्यायमूर्ति रजनीश ओसवाल ने नौ पन्नों के फैसले में शाहिद अहमद और मुजमिल अजीज द्वारा दायर अलग-अलग जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस स्टेशन गूल में दर्ज एफआईआर के तहत मुकदमा चल रहा है। यह मामला पीड़िता के साथ बार-बार किए गए यौन शोषण के आरोपों पर आधारित है, जिसके परिणाम स्वरूप उसने एक बच्ची को जन्म दिया। उस बच्ची को बाद में बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया और वर्तमान में उसे रामबन की एक विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी में रखा गया है। बेंच ने 'त्वरित सुनवाई' के अधिकार पर भी बात की। कोर्ट ने गौर किया कि एक साल और दो महीने के भीतर लगभग दस गवाहों से पहले ही पूछताछ की जा चुकी है, जो यह दर्शाता है कि मुकदमे की कार्यवाही उचित गति से आगे बढ़ रही है। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को समुदाय के सामूहिक हित के आगे झुकना होगा। बचाव पक्ष ने दलील दी कि शाहिद अहमद का नाम मूल एफआईआर में नहीं था और पीड़िता ने मुकदमे के दौरान विरोधाभासी बयान दिए थे। वहीं मुजमिल अजीज के वकील ने घटना की रिपोर्ट करने में हुई देरी पर जोर दिया और पीड़िता के बयानों में विसंगतियों की ओर इशारा किया।

## प्रशासन ने सपा के दो विधायकों समेत 46 नामजद किए

# गाजीपुर हिंसा को लेकर गरमाई सियासत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पीड़ित परिवार से 29 अप्रैल को मुलाकात करेंगे अखिलेश यादव, मृतका के पिता ने इस मामले में राजनीति न करने की अपील की

**लखनऊ/गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर के करंडा थाने के अंतर्गत कटरिया गांव में हुई हिंसा अब राजनीतिक रंग लेती जा रही है। स्थानीय प्रशासन द्वारा समाजवादी पार्टी के दो विधायकों समेत 46 लोगों को नामजद किए जाने के बाद अब समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के दौरे को लेकर राजनीति गरमा गई है।

अखिलेश यादव 29 अप्रैल को गाजीपुर जा रहे हैं। इस बीच मृतका के पिता ने प्रशासन की कार्यवाही से संतुष्टि जताते हुए इस मामले में राजनीति न करने की अपील की है। समाजवादी पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक पत्र के अनुसार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 29 अप्रैल 2026 (बुधवार) को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद के दौरे पर जाएंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत वह दोपहर करीब 1 बजे ग्राम करंडा (थाना करंडा) पहुंचेंगे और वहां पीड़ित सियाराम विश्वकर्मा के परिवार से मुलाक. ात करेंगे। पत्र में संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को इस दौरे की सूचना देते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। इस बीच सियाराम शर्मा ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान पुलिस की कार्यवाही से संतुष्टि जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि हमने पुलिस को जो तहरीर दी थी, उसी के अनुसार कार्रवाई हुई है और आरोपी इस समय जेल में बंद है। उन्होंने कहा कि जलिाधियाकारी और कप्तान साहब की ओर से आश्वासन मिला है कि इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की तरफ से मदद का भी आश्वासन मिला है। अखिलेश यादव के गाजीपुर दौरे को लेकर भाजपा ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा है।

### मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार सपा दंगाइयों के साथ खड़ी है: भाजपा

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हीरो वाजपेयी ने कहा कि अखिलेश यादव के साथ दिक्कत यही है कि वो हमेशा दंगाइयों और बलवाइयों के साथ ही खड़े दिखते हैं। वाजपेयी ने कहा कि गाजीपुर में जो भी घटना हुई, उसमें पुलिस अपना काम कर रही है। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित परिवार प्रशासन की कार्रवाई से संतुष्ट है फिर वहां जाकर सियासत करने की उनकी क्या मजबूरी है। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के करंडा थाना क्षेत्र के कटारिया गांव में बुधवार को हुई हिसक झड़प के बाद पुलिस ने समाजवादी पार्टी के दो विधायकों समेत 46 नामजद और करीब 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया है। आरोपियों पर बलवा, अवैध जमावड़ा, आपराधिक धमकी और लोकसेवक पर हमला करने जैसे आरोप लगाए गए हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 78516.49
निफ्टी 24378.10
सोना 152250 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)
चांदी रु. 249677 प्रति किलो



# देश के शेयर बाजार का सफर लम्बा: निर्मला सीतारमण

**मुंबई, वार्ता**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत के प्रतिभूति बाजार की विकास यात्रा में बड़ी उपलब्धियों को को रेखांकित करते हुए कहा कि यह यात्रा उल्लेखनीय रही है और भारतीय बाजार आज एक मजबूत, प्रौद्योगिकी-आधारित और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र में सबसे अच्छे बाजारों में एक है।

वित्त मंत्री ने विश्वास और ईमानदारी को बाजार की अदृश्य लेकिन सबसे अहम अवसंरचना बताते हुए बाजार विनियामक सेबी से कदाचार के विरुद्ध बहुत कठोर रुख अपनाने को कहा। श्रीमती सीतारमण ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 38वें स्थापना दिवस समारोह को संबो. धित करते कहा कि भारतीय बाजारों की यात्रा पारंपरिक ट्रेडिग रिग से निकल कर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक ऑर्डर बुक तक, भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों से पूर्ण डीमैटेरियलाइजेशन तक और बिखरी हुई निंगरानी से रीयल-टाइम नियामकीय पर्यवेक्षण तक पहुंच गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि इन बाजारों का आकार यात्रा की चुनौतियों से तय हुआ है और इस दौरान उत्पन्न दबावों और अस्थिरता के दौर ने नियमन और बाजार अवसंरचना को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजारों का इतिहास हमें पहले के दशकों के तनावपूर्ण दौर से महत्वपूर्ण सबक भी सिखाता है, जिससे मजबूत नियमन विकसित हुआ। अस्थिरता के दौर ने बेहतर बाजार ढांचा बनाया, चुनौतियों ने बेहतर संस्थानों को जन्म दिया। इसी तरह परिपक्व वित्तीय प्रणालियां सीखते हुए, अनुकूलन करते हुए और अधिक मजबूत बनकर उभरती हैं।ष सेबी की भूमिका को रेखांि. कत करते हुए सीतारमण ने कहा कि उसकी प्रभावशीलता केवल उसके अधिकारों की व्यापकता से नहीं, बल्कि उन्हें अनुशासन के साथ लागू करने से आती है।

### गंगा एक्सप्रेसवे: 594 किमी का मेगा कॉरिडोर लोकार्पण को तैयार, मल्टी-पैकेज मॉडल से मिली रफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने वाली गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे देश को समर्पित करेंगे। करीब 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे देश के सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शुमार है और इसे यूपीडा के प्रभावी क्रियान्वयन और राज्य सरकार की रणनीतिक योजना का सफल उदाहरण माना जा रहा है। करीब 37 हजार करोड़ की लागत से तैयार इस मेगा प्रोजेक्ट को चार प्रमुख पैकेज (ग्रुप) में विभाजित कर निर्माण कार्य को गति दी गई। 'मल्टी-पैकेज' मॉडल इस परियोजना की सबसे बड़ी ताकत साबित हुआ, जिसने इतने बड़े प्रोजेक्ट को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाई। गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना को चार हिस्सों में विभाजित कर अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से कार्य कराया गया। पहले पैकेज की लंबाई 129.70 किमी है, जिसकी लागत 9 हजार करोड़ से अधिक है। दूसरे पैकेज की लंबाई 151.70 किमी और लागत लगभग 9 हजार करोड़ है।

# चावल नरम, गेहूं व चीनी के भाव बढ़े, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव घट गया। गेहूं और चीनी की कीमतों में गिरावट रही जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये गिरकर 3,847 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,780 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे की कीमत 16 रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 19 रुपये घट गई। मसूर दाल सात रुपये और चना दाल तीन रुपये घट गई। मूंग दाल 29 रुपये और उड़द दाल पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 108 रुपये और मूंगफली तेल की 66 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 50 रुपये और सूरजमुखी तेल 30 रुपये महंगा हुआ। वहीं पाम ऑयल का भाव 28 रुपये और सरसों तेल का पांच रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी आठ रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7686.02 रुपये, मसूर काली 8085.22 रुपये, मूंग दाल 10208.98 रुपये, उड़द दाल 10826.44 रुपये, तुअर दाल 11230.67 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2779.79 रुपये और चावल 3847.23 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3274.52 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4310.66 रुपये और गुड़ 5044.78 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17866.06 रुपये, मूंगफली तेल 18916.85 रुपये, सूरजमुखी तेल 17516.11 रुपये, सोया तेल 15002.66 रुपये, पाम ऑयल 13442.13 रुपये और वनस्पति 14965.02 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# पश्चिम बंगाल में फिर आक्रामक तेवर में योगी नदिया में ममता बनर्जी पर साधा निशाना

**नदिया (पश्चिम बंगाल)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने नदिया जिले की नवद्वीप विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि ममता दीदी को इस बात की चिंता है कि अगर हिदुओं की संख्या बढ़ेगी, तो सड़कों पर इफ्तार कैसे होगा।



योगी ने कानून-व्यवस्था ध्वस्त करने का आरोप लगाते हुए कहा कि टीएमसी लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में भाजपा नेताओं और उम्मीदवारों पर हमले हुए, जिसे पूरे देश ने देखा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि चार मई को जब नतीजे आएंगे, तब टीएमसी के गुंडों के पास छिपने की जगह नहीं होगी। बंगाल अब अराजकता को स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, वामपंथी दलों और टीएमसी पर बंगाल को 'लूट और कुशासन का प्रतीक' बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि राज्य इनसे मुक्त होकर 'डबल इंजन सरकार' को चुने, जो दोगुनी गति से विकास करेगी।

योगी नवद्वीप विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रुति शेखर गोस्वामी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भीषण गर्मी के बावजूद जनसभा में बड़ी संख्या में लोग जुटे। समर्थकों ने 'योगी-योगी' के नारे लगाए, जिस पर मुख्यमंत्री ने आभार जताया। उन्होंने पहले चरण में 152 सीटों पर हुए रिकॉर्ड मतदान के लिए मतदाताओं को बधाई दी और कहा कि जनता आतंक, माफिया राज और भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहती है। उन्होंने दावा किया कि 4 मई को नतीजों के साथ पूरे बंगाल में भाजपा का परचम लहराएगा। मुख्यमंत्री ने सीएए का जिक्र करते हुए कहा कि यह कानून पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में प्रताड़ित हिदू, बौद्ध, जैन और सिख समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देने की गारंटी देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी ने इस कानून का विरोध किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में घुसपैठियों को संरक्षण दिया जा रहा है, जबकि वे स्थानीय लोगों के अधिकारों पर कब्जा कर रहे हैं। योगी ने आरोप लगाया कि बंगाल में दुर्गा पूजा, प्रतिमा विसर्जन और 'जय श्री राम' के नारे पर पाबंदी लगाने की कोशिश होती है। उन्होंने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट को भी इस संबंध में सख्ती के निर्देश देने पड़े। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ष्बंगाल की धरती पर मां काली और मां दुर्गा की पूजा को कोई नहीं रोक सकता। अगर किसी ने को. शिश की, तो सड़कों पर विरोध होगा।

# केजरीवाल इतिहास के सबसे शौकीन: प्रवेश सिंह

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री ने कहा: आप संयोजक नया आवास भी शीशमहल जैसा बनाया

भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल को इतिहास का सबसे शौकीन व्यक्ति करार देते हुए शनिवार को कहा कि उन्होंने अपना नया आवास भी 'शीशमहल' जैसा बना लिया है। दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री एवं भाजपा नेता प्रवेश साहिब सिंह ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप का मतलब 'आलीशान आदमी पार्टी' है।

इस दौरान, उन्होंने केजरीवाल के नए आवास की तस्वीर जारी करते हुए उनकी तुलना फिल्म 'धुरंधर' के 'रहमान डकैत' से की और कहा कि उन्होंने अब यहां दूसरा 'शीशमहल' बना लिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव हारने के बाद केजरीवाल पंजाब चले गए थे। वहां मुख्यमंत्री भगवंत मान के सरकारी आवास के आस-पास चार घरों पर श्री केजरीवाल, तथा आप नेता सतएंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह ने कब्जा कर लिया था। भगवंत मान भी इसके कारण उनसे परेशान थे। गौरतलब है कि अदालत के आदेश के बाद केन्द्र सरकार ने केजरीवाल को दिल्ली में 95, लोधी एस्टेट स्थित सरकारी आवास आवंटित किया था, जिसमें उन्होंने शुक्रवार को परिवार के साथ प्रवेश कर लिया। सिंह ने केजरीवाल के इस आवास की मरम्मत में हुए खर्च को लेकर उन पर हमला बोला। उन्होंने केजरीवाल के इस आवास की तस्वीरें दिखाकर हैरानी जताई और कहा कि वहां भी उन्होंने खूब पैसा खर्च किया है। यह सरक. ारी आवास है, लेकिन इसमें सरकारी पैसा नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि पहले 'शीशमहल' (6, फ्लैग स्टाफ रोड, मुख्यमंत्री आवास) पर भारी खर्च को लेकर जब सवाल उठे, तो केजरीवाल ने दावा किया था कि सजावट का फैसला पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता ने लिया था और उन्हें खर्च की जानकारी नहीं थी। अब नए आवास को लेकर वह ऐसा दावा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि जो नेता कभी साधारण बंगला भी नहीं लेने की बात करते थे, आज खुद 'शीशमहल' में रह रहे हैं। दिल्ली में कोरोना महामारी, पानी और बिजली की कमी के समय भी केजरीवाल गायब होकर 'शीशमहल' बनाने में लगे रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि 'शीश. महल' केजरीवाल के भ्रष्टाचार का सबूत है। मुख्यमंत्री के वेतन से ऐसा आलीशान आवास नहीं बन सकता। उन्हें बताना चाहिए कि इस पर शराब घोटाले का पैसा लगाया गया या नहीं। सिंह ने कहा कि श्री केजरीवाल के अंदर 'शीशमहल' बस चुका है। इस कारण उन्हें दिल्ली और पंजाब की जनता का दुख दिखाई नहीं देता। आप कार्यकर्ता पूरी जिदगी मेहनत करें, तब भी आवास को ऐसा नहीं बना सकते। इस दौरान उन्होंने सवाल किया कि केजरीवाल बताएं कि लोधी रोड वाले बंगले में कितना पैसा लगा है। उन्होंने कहा कि यह पैसा कहां से आया और किसका है? क्या आपकी विलासिता के कारण आप के कार्यकर्ता आपको छोड़ रहे हैं? बार-बार आलीशान शीशमहल बनाने की उन्हें क्या जरूरत पड़ रही है? पहले शीशमहल में शराब का पैसा लगा था, इस बार किसका पैसा लगा है? उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में केजरीवाल सबसे शौकीन व्यक्ति हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बेल्ट, घड़ी, टोपी चश्मा उतरवाकर केंद्रों में अभ्यर्थियों को मिला प्रवेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती-2025 की तीन दिवसीय लिखित परीक्षा शनिवार से जिले में शुरू हो गई। पहले दिन पहली पाली में 14,016 अभ्यर्थी शामिल होना है। सुबह 8 बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों का पहुंचना शुरू हो गया, जिससे कई स्थानों पर भीड़ देखने को मिली। परीक्षा की शुि.चता बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। केंद्रों के बाहर पुलिस ने अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली। इस दौरान अभ्यर्थियों से जूते, बेल्ट, घड़ी, टोपी, चश्मा और ब्लूटूथ डिवाइस उतरवाकर चेकिंग की गई। साथ ही प्रवेश द्वारों पर विशेष सतर्कता बरती गई और हर केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

### पिता ने अपने ही पुत्र कर दी हत्या, आरोपी मौके से फरार

**प्रयागराज।** नगर के करेली थाना क्षेत्र स्थित चाट वाली गली में शुक्रवार को कलयुगी पिता पप्पु जायसवाल ने अपने ही 17 वर्षीय पुत्र प्रियांशु जायसवाल की हथौड़े नुमा हथियार प्रहार करके निर्मम हत्या कर दी। घटना को अंजाम दिये जाने के बाद आरोपी पिता फरार हो गया। अवैध संबंध के शक को लेकर पिता और बेटे के बीच देर रात कहासुनी हो गई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने गुस्से में आकर बेटे पर ताबड़तोड़ वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त घर पर मृतक की मां मौजूद नहीं थी।

### सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कायम

**गोंडा।** जिले के कर्नलगंज तहसील क्षेत्र को बाढ़ से बचाने वाला परसपुर- धौरहरा बांध दबंगों और रसूखदारों के निशाने पर है। आलम यह है कि जर्जर हो चुके इस बांध का अस्तित्व खत्म करने की साजिश चल रही है और जिम्मेदार विभाग कार्रवाई के नाम पर महज नोटिस जारी कर खानापूर्ति कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सिंचाई विभाग और लोकनिर्माण विभाग का अवैध कब्जेदारों को संरक्षण प्राप्त है,जिससे अभी तक अवैध कब्जा नहीं हट सका है।बांध पर ही बन गये अनेकों मकान-दुकान, हरे भरे पेड़ों को भी काटकर बिक्री की कर्नलगंज- परसपुर मार्ग पर पीडब्ल्यूडी व सिंचाई विभाग की करोड़ों की संयुक्त सरकारी जमीन तो कब्जाई ही गई, अब सरकारी बांध और उसके बगल की पीडब्ल्यूडी की सरकारी भूमि को भी नहीं बख्शा जा रहा।

### फर्जी शिक्षामित्र पर मेहरबान है विभाग

**गोंडा।** शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। कर्नलगंज ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय इंद्रपाल पुरवा में फर्जी दस्तावेजों से शिक्षामित्र की नौकरी कर रही पूनम देवी पत्नी अमरनाथ साहनी के खिलाफ खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दो-दो बार रिपोर्ट भेजने के बावजूद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है।पूरा मामला ग्राम पूरे अजब से जुड़ा है। ज्ञान प्रकाश चौहान ने मुख्यमंत्री से शिकायत की थी।

# राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे बहुगुणा

## योगी ने पूर्व मुख्यमंत्री को जयंती पर किया नमन, प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व सीएम स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की पावन जयंती पर उन्हें नमन किया और योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुगुणा जी भारत की राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे। उनका जन्म तत्कालीन उत्तर प्रदेश द्धवर्तमान उत्तराखंडऋ के पौढ़ी गढ़वाल जनपद में 25 अप्रैल 1919 को हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा गांव में अर्जित करने के उपरांत उच्च शिक्षा के लिए वह प्रयागराज आ गए थे। 1942 से 1946 तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आ]वान पर 'भारत छोड़ो आंदोलन' में बहुगुणा की सक्रिय



सहभागिता रही, जिस कारण ब्रिटिश सरकार ने उन्हें जेल में भी डाला था। बहुगुणा जी 1952 में पहली बार बने उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य बने थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुगुणा जी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रखर छात्रनेता के रूप में अपनी छाप छोड़ी। वह देश के स्वाधीनता आंदोलन में लगातार सक्रिय रहे। आजादी के बाद 1952 के पहले आम चुनाव में वह पहली बार उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य बने। उन्हें प्रदेश सरकार के मंत्री के रूप में भी कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ था। उत्तर प्रदेश में विभिन्न विभागों के मंत्री तथा मुख्यमंत्री के रूप में उनकी सेवाएं सराहनीय रहीं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर बहुगुणा जी का अपना विजन था। उसे आज भी प्रभावी रूप से धरातल पर उतरते हम सभी महसूस कर सकते हैं। बहुगुणा जी ने केंद्र सरकार में भी अनेक मंत्रालयों में सेवाएं दीं। लंबे सार्वजनिक जीवन में देश के प्रति उनकी सेवा उल्लेखनीय रही हैं, जो वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रज.ेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल, रामचंद्र प्रधान आदि मौजूद रहे।

# साइबर ठग के खिलाफ कुर्की की तैयारी हुई तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) के एक प्रोफेसर से 6.55 लाख रुपये की ठगी में फरार चल रहे आरोपी सुनील कुमार मंडल उर्फ दुबे मंडल पर अब शिवकुटी थाने में साइबर थाने के निरीक्षक आलमगीर की तहरीर पर एक और केस दर्ज किया गया है।

इसके साथ ही आरोपी के खिलाफ कुर्की की तैयारी शुरू हो गई है।निरीक्षक आलमगीर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ लगातार गैरहाजिर रहने और न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने के चलते यह कार्रवाई की गई है। अब उसके खिलाफ कुर्की की प्रक्रिया भी शुरू किए जाने की तैयारी है। 20 अगस्त 2023 में एमएनएनआईटी के प्रोफेसर के व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया, जिसमें लखनऊ स्थित उनके मकान का बिजली बिल जमा न होने पर रात साढ़े आठ बजे बिजली काटने की चेता.वनी दी गई। मैसेज भेजने वाले ने खुद को बिजली विभाग का अधिकारी बताते हुए एक मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया। जब उस नंबर पर संपर्क किया तो आरोपी ने उन्हें रस्ट रिमोट डेस्कटाप एप डाउनलोड कराकर 11-11 रुपये के ट्रांजैक्शन कर विश्वास जीता और फिर धीरे-धीरे कुल 6.55 लाख रुपये की ठगी कर ली। जांच में झारखंड गिरिडीह स्थित ग्राम गपई निवासी सुनील का नाम सामने आया। आरोपी पर पहले ही गैर-जमानती वारंट की कार्रवाई हो चुकी है। जल्द कोर्ट से अनुमति लेकर उसकी संपत्ति की कुर्की कार्रवाई की जाएगी।

# महानिदेशक के साथ पैरामेडिकल कर्मचारी संगठनों की मैराथन बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ प्र के महामंत्री अतुल मिश्रा ने सरकारी चिकित्सालय के सेवा देने वाले पैरामेडिकल संगठनों के पदाधिक.ारियों की मैराथन सार्थक बैठक महानिदेशक के सभागार में हुई।

बैठक में सुरेश कुमार रावत अध्यक्ष, अतुल मिश्रा महामंत्री, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद,कमल श्रीवास्तव महामंत्री, एलटी एसो. उप्र, राम मनोहर कुशवाहा अध्यक्ष महामंत्री दिलीप कुमार, एक्स-रे टेक्नीशियन एसो0 उ0प्र0, अनिल कुमार महामंत्री प्रोवेन्शियल फिजियोथेरेपिस्ट एसो0 उ0प्र0, डीडी त्रिपाठी अध्यक्ष, राजीव तिवारी महामंत्री, डेन्टल हाइजेनिस्ट एसो. उ0प्र0 एवं महा. निदेशक स्वास्थ्य डा0 पवन कुमार अरूण एवं निदेशक डा0 संजू अग्रवाल संयुक्त निदेशक सुनील कुमार पैरामेडिकल उपस्थित थे।

बैठक में अतुल मिश्र महामंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सभी संगठनों की मांगों पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि सभी पैरामेडिकल कर्मचारियों के कैडर का पुनर्गठन ,वेतन विसंगति,जिला अस्पतालों को उच्चीकृत कर मेडिकल कॉलेज बनाने के कारण पद समाप्त किये गये, जिला चिकित्सालयों के कर्मचारियों को पद सहित अस्पतालों में समायोजित करना, रिक्त पदों पर नियुक्तियां एवं पदोन्नतियां, पदनाम परिवर्तन ,संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों को नर्सेज/एएनएम की भांति नियमित नियुक्तियों मे वेटेज देने पर समयबद्ध प्राथमिकता के आधार पर निर्णय कराएं।

डा. पवन कुमार अरुण महा. निदेशक ने कहा कि वे 15 दिन में संघों की मांगो पर प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजेंगे और वे स्वयं भी रुचि लेकर शीघ्र सार्थक निर्णय करायेंगे। कर्मचारी जब तक पूरी तौर से संतुष्ट नहीं होंगे, अस्पताल सही तरीके से नहीं चल सकते हैं।

# छात्रा जागरूकता एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** खुन-खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज, चौक, लखनऊ में छात्रा जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन अत्यंत भव्य, प्रेरणादायक एवं उद्देश्यपूर्ण वातावरण में महिला विकास एवं जनकल्याण समिति, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डा. बबिता सिंह चौहान चेयरपर्सन, राज्य महिला आयोग, उ.प्र. की गरिमामई उपस्थित रहीं। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अंशु केडिया ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की एवं छात्राओं को प्रेरित किया।अतिथि वक्ताओं में डा. आकांक्षा उपाध्याय



१(मनोचिकित्सक) ने छात्राओं को संबोधित करते हुए मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला तथा मिथकों का खंडन करते हुए व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए। इसके उपरांत फिरोज़ खान नदवी (साहित्यकार एवं लेखक) ने प्रेरणादायक उद्‌बोधन दिया।मुख्य अतिथि डा. बबिता सिंह चौहान ने अपने ओजस्वी संबोधन में महिला शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सामा.जिक सशक्तिकरण पर बल दियास उन्होंने छात्राओं को कुशलता बढ़ाने एवम मोबाइल पर कम समय देने के लिए प्रेरित किया । संस्था की तरफ से सुनीता त्रिपाठी, वर्षा उपाध्याय एवम अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय की शिक्षिकाओंकृप्रो. पूनम रानी भटनागर, प्रो. रेशमा परवीन, प्रो. ज्योत्सना पांडे, डा सुमन लता सिंह, डा. पारुल सिंह, डा. सत्यम तिवारी, डा प्रियंका, श्रीमती विज.ेता दीक्षित, डा अंजू यादव, डा. शालिनी शुक्ला, डा. अंकिता दीक्षित एवं डा. साइमाकृतथा समस्त कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बीडीओ ने बच्चों को बांटे स्कूली बैग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी मुसाफिरखाना ।** रायबरेली जिले में खंड विकास अधिकारी के पद पर तैनात और अमेठी के मुसाफिरखाना ब्लॉक के गुन्नौर गांव निवासी संदीप कुमार सिंह ने समाज सेवा की मिसाल पेश की।

उन्होंने अपने पुत्र सुदीक्षराज सिंह के जन्मदिवस के मौके पर प्राथमिक विद्यालय गुन्नौर के बच्चों के बीच खुशियां बांटीं और विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ संदीप कुमार सिंह ने स्कूल के लगभग 110 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग वित.रित किए। हर बैग में ड्राइंग बाक्स,




कलर बाक्स के साथ-साथ बच्चों के रोजमर्रा के उपयोग की पढ़ाई-लिखाई सामग्री भी शामिल थी। नए बैग और रंग-बिरंगे सामान पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय परिसर में जैसे ही बैग वितरण शुरू हुआ, बच्चों की आंखों में चमक साफ दिखी। कई बच्चों ने वहीं बैग खोलकर कलर और ड्राइंग बाक्स देखे और तालियां बजाकर खुशी जाहिर की। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक हरि प्रसाद यादव ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संदीप कुमार सिंह का यह कदम बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करेगा। अक्सर ग्रामीण इलाकों में संसाधनों की कमी से बच्चे पीछे रह जाते हैं। इस मौके पर संदीप कुमार सिंह ने कहा, बेटे के जन्मदिन को खास बनाने का सबसे अच्छा तरीका यही लगा कि इन बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाई जाए। कार्यक्रम में अभिभावक, शिक्षक अनुप्रास गुप्ता, सुमन प्रजापति, ईसीसीई एजुकेटर तेजस्विनी सिंह ,आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री लाजो , मीना, बीडीओ संदीप सिंह के पिता मकदूम सिंह सहित गांव के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूक किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर संविलियन विद्यालय सदर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी हरि शंकर और खंड शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर मलेरिया जागरूकता रैली को रवाना किया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष गुप्ता के निर्देशन में आयोजित हुआ।

घ्कार्यक्रम के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2015 से 2025 के बीच भारत में मलेरिया के मामलों में 80 प्रतिशत और मृत्यु दर में 78 प्रतिशत की अभूतपूर्व कमी आई



है। वर्ष 2024 की डब्ल्यूएचओ रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों से बाहर आ चुका है। लखीमपुर खीरी जनपद में भी सकारात्मक सुधार देखा गया है, जहां 2024 में 614 केस थे, वहीं 2026 में अब तक केवल 07 केस ही सामने आए हैं।अधिकारियों ने जानकारी दी कि मलेरिया संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। मुख्य लक्षणों में तेज बुखार, कंपकंपी, पसीना आना और मांसपेशियों में दर्द शामिल है

# मारपीट व धमकी का आरोप पीड़ित की पुलिस से गुहार

**अमेठी ।** जनपद क्षेत्र के एक व्यक्ति ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को लिखित प्रार्थना पत्र देकर मारपीट, धमकी और उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

पीड़ित पक्ष के अनुसार, विवाद के दौरान कुछ लोगों द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद वह मानसिक रूप से परेशान है और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहा है। मामले को लेकर संबंधित थाना एवं पुलिस अधिक.ारियों से उचित कार्रवाई की अपील की गई है।पीड़ित ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल पुलिस प्रशासन द्वारा शिकायत प्राप्त होने के बाद मामले की जांच किए जाने की बात कही जा रही है।

### पिकअप ट्रक में घुसी, चालक की मौत

**प्रयागराज।** हंडिया-कोखराज हाईवे पर हुए सड़क हादसे में पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई। थरवई थाना क्षेत्र के सिंगरामऊ गांव के सामने तेज रफ्तार छोटा हाथी मैजिक आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। एनएचएआई कर्मी, एंबुलेंस और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद चालक को वाहन से बाहर निक.ाला, लेकिन तब तक चालक की मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान शुभम पाल निवासी भैरोपुर डोलची, डोरमा, जनपद कौशाम्बी के रूप में हुई है।

# यौन उत्पीड़न का आरोपी प्रोफेसर बर्खास्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** केन्द्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अधीन संचालित ईश्वर शरण महाविद्यालय में छात्र के यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रोफेसर को बर्खास्त कर दिया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप के नेतृत्व में विद्यार्थियों के कड़े आंदोलन के बाद कॉलेज प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। साथ ही पीड़ित पर दबाव बनाने वाले सहयोगी शिक्षकों को भी कोर्स कोआर्डिनेटर के पद से हटा दिया गया है।पीड़ित छात्र पिछले दो माह से न्याय के लिए संघर्ष कर रहा था और उसने पीएमओ व यूजीसी तक गुहार लगाई थी। अभाविप महानगर मंत्री प्रतीक मिश्र ने इसे सत्य की जीत बताते हुए कहा कि यह कार्रवाई शिक्षण संस्थानों में नैतिकता और छात्र सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है। कार्यकर्ताओं के रात भर चले विरोध प्रदर्शन के दबाव में प्रशासन को यह निर्णय लेना पड़ा। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज में पिछले तीन दिनों से जारी गतिरोध ने नया मोड़ ले लिया। जहां एक ओर प्रोफेसर पर लगे आरोपों को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहा था, वहीं अब बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रोफेसर के समर्थन में उतर आए हैं। समर्थन कर रहे गुट ने प्रोफेसर पर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए इसे शिक्षक की छवि धूमिल करने की सोची-समझी साजिश करार दिया। ऐसे में कॉलेज परिसर में आंदोलन के दो गुट नजर आए। समर्थक छात्रों ने मांग की कि शिक्षक को ससम्मान वापस लाया जाए। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर आनंद शंकर सिंह ने बताया कि प्रोफेसर पर कार्रवाई अनुशासन समिति का निर्णय है। हालांकि, छात्रों के विरा.ेध और पुनर्विचार की मांग को स्वीकार कर लिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले को सोमवार को पुनः समिति के समक्ष रखा जाएगा, जहां छात्रों के पक्ष की समीक्षा के बाद ही कोई अंतिम फैसला होगा। फिलहाल, कॉलेज प्रशासन ने छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बार के अध्यक्ष शुक्ला व महामंत्री बने जितेंद्र यादव

**लखनऊ।** बार एसोसिएशन के चुनाव के परिणाम घोषित होने पर 1255 मत पा कर अध्यक्ष बने जी एन शुक्ला और 1094 मत पा कर जितेंद्र यादव महामंत्री चुने गये। लखनऊ बार एसोसिएशन के चुनाव का परिणाम घोषित किया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर 2722 अध्यक्ष पद के लिए मत पड़े और अधिवक्ता जी एन शुक्ला चच्चू के पक्ष में 1255 मत पड़े जबकि बुक विजेता के रूप में 1136 मत पाकर अधिवक्ता सुरेश पांडे दूसरे स्थान पर रहे जबकि अध्यक्ष पद की उम्मीदवार राजेंद्र शर्मा एडवोकेट को 115 मत मिले एडवोकेट परशुराम मिश्रा को 98 मतों पर ही संतोष करना पड़ा।

लखनऊ बार एसोसिएशन के महामंत्री पद के लिए 2722 मत डाले गए जिसमें अधिवक्ता राजेंद्र यादव जीतू को 1094 मत मिले और वह विजई घोषित किए गए. लखनऊ बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए 2722 मत पड़े जिम अधिवक्ता मनीष श्रीवास्तव को 556 मत मिले और वह विजई घोषित किए गए दूसरे नंबर पर अधिवक्ता यज्ञमनी को 424 मत मिले और वह दूसरे स्थान पर रहे तीसरे स्थान पर अधिवक्ता कमल किशोर 369 व सौरभ को 357 मतों पर ही संतोष करना पड़ा।

# समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी ।** थाना खीरी पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला अधिकारी अंजनी कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डा ख्याति गर्ग की अध्यक्षता में किया गया।

जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा आए हुए लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा टीम बनाकर राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम बना कर शत प्रतिशत बिना किसी भेदभाव के फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण समय से करने हेतु निर्देशित किया गया, पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा पुलिस को निर्देश दिया गया कि



सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक समय से किया जाना चाहिए, जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारियों के द्वारा किया जाना है उन पर संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए समय से निस्तारण सुनिश्चित किया जाएए उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों के द्वारा अपने अपने सर्किल के थानों पर मौजूद रहकर शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया।

### पुतला फूंकने के दौरान झुलस गईं भाजपा विधायक

**बहराइच।** शहर के पानी टंकी चौराहे पर उस समय अफरातफरी का माहौल हो गया, जब महिला जन आक्रोश रैली में पुतला फूंकने के दौरान सदर विधायक झुलस गईं। उन्हें मेडिकल कॉलेज में ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि तीन डॉक्टरों की टीम उनके इलाज में जुटी है। जानकारी के अनुसार जनपद में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से संसद में महिला आरक्षण संशोधन बिल पास न होने के विरोध में महिला जनाक्रोश रैली निकाली गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी शामिल हुए।

# 11 एसआई समेत 29 पुलिस कर्मियों के तबादले

## राशिद डिडौली के अपराध निरीक्षक बने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एसपी लखन सिंह यादव ने शुक्रवार रात दो थानों के अपराध निरीक्षक व 11 दरोगा समेत 29 पुलिस कर्मियों के तबादले किए हैं। उन्होंने निरीक्षक जसवीर सिंह को मंडी धनौरा तथा राशिद अख्तर को डिडौली का अपराध निरीक्षक बनाया है। दरोगा धर्मेंद्र सिंह को सीसी टीम डिडौली का प्रभारी बनाया है। दरोगा नईम खां को न्यायालय सुरक्षा से डिडौली, सुभाष चंद को रजबपुर से न्यायालय सुरक्षा, आदेश पंचाल को बछरायूं का एसएसआई, रहरा टी प्वाइंट चौकी प्रभारी लोकेश कुमार को प्रभारी सीसी टीम बछरायूं, मंडी धनौरा में तैनात दारा सिंह को प्रभारी चौकी टी प्वाइंट बनाया है। दरोगा हरपत सिंह को एसएसआई मंडी धनौरा, रवि कुमार को अमरोहा देहात से शहर कोतवाली की भूड़ चौकी का प्रभारी, बलवान सिंह को शहर कोतवाली से नौगावां सादात की कुमखिया चौकी का प्रभारी बनाया है। दरोगा सतवीर सिंह को सैदनगली से प्रभारी चौकी कुमराला तथा दरोगा नितेंद्र वशिष्ठ को कुम. राला चौकी से नौगावां सादात थाने में तैनाती दी है। इसके अलावा महिला दरोगा मुन्नी राठी पुलिस लाइन से परिवार परामर्श केंद्र हसनपुर का प्रभारी बनाया है। वहीं, एसपी ने मुख्य आरक्षी व आरक्षियों का तबादला भी किया है।

# प्रभारी मंत्री ने परखा शिक्षा का स्तर

## कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। जनपद के प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हसनपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को बेहतर स्वास्थ्य की सौगात देते हुए ओपन जिम का लोकार्पण किया।

मंत्री ने छात्राओं के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछकर शैक्षिक स्तर को भी जांचा। जिसका छात्राओं ने आत्मविश्वास से उत्तर दिया। बालिक. ाओं ने श्पेड़ बचाओश नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों का मन मोह लिया। मंत्री ने स्वयं मिड-डे मील चखकर भोजन की गुणवत्ता की सराहना की। कक्षा 6, 7 और 10 की मेधावी छात्राओं (आकांक्षी, सपना, मोनिका आदि) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बच्चों के पोषण और शिक्षा के साथ कोई समझौता न किया जाए। इस अवसर पर सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, बीएसए डॉ. मो. निका और वार्डन सीमा सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मंत्री जी ने विद्यालय के सकारात्मक वातावरण और अनुशासन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इसके अलावा प्रभारी मंत्री ने हसनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी औचक निरीक्षण किया।

# धूप और गर्मी से लोग बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। वातावरण में गर्मी धीरे-धीरे उफान पर चढ़ रही है। गर्म हवा के साथ सूर्य की तपिश से हर कोई बेहाल हो गया है। सुबह 08 बजे से ही सूर्य की किरणें शरीर में चुभने लग रहीं हैं। घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। गर्मी से इंसान ही नहीं बल्कि पशु-पक्षी भी बेहाल दिखाई दे रहे हैं।

शनिवार को सुबह से ही गर्मी ने तेवर दिखाना शुरू कर दिए। दोपहर में धूप की तपन ने लोगों को बेहाल कर दिया उधर बिजली ने भी गर्मी में परेशान कर दिया। बिजली खूब आंख मिचोली कर रही है. शुक्रवार की रात बिजली ने कई बार ट्रिपिंग की, इस कारण पूरी रात लोगों को रात भर जागकर गुजारनी पड़ी। वहीं दुपहर में सड़कों व बाजारों में

■ **दिन में गर्मी के कारण बाजारों में भी पसरा सन्नाटा**

भी सन्नाटा दिखाई पड़ा। दोपहिया वाहनों से गंतव्य को निकले लोग पेड़ की छांव तलाश करते दिखाई पड़े। गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को मानों झुलसा ही दिया। गर्मी से बचाव के लिए लोग सर पर कपड़ा ओढ़ कर निकले। अभिभावक अपने बच्चों को घूप से बचाने के लिए छाता लगाकर ले गए। गर्मी की तपिश से बचने के लिए जूस की दुकानों पर भीड़ नजर आई। गन्ने का जूस, आम का पना, बेल का जूस और लस्सी की खूब बिक्री हुयी। अधिकतम तापमान रोजाना बढ़ता ही जा रहा है। शनिवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार रहा।

# हैप्पी क्लासरूम विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आरके पब्लिक स्कूल मेंशिक्षकों के लिए उत्कृष्टता केंद्र द्वारा 'हैप्पी क्लासरूम' विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को सकारात्मक, आनंदमय एवं तनावमुक्त शिक्षण वातावरण तैयार करने के लिए प्रशिक्षित करना रहा। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन डॉ. राहुल चावला एवं डॉ. वागमिका त्यागी ने अपने अनुभव और विशेषज्ञता के माध्यम से शिक्षकों को प्रभावी कक्षा प्रबंधन, विद्यार्थियों के साथ भावनात्मक जुड़ाव तथा शिक्षण प्रक्रिया को रोचक बनाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक खुशहाल कक्षा वातावरण न केवल विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता को बढ़ाता है, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य और समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 60 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विभिन्न गतिविधियों, समूह चर्चाओं और प्रायोगिक सत्रों में सक्रिय सहभागिता करते हुए विषय को गहराई से समझा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शिक्षा सरदाना ने दोनों विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया तथा सभी प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने-अपने विद्यालयों में लागू करने के लिए प्रेरित किया।

# पांच ओवरलोड वाहनों को किया सीज

## परिवहन विभाग ने चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। परिवहन विभाग ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। जिलाधिकारी नितिन गौड़ के निर्देश पर च लाए गए इस अभियान में पांच वाहनों को सीज किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन महेश शर्मा के नेतृत्व में यह विशेष चेकिंग अभियान शनिवार सुबह नेशनल हाईवे, गजरौला हसनपुर मार्ग और गजरौला धनौरा मार्ग पर चलाया गया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की गई। एआरटीओ प्रवर्तन महेश शर्मा के मुताबिक 53 वाहनों को रोककर धर्म काटे पर उन्हें तुलवाया गया। वाहन के लिए आर.सी में स्वीकृत भार से अधिक भार मिलने पर 05 वाहनों को सीज किया गया। इन ओवरलोड वाहनों को गजरौला थाना, रजबपुर थाना और रोडवेज बस स्टैंड गजरौला पर खड़ा कराया गया है। इसके अतिरिक्त परमिट समाप्त होने और सड़क सुरक्षा के नियमों के उल्लंघन करने वाले 26 चालकों के भी चालान काटे गए। बताया कि ओवरलोडिंग सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे। एआरटीओ प्रवर्तन ने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष को घर में नजरबंद किया



## नारी वंदनमार्च निकालने की घोषणा की थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। नारी वंदन मार्च निकालने से पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष को पुलिस द्वारा उनके घर पर नजर. बंद कर दिया गया। जिला अध्यक्ष ओंकार कटारिया ने गिरफ्तारी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह कार्रवाई उनके मौलिक और संवैधानिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पत्नी जशोदा बेन को उनका हक और सम्मान दिलाने की मांग उठा रही है, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर सवाल उठने से बचना चाहती है। इस दौरान श्री कटारिया ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप मुझे आज फिर से पुलिस द्वारा घर में ही नजरबंद किया गया। प्रशासन द्वारा मुझे बार-बार गिरफ्तार कर मेरे मौलिक अधिकारों और संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की धर्मपत्नी श्रीमती जसोदा बेन जी के हक और सम्मान के लिए कांग्रेस द्वारा शहर में गांधी मूर्ति से अंबेडकर पार्क तक निकाले जाने वाले नारी वंदन मार्च का नेतृत्व करना था। परन्तु इससे पूर्व ही पुलिस द्वारा उन्हें नजरबंद कर दिया गया।

## मलेरिया दिवस पर सीएचसी में शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धनौरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने क्षेत्र को मलेरिया मुक्त बनाए रखने और जन-जागरूकता फैलाने की शपथ ली। कार्यक्रम में आरओ अमित यादव ने बताया कि विभाग की सक्रियता और आम लोगों के सहयोग से पिछले दो वर्षों में धनौरा क्षेत्र में मलेरिया का एक भी पुष्ट मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए आगे भी सतर्कता बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. सीमा, डॉ. परवेज, डॉ. शिरीन, डॉ. अनामिका चौधरी, डॉ. कुलदीप शर्मा, शैली यादव, विनोद कुमार, अभिषेक वर्मा, संदीप सैनी, सोनम रस्तोगी, अमित कुमार, मनवीर सिंह, मोहित कुमार, सरोज, अनीता, सोनिका चौधरी, रविशंकर, प्रशांत कुमार, आशू सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिला सुरक्षा व सम्मान में निकाली पदयात्रा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध और राजनीतिक उपेक्षा के खिलाफ समाज की चेतना जगाने के उद्देश्य से श्जन आक्रोश महिला पदयात्राश का भव्य आयोजन किया गया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण और अपने अधिकारों के प्रति आवाज बुलंद की।

पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज को जागरूक करने के साथ-साथ महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर हो रही राजनीतिक अनदेखी के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त करना था। यात्रा के दौरान महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर लगाम लगाने में विफल रहने पर विपक्ष की नीतियों की कड़ी आलोचना की गई। सुरक्षा और सम्मान का संकल्प कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि नारी का सम्मान सर्वोपरि है। घ्महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार और संगठन पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। विधायक ने भविष्य में भी नारी न्याय के लिए निरंतर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। यह पदयात्रा नारी शक्ति के एकजुट होने और समाज में बदलाव लाने के एक मजबूत संदेश के साथ संपन्न हुई। यह रैली ब्लॉक सभागार से शुरू होकर अंबेडकर चौक तक निकाली गई। इस दौरान बाबा साहब की प्रतिमा को नमन किया गया।

## किसानों का भूसा व ईंधन जला

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। ब्लॉक क्षेत्र के गांव हाजीपुर तरारा में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन से निकली चिंगारी से नीचे रखे भूसे के ढेर और उपलों के बिटोरों में भीषण आग लग गई। अग्निकांड में 25 से अधिक ग्रामीणों का पशु आहार और ईंधन जलकर राख हो गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों की मेहनत की कमाई राख के ढेर में बदल गई। आग इतनी भीषण थी कि उस पर काबू पाने में दमकल कर्मियों और ग्रामीणों को करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस अग्निकांड में गांव निवासी प्रकाश, वीरसिंह, संतराम, नागेन्द्र, सोमपाल, ऊदल, हेमराज, नन्हें, सोहन, सुरेंद्र, नरेश, छत्तरपाल और प्रेमसिंह समेत लगभग 25 से अधिक लोगों के भूसे के ढेर और बिटोरे पूरी तरह जलकर खाक हो गये । ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पाकर दमकल की गाड़ियां और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। हालांकि, जब तक आग बुझ गई थी। लेकिन तब तक ग्रामीणों का पशु आहार (भूसा) ओर ईंधन पूरी तरह नष्ट हो चुका था।

# तरक्की के लिए शिक्षा बेहद जरूरीः साबरी



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के हसनपुर रोड पर स्थित अल-आसिम एजुकेशनल एकेडमी में हाईस्कूल की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने व वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शनिवार को आयोजित

■ **अल-आसिम एजुकेशनल एकेडमी में समारोह आयोजित**

कार्यक्रम में प्रबंधक आसिम हुसैन साबरी ने कहा कि शिक्षा से ही तरक्की मिल सकती है, इसीलिए विद्यालय में योग्य शिक्षक और शिक्षिकाओं के माध्यम से अध्यापन कराया जा रहा है, ताकि बच्चों को नई शिक्षा नीति के सभी पाठ्यक्रम को भली प्रकार पढ़ाया जा सके। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे पूरी मेहनत के साथ पढ़ाई करें। आज का वर्तमान युग बहुत ही कंपीटिशन का है, इसीलिए हर विषय पर अपनी पकड़ बनाकर चलें। इस दौरान उन्होंने हाई स्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सहित स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## रंजिश में युवक पर चाकू से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। पुरानी रंजिश के चलते युवक के कान पर चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना कोतवाली डिडौली क्षेत्र के गांव चोरधरपुर की शाम की है चौधरपुर निवासी इरफान की बहन की शादी समारोह चौधरपुर स्थित बैंक्विट हॉल में चल रहा था। मोहम्मद सादिक पुत्र इकबाल निवासी सहसपुर अलीनगर थाना डिडौली जनपद अमरोहा खाना खाकर बैंक्विट हॉल के बाहर खड़ा था तभी पुरानी रंजिश के चलते असमोली थाना क्षेत्र के गांव राजा का गालमपुर निवासी शोएब पुत्र बाबू ने सादिक के कान पर चाकू से हमला कर दिया जिससे सादिक गंभीर रूप से घायल हो गया। शोएब के भाई फिरोज शाहने आलम अल्तमश आदि ने भी गाली गलौज व मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है।

# मन्दिर में शादी कर थाने पहुंचा प्रेमी युगल युवक

## परिजनों से बताया जान को खतरा, मांगी सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली कोतवाली क्षेत्र में एक प्रेमी युगल द्वारा मंदिर में शादी करने के बाद थाने पहुंचने का मामला सामने आया है। दोनों ने पुलिस को बताया कि वे बालिग हैं और उन्हें अपने परिजनों से जान का खतरा है, जिसके चलते उन्होंने सुरक्षा की मांग की।

जानकारी के अनुसार, युवक और युवती अलग-अलग गांव के निवासी हैं और पिछले करीब दो वर्षों से एक-दूसरे के संपर्क में थे। स्कूल में पढ़ाई के दौरान दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हुआ, जो समय के साथ गहरा हो गया। हाल ही में दोनों ने मंदिर में विवाह कर लिया और सीधे थाने पहुंचकर पुलिस को इसकी जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने युवती के परिजनों को थाने बुलाया। इस दौरान युवती अपने प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही, जिससे थाने में काफी देर तक समझाइश का दौर चला। पुलिस और परिजनों के समझाने पर आखिरकार सहमति बनी कि तीन महीने बाद दोनों की विधिवत शादी कर दी जाएगी। परिजनों की इस रजामंदी के बाद युवती मान गई और अपने परिवार के साथ घर लौट गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की हिदायत देते हुए मामले को शांतिपूर्वक निपटा दिया।

# चुनाव में देरी पर प्रधानों को ही बनाया जाए प्रशासक

## फौलादपुर की प्रधान मनु बनीं प्रदेश अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भदोही में आयोजित हुई। बैठक में पंचायत चुनाव, गांवों के विकास कार्य और संगठन को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही चुनाव में देरी की स्थिति को लेकर चिंता जताई गई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अगर पंचायत चुनाव समय पर नहीं हुए तो गांवों में चल रहे विकास कार्य प्रभावित हो जाएंगे। ऐसे में सरकार को व्यवस्था बनानी चाहिए कि चुनाव में देरी होने पर मौजूदा ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक बना दिया जाए, ताकि कामकाज रुके नहीं। इस प्रस्ताव को बैठक में सर्वसम्मति से पास किया गया। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार पर भी चर्चा हुई। अमरोहा जनपद के ब्लॉक धनौरा के गांव फौलादपुर की प्रधान मनु यादव को उनकी सक्रियता को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। मुख्य अतिथि अनिरुद्ध त्रिपाठी ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक चंद्र अवस्थी ने मनोनयन पत्र देकर शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मनु यादव ने कहा कि वह प्रधानों के अधिकारों की रक्षा के लिए काम करेंगी और गांवों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास करेंगी। बैठक में मौजूद प्रधानों ने संगठन को मजबूत बनाने और एकजुट रहकर काम करने का संकल्प लिया।

# शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शनिवार को जिलेभर के थानों में आयोजित थाना समाधान दिवस में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों संग थाना प्रभारियों ने भी शिकायतों को सुना।

थाना अमरोहा नगर में डीएम नितिन गौड़ व एसपी लखन सिंह यादव पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने अधीनस्थों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि फरियादियों की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए। किसी भी फरियादी को बार-बार दौड़ाया न जाए। जमीनी विवादों की शिकायतों का पंजीकरण कर राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित करें। एसपी ने कहा कि थानों में महिलाओं से संबंधित जो भी शिकायतें आती हैं, उन्हें प्राथमिकता पूर्वक सुना जाए और उन्हें उचित न्याय दिलाया जाए, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस दौरान संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा थाना डिडौली, रजबपुर, हसनपुर, रहरा, सैदनगली, आदमपुर, गजरौला, मंड़ी धनौरा, बछरायूं में भी पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने शिकायतों को सुना तथा अधीनस्थों को उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

# बागपत में वृद्धाश्रम की स्थापना की मांग, सांसदने की केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार सांगवान ने नई दिल्ली में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डा.वीरेन्द्र सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जनपद बागपत में जरूरतमंद और असहाय वृद्धजनों के लिए वृद्धाश्रम की स्थापना कराने की मांग रखी।

सांसद सांगवान ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं और विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाएं समाज के कमजोर वर्ग को मजबूती देने का काम कर रही हैं। उन्होंने मंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ देशभर में लाखों बुजुर्गों तक पहुंच रहा है। इसी क्रम में उन्होंने बागपत जनपद की जमीनी स्थिति का जिक्र करते हुए बताया कि यहां बड़ी संख्या में ऐसे वृद्धजन हैं, जो पारिवारिक उपेक्षा और सामाजिक असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। कई बुजुर्ग ऐसे हैं जिन्हें परिवार ने सहारा नहीं दिया, जिसके कारण वे अकेलेपन और आर्थिक तंगी में जीवन गुजारने को मजबूर हैं। उनके पास न तो स्थायी आवास है और न ही नियमित देखभाल की व्यवस्था। सांसद ने कहा कि बदलते सामाजिक परिवेश में संयुद्ध परिवार व्यवस्था कमजोर हुई है, जिसका सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों पर पड़ा है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वह इन वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि बागपत में एक आधुनिक सुविधाओं से युक्त वृद्धाश्रम की स्थापना कराई जाए, जहां बुजुर्गों को रहने, भोजन, चिकित्सा और देखभाल जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकें। इससे न केवल असहाय वृद्धजनों को सहारा मिलेगा, बल्कि समाज में उनके प्रति सम्मान की भावना भी मजबूत होगी। सांसद सांगवान ने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इस मांग को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही सकारात्मक निर्णय लेगी, जिससे बागपत के जरूरतमंद बुजुर्गों को राहत मिल सके और उनका जीवन सुरक्षित व सम्मानजनक बन सके।

## मारपीट व जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। पुलिस ने मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में वांछित आरोपी फैजान पुत्र यासीन निवासी मौ. चामुंडा (शेरपुर चुंगी) को गिरफ्तार कर लिया। घटना में विवेक और विपुल गंभीर रूप से घायल हुए थे। प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को दबोचा। पूछताछ में उसने साथियों के साथ मिलकर हमला करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

# महिलाओं का विकास केंद्र का लक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (आ.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री डा. रामदास आठवले आज लखनऊ के एक दिवसीय प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने केसरबाग स्थित गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित महिला कार्यकर्ता सम्मेलन एवं पीडब्लूडी स्थित विश्वेश्वरैया हाल में आयोजित पदाधिकारी सम्मेलन एवं चुनाव प्रबंधन कार्यशालाश में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

गांधी प्रेक्षागृह में महिलाओं की विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए डा. रामदास आठवले ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने विभिन्न



सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री डा. रामदास आठवले

जन-कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए महिलाओं को जागरूक किया और बताया कि किस प्रकार इन योजनाओं का लाभ उठाकर वे अपने जीवन स्तर को बेहतर और आत्मनिर्भर बना सकती हैं। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय सिन्हा ने महिलाओं के प्रति पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि आरपीआई का प्रत्येक कार्यकर्ता सरकारी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़ी महिला तक पहुंचाने का कार्य करेगा। प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए संविधान की शक्ति और मता. धिकार के महत्व पर प्रकाश डाला।

घ्महिला प्रकोष्ठ की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष रूचि शुक्ला, सरोज पांडे, रीना राजपूत और टुकुल विश्वास सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता एवं पदाधिक. ारी उपस्थित रहीं। सम्मेलन के माध्यम से पार्टी ने आगामी चुनावों के लिए अपनी चुनावी तैयारियों और संगठन की मजबूती का शंखनाद किया।

# सरकारी स्कूलों पर चोरों का धावा

■ **ताले तोड़कर सिलेंडर, बैटरियां और इनवर्टर समेत हजारों का सामान पार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला दो सरकारी स्कूलों का है, जहां चोरों ने रात के अंधेरे में धावा बोलकर कमरों के ताले तोड़ दिए और हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। घटना से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, चोरों ने ढकिया और जवाहरपुर गांव स्थित सरकारी स्कूलों को निशाना बनाया। ढकिया के स्कूल में घुसकर चोरों ने दो गैस सिलेंडर, दो बैटरियां, दो इनवर्टर, चार कट्टे लाही, करीब पांच किलो सरसों का तेल, मसाले और एक कीबोर्ड चोरी कर लिया। वहीं जवाहरपुर के स्कूल से एक



गैस सिलेंडर, एक बैटरी और एक इनवर्टर चुरा ले गए। सुबह जब स्कूल स्टाफ मौके पर पहुंचा तो कमरों के टूटे ताले और बिखरा सामान देखकर घटना की जानकारी हुई। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों और स्कूल प्रशासन में डर का माहौल है। लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की मांग की है।

# 'जल अर्पण' कार्यक्रम का शुभारंभ

**जल संरक्षण के लिए लोगों को किया जागरूक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र में 'जल अर्पण' कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए हर घर जल योजना को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने स्कूली बच्चों और ग्रामीणों से जल का सदुपयोग करने और इसे व्यर्थ न बहाने की अपील की।

ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार ने ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि शुद्ध पेयजल की उपलब्धता और इज्जत घर के निर्माण से क्षेत्र में बीमारियों में कमी आई है। उन्होंने लोगों से स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया।अधिशासी अभियंता कुमकुम गंगवार ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई और जल बचाने के महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के अंतर्गत आईएसए टीम के राम सिंह पाल एवं संदीप शर्मा ने स्कूली बच्चों के साथ पूरे गांव में प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान "जल बचाओ, जीवन बचाओ" और "जल ही जीवन है" जैसे नारों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इसके अलावा जल सखी बहनों ने टंकी प्रांगण में सुंदर रंगोली बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि द्वारा पंप ऑपरेटर एवं जल सखी समूह की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

# शिल्प प्रदर्शन व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**मीरगंज।** राजेन्द्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में नवीन शिक्षा नीति 2020 के तहत विकास आयुक्त, हस्तशिल्प सेवा केंद्र बरेली के तत्वावधान में बी.एड. विभाग द्वारा शिल्प प्रदर्शन सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह, उप-प्राचार्य प्रो. विष्ट, बी.एड. विभाग प्रभारी डॉ. रमा जैन तथा विकास आयुक्त बरेली के प्रतिनिधि पुलकित जैन ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर बी.एड. प्रशिक्षुओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक निदेशक हस्तशिल्प पुलकित जैन ने छात्र-छात्राओं को भारत सरकार की महत्वपूर्ण हस्तशिल्प योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा शिल्पकारों को ब्याज रहित एवं सब्सिडी युक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके लिए नि:शुल्क पंजीकरण कार्ड अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि सरकार ने 455 प्रकार के उत्पादों की सूची जारी की है, जिन्हें बनाकर शिल्पकार ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से बेच सकते हैं। साथ ही अन्य जनपदों में उत्पाद बिक्री के लिए परिवहन में भी रियायत दी जाती है। यह योजना 'आत्मनिर्भर भारत' के उद्देश्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसके बाद राज्य पुरस्कार प्राप्त शिल्पकारों फारुख अहमद, कुमारी मंजू, वंदना राठौर एवं जुबेर अख्तर ने अपने-अपने हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित छात्र-छात्राओं ने सराहा।कार्यक्रम के अंत में बी.एड. विभाग प्रभारी डॉ. रमा जैन ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आदित्य कुमार मल सीटीओ, प्रदीप सिंह, कौशल कुमार, नवीन कुमार, मधुरेश भ्रमर, डॉ. महिपाल सिंह, विकास पाण्डेय, डॉ. रागिनी मिश्रा, दीप्ति मिश्रा, फूल सबा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अभिषेक च्यवन ने किया।

# बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शनिवार को पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी ओमपाल द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत साप्ताहिक बाजार के सामने, हीरो बाइक एजेंसी के पास स्थित अपने आवास पर बार एसोसिएशन मीरगंज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक उपाध्याय एडवोकेट को शाल ओढ़ाकर व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही महासचिव हरीश लाखा, उपाध्यक्ष धर्मवीर, अरविन्द प्रथम, सह सचिव प्रेमपाल मौर्य, राजवीर सिंह, कोषाध्यक्ष मोर सिंह, ऑडिटर अरविन्द द्वितीय सहित वरिष्ठ अधिवक्ताओं-हरपाल सिंह,



ओमपाल शर्मा, कुंवर सेन यदुवंशी, रामवीर सिंह, सतीश चंद्र, मुराद बेग, रईस अहमद, नसीमुल खान, देवेश शर्मा, इरशाद अंसारी, महनाज अंसारी, इरशाद सैफी, रामबहादुर, संजीव कुमार, अरुण गंगवार, अवनीश गंगवार, राजपाल सिंह, अभय गंगवार आदि को भी शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा जलपान कराया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक उपाध्याय ने कहा कि बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को लेकर जनता में खुशी का माहौल है। यह सम्मान जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए हर समय उपलब्ध रहेंगे और समाजहित में कार्य करते रहेंगे।कार्यक्रम के अंत में ओमपाल ने सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# डांडी अभयचंद के पास सड़क किनारे मिला युवक का शव

■ **शादी से लौटते समय हादसा, दोस्त की हालत गंभीर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के डांडी अभयचंद के पास शनिवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां सड़क किनारे एक बाइक सवार युवक का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

मृतक की पहचान ग्राम नौगवां गुरभोज निवासी 35 वर्षीय विशाल कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विशाल कुमार ऊधम सिंह नगर में परिवार के साथ रहकर काम करता था। वह बीती रात बहेड़ी के ग्राम जोखनपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था, और देर रात अपने दोस्त रवि के साथ वापस लौट रहा था। प्राथमिक



आशंका है कि किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे विशाल कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में उसका दोस्त रवि गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। युवक की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पैगा रिछा का लगातार तीसरे वर्ष शत-प्रतिशत परिणाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** शिक्षिकाओं की मेहनत और छात्राओं की लगन का परिणाम एक बार फिर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पैगा रिछा में देखने को मिला, जहां यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में लगातार तीसरे वर्ष शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया गया। इस शानदार उपलब्धि पर कॉलेज में मेधावी छात्राओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

प्रधानाचार्या नैन्सी गुप्ता ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा में छात्रा जौहरा फातिमा ने प्रथम स्थान, इफरा बी ने द्वितीय और सोनी बी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में राहेबी ने प्रथम, राजदा बी ने द्वितीय और शीबा बी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

प्रधानाचार्या ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता शिक्षकों की कड़ी मेहनत और छात्राओं के समर्पण का परिणाम है। इस उपलब्धि पर कॉलेज के समस्त स्टाफ को भी शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर शिक्षिका निशा कश्यप, शिवांगी सिंह, नीलम प्रताप सिंह, साइन जहां सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# होमगार्ड परीक्षा पर डीएम की सख्ती केंद्रों का निरीक्षण कर दिए कड़े निर्देश

**19 केंद्रों पर दो पालियों में चल रही परीक्षा, सीसीटीवी व कंट्रोल रूम से कड़ी निगरानी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित होमगार्ड इनरोलमेंट परीक्षा को शुचितापूर्ण और सकुशल सम्पन्न कराने के लिए डीएम अविनाश सिंह पूरी तरह सक्रिय नजर आए। शनिवार को उन्होंने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि परीक्षा हर हाल में शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन कराई जाए।

जनपद बरेली में यह परीक्षा 25, 26 और 27 अप्रैल को कुल 19 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की जा रही है। डीएम ने प्रथम पाली के दौरान पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज और तिलक इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित होती पाई गई। डीएम ने परीक्षा कक्षों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी व्यवस्था को भी परखा। सभी कैमरे सुचारु रूप से संचालित पाए गए, जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा से संबंधित सभी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, और किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षार्थियों को निष्पक्ष और पारदर्शी वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (नगर) सौरभ दुबे, पुलिस अधीक्षक यातायात मो. अकमल खान सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।


# दो दिवसीय सालाना उर्स ख्वाजा गरीब नवाज महफिले शमा के साथ शुरू

**नवाबगंज।** पांचवां सालाना उर्स ख्वाजा गरीब नवाज कस्बे में शुरू हो गया। आज कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन होगा। हर साल की तरह इस साल भी कस्बे में हजरत ख्वाजा गरीब नवाज का सालाना उर्स नगर के सरताज शादी हाल में आयोजित किया गया है। उर्स की शुरुआत फातेहा ख्वानी और महफिले शमा के साथ हुई। जनपद पीलीभीत की धुंधरी शरीफ स्थित दरगाह हसनी मकसूदी जहांगीरी के सज्जादा नशीन सूफी शाकिर हुसैन शाह मियां की जेरे सरपरस्ती में आयोजित होने वाले इस उर्स का आज 10.30 बजे कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन होगा। उक्त जानकारी सूफी तारिक मियां ने दी है।



# कैफे से पर्स उठाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ शातिर, पुलिस को दी तहरीर

**नवाबगंज।** कस्बे के एक कैफे में किसी काम से आए एक युवक ने अपना पर्स निकालकर काउंटर पर रख दिया, जिसे वहां पहुंचे एक शातिर ने उठाकर अपनी जेब में रख लिया। उसकी यह करतूत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शुक्रवार यानि 24 अप्रैल से क्षेत्र के गांव जवेदा जवेदी का कुलदीप कस्बे के बाईपास स्थित धर्मपाल गुप्ता के कैफे पर किसी काम से आया था। कुलदीप के मुता. बिक उसने अपना पर्स जेब से निकाल. कर काउंटर पर रख दिया और फिर उसे वहीं छोड़कर बाहर निकल आया। कुछ समय बाद जब कुलदीप को अपने पर्स की याद आई तो वह दौड़ा दौड़ा धर्मपाल के कैफे पर पहुंचा, और इधर उधर अपना पर्स ढूंढा लेकिन उसे पर्स नहीं मिल सका। उसने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा जिसमें एक युवक उसका पर्स उठाते हुए अपनी जेब में रखते हुए नजर आ रहा है। कुलदीप ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।



# खुसूसी दुआ के साथ उर्स-ए-ताजुश्शरिया का समापन, देश-विदेश से आए जायरीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सुन्नी बरेलवी मुसलमानों के अजीम रहनुमा ताजुश्शरिया हजरत मुफ्ती मोहम्मद अख्तर रजा खां (अजहरी मियां) का आठवां दो रोजा उर्स, दरगाह ताजुश्शरिया के सज्जादानशीन काजी-ए-हिन्दुस्तान मुफ्ती मोहम्मद असजद रजा खां कादरी (असजद मियां) की सरपरस्ती में खुसूसी दुआ के साथ सम्पन्न हो गया। उर्स की तमाम रस्में जमात रजा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उर्स प्रभारी सलमान मियां की सदारत और राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां की निगरानी में अदा की गईं।

दरगाह ताजुश्शरिया पर फजर की नमाज के बाद कुरानखानी और नात-ओ-मनकबत की महफिल सजी, जबकि सुबह 7:10 बजे मुफस्सिर-ए-आजम हिंद जिलानी मियां के कुल की रस्म अदा की गई। दिनभर दरगाह आला हजरत और दरगाह ताजुश्शरिया पर देश-विदेश से आए जायरीनों की भारी भीड़ उमड़ी और उलमा-ए-इकराम ने शिरकत की। मुख्य कार्यक्रम मदरसा जामियातुर रजा में नमाज-ए-जोहर के बाद शुरू हुआ, जहां कारी रिजवान ने तिलावत-ए-कुरआन से आगाज किया और मौलाना गुलजार रजवी ने निजामत की। इस दौरान असद इकबाल (कोलकाता) और रफीक रजा कादरी (मुंबई) ने नात-ओ-मनकबत पेश कर महफिल को रूहानी बना दिया। मुफ्ती शाहजाद आलम मिस्बाही ने अपने बयान में कहा कि ताजुश्शरिया ने पूरी जिन्दगी दीन और मसलक की खिदमत में गुजारी और इल्म की शमा रोशन की। उन्होंने मुसलमानों से अपील की कि वे अपने बच्चों को दीनी और दुनियावी तालीम जरूर दिलाएं, खासकर बच्चियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और उन्हें मोबाइल से दूर रखें ताकि उनका बेहतर भविष्य बन सके। वहीं मुफ्ती जाहिद रजा ने कहा कि ताजुश्शरिया आशिक-ए-रसूल और शरीयत के सच्चे पैरोकार थे, जिन्होंने सौ से अधिक किताबें लिखीं, लाखों फतवे जारी किए और आला हजरत के मिशन को दुनिया भर में पहुंचाया। शाम 7:14 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की गई, जिसमें कघजी-ए-हिन्दुस्तान मुफ्ती असजद मियां ने देश में अमन-ओ-अमान और फिलिस्तीन के मुसलमानों की हिफाजत के लिए खुसूसी दुआ की। इसी के साथ दो रोजा उर्स का समापन हो गया। उर्स-ए-ताजुश्शरिया सिर्फ बरेली तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दरगाह आला हजरत, दरगाह शाहदाना वाली, दरगाह नसीर मियां समेत देश-विदेश की दरगाहों, मस्जिदों, दुकानों और घरों में भी अकीदत के साथ मनाया गया और नियाज-ओ-नजर पेश की गई। जमात रजा के आईटी सेल प्रभारी अतीक अहमद के अनुसार, जो जायरीन बरेली शरीफ नहीं पहुंच सके, उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से उर्स में शिरकत की। 24 और 25 अप्रैल को मिक्सर और यूट्यूब के जरिए लाइव प्रसारण दुनिया भर में देखा और सुना गया।

उर्स को सफल बनाने में जमात रजा-ए-मुस्तफा की विभिन्न ब्रांचों के वालंटियर्स ने अहम भूमिका निभाई, जिन्होंने दो दिनों तक जायरीनों के लिए लंगर, पानी, शरबत, चाय, ट्रैफिक और अन्य व्यवस्थाओं को संभाला। उर्स की व्यवस्थाओं में नगर पंचायत देवर. नियां की पूर्व चेयरमैन शिप्रा यादव के पति हाफिज इकराम रजा खान, डॉ. मेहंदी हसन, शमीम अहमद, समरान खान, कौसर अली, यासीन खान, मोईन खान, सय्यद अजीम. द्दीन अजहरी, अब्दुल्ला रजा खान, मौलाना आबिद नूरी, नदीम सुब्हानी, नावेद आलम, गुलाम हुसैन, रेहान अली, बख्तियार खान, सैफ रजा खान कादरी, जुनैद रजा, शाइबउद्दीन रजवी, एडवोकेट राशिद खान, अली रजा, फैजान अहमद, अमन रजा, रहबर रजा खान, शाहबाज खान सहित अनेक लोगों का सराहनीय सहयोग रहा।

## घर में घुसकर युवती से किया दुष्कर्म

**शीशगढ़।** विधवा महिला की गैरमौजूदगी में पड़ोसी युवक ने रात्रि में घर में घुसकर शादी का झाँसा देकर युवती से दुष्कर्म की बारदात को अंजाम दे डाला। र परिजनों ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़कर डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# पूर्व मंत्री अताउर्रहमान अस्पताल में भर्ती, सपा प्रदेश अध्यक्ष ने जाना हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व मंत्री, बहेड़ी विधायक अताउर्रहमान पिछले कई दिनों से कमर दर्द की समस्या के चलते बरेली के नवोदय अस्पताल में भर्ती हैं। यहां उनका इलाज मशहूर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद नाजिर हुसैन की देखरेख में चल रहा है।

इसकी जानकारी मिलते ही समा. जवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल शनिवार को दोपहर



करीब 2 बजे नवोदय अस्पताल पहुंचे, और अताउर्रहमान का हाल-चाल जाना। उन्होंने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अस्पताल के डायरेक्टर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद नाजिर हुसैन ने बताया कि पूर्व मंत्री की हालत अब स्थिर है और वे पूरी तरह स्वस्थ हैं, लेकिन उन्हें अभी आराम की जरूरत है। वहीं, अताउर्रहमान के भर्ती होने की खबर के बाद बरेली और आसपास के क्षेत्रों से पार्टी नेताओं और समर्थकों का अस्पताल पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। देर रात से ही नेताओं और कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा। अस्पताल पहुंचने वालों में प्रमुख रूप से नव नियुक्त जिला अध्यक्ष शुभलेश यादव, महानगर अध्यक्ष समीम खान सुल्तानी, भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम, पूर्व विधायक सुल्तान बेग, शिवचरण कश्यप, अगम मौर्य, महिला सभा जिला अध्यक्ष स्मिता यादव, दीपक शर्मा, नासिर रजा खां, वफाउर्रहमान, हर स्वरूप मौर्य, प्रधान रफीक मंसूरी, खालिद बाबूजी, रईस अब्बासी हाशिम अली, रविंद्र यादव, अहमद खान टीटू, तारिक लिटिल, इमरान खान उर्फ चंदन, नैनसिंह गंगवार, बालमुकुंद गंगवार, सलीम अंसारी, मोहम्मद फैजान, बीएल वर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मीरगंज।** शाही कस्बे में शनिवार सुबह करीब छह बजे उस समय सनसनी फैल गई, जब साप्ताहिक बाजार में एक आम के पेड़ से युवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला।

युवक के पैर घुटनों से मुड़े हुए थे और जमीन को छू रहे थे, जिससे मौके पर मौजूद लोगों के बीच घटना को लेकर संदेह गहराने लगा। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते बड़ी संख्या में कस्बे व आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। लोगों के बीच चर्चा थी कि जब घुटने जमीन से टिके हुए थे, तो यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या का मामला हो सकता है।मृतक के पिता रामदास मौर्य ने रोते-बिलखते आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया है। हालांकि उन्होंने किसी से भी पुरानी दुश्मनी होने से इंकार किया है। एक रिश्तेदार के अनुसार शुक्रवार रात डीजे पर डांस के दौरान किसी व्यक्ति से कहासुनी भी हुई थी। मृतक देवेंद्र मौर्य (24) पुत्र रामदास मौर्य, मोहल्ला सुभाषनगर का निवासी था। शुक्रवार शाम उसका तिलक समारोह हुआ था और शनिवार को उसकी बारात जानी थी। घर में शादी का माहौल था और रिश्तेदारों की भीड़ जुटी हुई थी। देर रात तक डीजे पर नाच-गाना चलता रहा। परिजनों के मुताबिक रात करीब डेढ़ बजे तक कार्यक्रम चला, लेकिन युवक कब और कैसे घर से निकला, इसकी जानकारी किसी को नहीं है।परिजनों को शव मिलने की सूचना उस समय मिली, जब घर में महिलाएं ढोलक पर गीत गा रही थीं। खुशी का माहौल पल भर में मातम में बदल गया। देवेंद्र दो भाइयों में छोटा था और परिवार का सहारा था। जहां शव मिला, वहां से करीब 30 मीटर की दूरी पर उसकी परचून की दुकान भी है। जिस लड़की से उसकी शादी होनी थी, उसकी बहन की शादी भी उसी दिन तय थी।

# बिना परमिशन लगाई डॉक्टर अंबेडकर की मूर्ति को पुलिस ने हटवा कर मामला किया शांत



**कांठ (शाह टाइम्स)।** परिवर्तन पार्क में बिना अनुमति के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाई जाने की सूचना पर प्रशासन में हड़कंप मच गया पुलिस मौके पर पहुंची और मूर्ति को हटवा कर पड़ोसी के घर में रखवा दिया घटना रात किसी वक्त की है।

मुजफ्फरपुर टांडा गांव में परिवर्तन पार्क बना हुआ है जहां पर रात कुछ लोगों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को स्थापित कर दिया इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और मूर्ति को वहां से हटवा कर पड़ोसी के रखवा दिया।ष्ठ पुलिस का कहना था कि बिना अनुमति लिए इस तरह के कार्य करने वालों को सोचना होगा अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मूर्ति हटाने की सूचना मिली तो गांव के महिला पुरुष इकट्ठे हो गए और उन्होंने पुलिस से नाराजगी जाहिर की लेकिन पुलिस ने समझाकर लोगों को शांत कर दिया अब गांव के लोग मूर्ति हटवाने का जिम्मेदार ग्राम प्रधान को ठहरा रहे हैं हालांकि ग्राम प्रधान का कहना है कि वहां कोई मूर्ति लगाने की जगह नहीं थी वह अंबेडकर पार्क नहीं है उसका नाम परिवर्तन पार्क है और ग्राम प्रधान उनकी जगह कोई और भी होता तब भी ऐसी हालत में उसे मौके पर तो जाना ही था। उन्होंने कहा कि गांव के लोगो को प्रशासन से मूर्ति लगाने की अनुमति लेने के बाद मूर्ति की स्थापना करनी चाहिए। फिलहाल गांव में पूरी तरह शांति बनी हुई है।

# बीआरसी में गूंजे सख्त निर्देश शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार पर जोर

## बीआरसी में गूंजे सख्त निर्देश, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** विकास खंड कुंद. रकी स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र (BRC) में शनिवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी (BEO) की अध्यक्षता में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता, डिजिटल प्रगति और नामांकन बढ़ाने को लेकर सख्त



तेवर देखने को मिले। बैठक में क्षेत्र के सभी प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक, संकुल शिक्षक, एआरपी एवं न्याय पंचायत प्रभारियों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में प्रति माह 100% बच्चों का निपुण असेसमेंट हर हाल में पूर्ण किया जाए। साथ ही दीक्षा एप, निपुण प्लस एप और शिक्षक डायरी के नियमित एवं प्रभावी उपयोग को अनिवार्य बताया गया। सत्र 2026-27 में नए नामांकन में वृद्धि के साथ ही कक्षा 5 एवं 8 उत्तीर्ण विद्यार्थियों का कक्षा 6 एवं 9 में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विद्यालय कायाकल्प के अंतर्गत रंगाई-पुताई, फर्नीचर व्यवस्था एवं कंपोजिट ग्रांट के पारदर्शी उपयोग पर विशेष बल दिया गया। एआरपी हरीश तिवारी ने निपुण ऐप के प्रभावी संचालन एवं डिजिटल कक्षा के लाभों को साझा किया, जबकि एआरपी पारुल ने 'बालवाटिका' के माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

रंजना कुमारी को सर्वाधिक नामांकन हेतु सम्मानित किया गया, जबकि जोगिंदर सिंह, जुबेर एवं रुबीना यजदानी को विद्यालयों में उत्कृष्ट 'कायाकल्प' कार्य के लिए सराहा गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने दो टूक कहा कि विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी लक्ष्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

## बिलारी समाचार

### थाना समाधान दिवस में पहुंचीं तीन शिकायतें, जांच के निर्देश

**चन्दौसी।** कोतवाली में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या कम रही और कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुईं। समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर व एसएसआई ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

राजस्व विभाग से अतुल पाठक, गोपाल सिंह, बाबूराम कानूनगो और सिटी लेखपाल दानवीर सिंह मौजूद रहे, जिन्हें राजस्व संबंधी शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए गए। गणेश कॉलोनी निवासी एक महिला ने रामनगर कैथल स्थित अपनी कृषि भूमि पर बहजोई निवासी जगतपाल पुत्र मनोहर समेत कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जे के प्रयास की शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि उसने वर्ष 2020 में भूमि खरीदी थी और तभी से उसका कब्जा है, लेकिन सड़क किनारे भूमि होने के कारण भू-माफिया नजर गड़ाए हुए हैं। अधिकारियों ने मामले की जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए। अधिकारियों ने प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान पर जोर दिया।

### शहर की समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल ने उठाई आवाज, ईओ को सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को नगर पालिका अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम को ज्ञापन देकर शहर की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। व्यापारियों ने कहा कि चन्दौसी व्यापारिक नगरी होने के बावजूद जाम, अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात जैसी समस्याओं से जूझ रही है। ज्ञापन में शहर के चारों ओर वेंडिंग जोन विकसित करने, ठेला-खोमचा संचालन को व्यवस्थित करने और ई-रिक्शाओं के लिए नियम तय करने की मांग की गई, ताकि जाम की समस्या कम हो सके। व्यापारियों ने नगरपालिका और व्यापार मंडल के बीच मासिक बैठक कराने का सुझाव भी दिया, जिससे विकास कार्यों, सड़क-नाला निर्माण और अन्य मुद्दों पर संवाद हो सके।

बरसात से पहले नालों की सफाई, मच्छरों से बचाव को फॉगिंग और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता की भी मांग उठाई गई। व्यापारियों ने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन और व्यापारियों के बीच समन्वय जरूरी है। अधिशासी अधिकारी ने सुझावों पर विचार कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान सागर गुप्ता, शाहआलम मंस. ूरी, नमन भारद्वाज, गोपाल वार्ष्णेय, बबलू एडवोकेट, मोहित सक्सेना, मोहम्मद अनस, इरफान खान, अविनाश रस्तोगी, सौरभ अग्रवाल, मोहि. हत अग्रवाल, सुफियान सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

### पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में चार परिवारों में हुआ समझौता

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक महिला थाना बहजोई स्थित पुलिस लाइन मंडी समिति में आयोजित हुई। बैठक में



पति-पत्नी के आपसी विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। बैठक में कुल 47 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें 11 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। चार परिवारों को आपसी सहमति से मिलाया गया, जबकि तीन पत्रावलियों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। वहीं चार पत्रावलियां आवे. दकों द्वारा बल न देने के कारण बंद कर दी गईं। अधिकारियों ने पारिवा. रिक विवादों को आपसी संवाद और समझदारी से सुलझाने पर जोर दिया। इस दौरान काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लवमोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, कंचन माहेश्वरी, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत व महिला आरक्षी ज्योति सहित अन्य मौजूद रहे।

### फोन पर बुलाकर युवक पर किया जानलेवा हमला पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** फोन पर बुलाकर युवक पर जानलेवा हमला कर दिया और मरा जानकर छोड गए घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। संदलीपुर गांव निवासी जगबीर पुत्र ओपी सिंह का आरोप था की 22 अप्रैल को दोपहर करीब 3:00 बजे उसके मोबाइल पर भेंडी फरीदपुर निवासी काले सिंह ने फोन करके लड़के अनिकेत से बात कर कहीं बुलाया। अनिकेत उसी समय काले सिंह से मिलने चला गया रात करीब 10:00 बजे जानकारी मिली कि अनिकेत गंभीर घायल अवस्था में समदपुर के पुल के पास पड़ा है। वह तुरंत मौके पर पहुंचा तो उसका बेटा गंभीर हालत में था बाइक भी टूटी हुई थी घायल ने बताया कि काले सिंह बिंदा ग्राम भेडी फरीदपुर व चेत. रामपुर के मनोज ने उसे जान से मारने की नीयत से सरियो से मारा और मरा समझ कर पुल के पास डालकर चले गए। इसके बाद वह बेहोश हो गया पीड़ित उसे लेकर डीएमआर हॉस्पिटल में पहुंचा जहां उसकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### घेर में लगी आग से सात भैंसें झुलसीं ग्रामीणों ने बचाया बड़ा हादसा

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव गुरगांव में शनिवार दोपहर एक घेर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आकर वहां बंधी सात भैंसें झुलस गईं, जबकि ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।गांव निवासी सुनेवीर सिंह यादव परिवार सहित जंगल गए हुए थे और बच्चे स्कूल में थे। घर के पास बने घेर में छप्पर के नीचे भैंसें बंधी थीं। दोपहर में अचानक घेर में आग लग गई और देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं। धुआं और आग देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी व अन्य संसाधनों से आग बुझाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि आग से सातों भैंसें झुलस गईं, लेकिन सभी को जीवित बचा लिया गया। पीडिघ्त परिवार के अनुसार झुलसी भैंसों की कीमत करीब छह से सात लाख रुपये है। सूचना पर पुलिस और एंबुलेंस भी मौके पर पहुंच गई। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों की तत्परता से आग फैलने से रोका जा सका और बड़ा नुकसान टल गया।



# टिमिट की सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्सः चुनौतियां, मुद्दे एवं व्यवहार विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस-2026 के दूसरे दिन में गूंजे शोध और नवाचार के स्वर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट - कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू) के ऑडिटोरियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन के अंतर्गत शनिवार को एक प्रभावशाली पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों से आए शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों ने शिक्षा, शोध और करियर विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः पंजीकरण और नाश्ते के साथ हुई, जिसके बाद अतिथियों का स्वागत एवं तिलक किया गया। दीप प्रज्वलन, सांस्कृतिक प्रस्तुति और मंच गठन के बाद औपचारिक सत्र प्रारंभ हुआ।स्वागत भाषण में प्रोफेसर विपिन जैन, डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, टिमिट, मुरादाबाद ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के सभी 17 पॉइंट से शोध पत्र प्रस्तुत और प्रकाशित किए गए हैं। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि इनमें से काफी अधिक शोध पत्र विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए हैं, जो शोध के प्रति छात्रों की बढ़ती रुचि को दर्शाता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इन शोध पत्रों को 10 कॉन्फ्रेंस एडिटेड पुस्तकों के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है, जिनमें से एक पुस्तक का विमोचन कल और दूसरी पुस्तक का विमा. ेचन आज किया गया। बाकी पुस्तके भी जल्द ही प्रकाशित की जाए पैनल डिस्कशन सत्र में प्रोफेसर तरुण कुमार शर्मा, डीन, शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा को इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप बनाना आवश्यक है, ताकि छात्र रोजगार के लिए बेहतर तरीके से



तैयार हो सकें। प्रोफेसर दिव्या, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ ने विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मेंटरशिप और छात्र कल्याण को प्राथमिकता देने की बात कही।डॉ. प्रणव कर्बंदा, करियर एवं लीडरशिप कोच, स्टुडिनेक्स सर्विसेज, नई दिल्ली ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में स्किल डेवलपमेंट, कम्युनिकेशन और लीडरशिप क्वालिटी करियर निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। डॉ. मनीष श्रीवास्तव, निद. ेशक, क्वांटम यूनिवर्सिटी, रूड़की ने उच्च शिक्षा में नवाचार और रिसर्च कल्चर को बढ़ावा देने पर जोर दिया। डॉ. राजकुमार सिंह, प्रोफेसर, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, देहरादून ने तकनीकी आधारित शिक्षा को समय की आवश्यकता बताते हुए डिजिटल लर्निंग के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. राधेश्याम झा, प्रोफेसर, उत्तरांचल यूनिवर्सिटी, देहरादून ने अकाद. मिक उत्कृष्टता के लिए शोध आधारित दृष्टिकोण को अनिवार्य बताया। वहीं डॉ. पुलकित अग्रवाल, डीन, सूरजमल यूनिवर्सिटी, किच्छा ने प्रबंधन शिक्षा में प्रैक्टिकल एक्सपोजर और इंडस्ट्री इंटरफेस को महत्वपूर्ण बताया। इस सत्र का संचालन प्रोफेसर विपिन जैन ने कॉन्फ्रेंस डायरेक्टर के रूप में किया। इसके अतिरिक्त डॉ. पूजा व्यास, निदेशक, आईसीपीआर, नई दिल्ली ने भी अपने विचार साझा करते हुए नीति निर्माण में शोध की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।इस कॉन्फ्रेंस के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें थीसिस प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता, केस स्टडी प्रतियोगिता,पोस्टर प्रतियोगिता तथा बेस्ट रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन अवार्ड शामिल रहे। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता, विश्लेषण क्षमता एवं शोध कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।सभी प्रतिभागियों और आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय मंच ज्ञान के आदान- प्रदान और नवाचार को बढ़ावा देते हैं। यह कॉन्फ्रेंस छात्रों, शोधार्थियों और शिक्षाविदों के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक साबित हुई।

# टीएमयू में एग्रीकल्चर कॉलेज साइंसेज की दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस 27 अप्रैल से होगी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज की ओर से विकसित भारत 2047 के मद्देनजर सतत विकास लक्ष्यख्र एसडीजीएस पर केंद्रित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस 27 अप्रैल से मेडिकल लेक्चर थियेटर में आयोजित होगी। कॉन्फ्रेंस में हेमवती बहुगुणा यूनिवर्सिटी, उत्तराखंड के पूर्व कुलपति प्रो. एसपी सिंह, इको संस्कृति कलेक्टिव फाउंडेशन के मानद अध्यक्ष डॉ. एस बिस्वास, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, उत्तराखंड के वैज्ञानिक-ई डॉ. गोपाल कृष्ण, जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, उत्तराखंड के वैज्ञानिक-ई डॉ. केएस कानवाल बतौर मेहमान शामिल होंगे। इनके संग-संग टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन और डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रहेगी। कॉन्फ्रेंस सचिव प्रो. गणेश दत्त भट्ट ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में आधा दर्जन से अधिक सूबों के जाने-माने शिक्षाविद्, वैज्ञानिक और शोधार्थी भी शिरकत करेंगे।

### श्याम सुंदर मेमोरियल लॉ कॉलेज में मूट कोर्ट का आयोजन

**चन्दौसी।** स्टेशन रोड स्थित श्याम सुंदर मेमोरियल लॉ कॉलेज में शनिवार को विधि के छात्र-छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को न्यायालय की कार्यवाही, तर्क-वितर्क और विधिक प्रक्रियाओं की बारीकियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. प्रवीन कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात आयोजित मूट कोर्ट में अधिवक्ता राजेश यादव, टेकचंद यादव एवं किरण शर्मा ने छात्रों को न्यायालय की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराया। मूट कोर्ट के दौरान विद्यार्थियों ने वादी, प्रतिवादी एवं अधिवक्ताओं की भूमिका निभाते हुए न्यायिक प्रक्रिया को समझा। विशेषज्ञों ने छात्रों को कानूनी तर्क प्रस्तुत करने, साक्ष्य रखने और न्यायालयीन शिष्टाचार के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संच. ालन मूट कोर्ट प्रभारी सचिन मिश्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

# टीएमयू में अर्थ वीक में सीओई के स्टुडेंट्स का संकल्प से नो टु प्लास्टिक, गो ग्रीन, गो क्लीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में भारत पर्यावरण कार्यक्रम- भारत सस्टेनेबिलिटी कैंपस मिशन 2026 के तहत अर्थ वीक के दौरान जीरो प्लास्टिक अभियान की थीम से नो टु प्लास्टिक- गो ग्रीन, गो क्लीन रही। इसका उद्देश्य प्लास्टिक मुक्त परिसर की अवधारणा को बढ़ावा देना और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति जागरूक करना है। अभियान में स्टुडेंट्स ने प्लास्टिक कचरा संग्रहण, अपशिष्ट पृथक्करण गतिविधियों और परिसर स्वच्छता अभियान के संग-संग एकल-उपयोग प्लास्टिक को कम करने, पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं के प्रयोग, स्वच्छ एवम् टिकाऊ वातावरण बनाए रखने के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। स्टुडेंट्स ने प्लास्टिक मुक्त परिसर विकसित करने का संकल्प लिया। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने स्टुडेंट्स को एकल-उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ और हरित परिसर के लिए टिकाऊ विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया। जीरो प्लास्टिक कैंपेन में समन्वयक प्रो. रवि कुमार जैन, डॉ. इंदु त्रिपाठी, श्रीमती निकिता जैन, डॉ. आशीष सिमल्टी , डॉ. संकल्प गोयल, डॉ. देबोंजन रॉय, एसबी रस्तोगी, सचिन वर्मा, एमडी पांडेय के अलावा बीटेक- सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के स्टुडेंट्स हरि प्रकाश, वंश जैन, रजत वर्मा, तमीम, अजीम, अबूजर, आफताब, अलमीरूफ, दीपक मौर्य, रितिक कुमार, नावेद आदि ने प्रतिभाग किया।

### दीक्षांत परेड की तैयारियों का एसएसपी ने किया निरीक्षण

**मुरादाबाद।** जनपद में आज रविवार को प्रस्तावित रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। इसी क्रम में शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह के साथ परेड स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने परेड ग्राउंड, मंच व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध तथा यातायात नियंत्रण की तैयारियों को बारीकी से परखा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाएं।

### आरपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज, चन्दौसी टीम ने जीता पहला मुकाबला

**चन्दौसी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम राजथल में शनिवार को आरपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ जोश और उत्साह के बीच हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन वीरभान यादव व गौरव यादव ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच चन्दौसी और रीठ की टीमों के बीच 12-12 ओवर का खेला गया, जिसमें चन्दौसी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 32 रन से जीत दर्ज की। चन्दौसी टीम के कप्तान अनमोल ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 158 रन बनाकर मैच के हीरो रहे। उनकी पारी की बदौलत टीम ने मजबूत स्कोर खड़ा किया, जिसे रीठ की टीम हासिल नहीं कर सकी। मैच के दौरान खिलाडिघ्यों के प्रदर्शन पर दर्शकों ने जमकर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर रायसिंह यादव, विकास यादव, वीरेंद्र यादव, डॉ. अंकित, सुमित, शिवकुमार और सचिन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मैडल वितरण समारोह में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने टॉपर छात्रों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स, ब्यूरो।**

**मुरादाबाद।** आज पंचायत भवन मुरादाबाद में अमर उजाला की ओर से मैडल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उत्तर प्रदेश श्री सुनील कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह में मुरादाबाद मंडल के एमआईटी कॉलेज, टीएमयू कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक मुरादाबाद, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक मुरादाबाद, राजकीय पॉलिटेक्निक बिलारी सहित अन्य कॉलेजों के टॉपर छात्र-छात्राओं को मंत्री द्वारा मैडल देकर सम्मानित किया गया। मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने सभी मेधावी छात्रों का मार्गदर्शन किया और जीवन में समय का सदुपयोग करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि परिश्रम और अनुशासन से ही बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। तकनीक के युग में युवाओं को इनोवेशन पर फोकस करना चाहिए। इस दौरान एमआईटी कॉलेज के सिविल इंजी. नियरिंग के टॉपर छात्र मौहम्मद नबील को भी मैडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेजों के प्राचार्य, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अमर उजाला के इस आयोजन की सभी ने सराहना की।





# पुलिस से शिकारियों की मुठभेड़ पांच दबोचे, दो को लगी गोली

## पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव का अपराधियों पर प्रहार जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** जनपद के थाना माधोटांडा पुलिस द्वारा वन्यजीवों का शिकार करने वाले 5 वांछित शिकारियों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने बताया कि 15 अप्रैल को रात्रि लगभग 11:00 बजे बराही जंगल में कुछ लोगों द्वारा संरक्षित वन्यजीव (जंगली सूअर) का शिकार किया गया था तथा जान से मारने की नियत से फायर किया गया था। उक्त घटना के संबंध में थाना माधौटांडा पर हरजिन्दर सिंह पुत्र कक्का सिंह, बलजीत सिंह पुत्र रतन सिंह निवासीगण ग्राम राघवपुरी थाना हजारा जनपद पीलीभीत एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान अभियुक्त हरपाल सिंह पुत्र रतन सिंह, मुख्तियार सिंह पुत्र रतन सिंह, अमरजीत सिंह पुत्र भजन सिंह, सतनाम पुत्र हरदत्त सिंह निवासी राघवपुरी थाना हजारा जनपद




पीलीभीत के नाम प्रकाश में आए।

21 अप्रैल को घटना से सम्बन्धित अभियुक्त हरजिन्दर सिंह पुत्र कक्का सिंह निवासी ग्राम राघवपुरी थाना हजारा जनपद पीलीभीत, उम्र लगभग 28 वर्ष को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, 24 अप्रैल की रात्रि समय 22.16 बजे में मुखबिर द्वारा स्थानीय पुलिस को सेल्हा मजार के पास जंगल में घटना से सम्बन्धित 4 अभियुक्तों के मौजूद होने की सूचना दी, सूचना पर थाना माधोटांडा पुलिस टीम द्वारा सेल्हा मजार के पास जंगल में घेराबंदी की गई। इस दौरान अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई, आत्मरक्षार्थ की गयी जबाबी कार्यवाही में 2 अभियुक्त अमरजीत (उम्र 32 वर्ष) पुत्र भजन सिंह निवासी ग्राम राघवपुरी थाना हजारा जनपद पीलीभीत व अभियुक्त हरपाल उर्फ जसपाल उर्फ पालू (उम्र 24 वर्ष) पुत्र रतन सिंह निवासी ग्राम राघवपुरी थाना हजारा जनपद पीलीभीत को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया जिनको प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी माधोटांडा भेजा गया, इस दौरान दो अन्य बदमाशों द्वारा मौके का फायदा उठाकर जंगल में भागने का प्रयास किया गया, जिनको पुलिस पार्टी द्वारा पीछा कर पकड़ लिया गया। पकड़े गए अभियुक्तों में मुख्तियार सिंह (उम्र 30 वर्ष) पुत्र रतन सिंह निवासी ग्राम राघवपुरी थाना हजारा जनपद पीलीभीत तथा बलजीत सिंह (उम्र 20 वर्ष) पुत्र रतन सिंह निवासी ग्राम राघवपुरी थाना हजारा जनपद पीलीभीत शामिल है, जिनके कब्जे से एक अवैध शस्त्र 315 बोर, 2 जिन्दा कारतूस व 1 खोखा कारतूस बरामद हुआ। एक अन्य वांछित व्यक्ति सतनाम सिहं पुत्र हरदत्त सिंह नि० ग्राम राघवपुरी थाना हजारा, उम्र करीब 72 वर्ष को पुलिस टीम द्वारा डगा पुल के पास समय करीब 8.30 बजे गिरफ्तार किया गया है, एवं वन्यजीवों का शिकार करने में प्रयुक्त अवैध 12 बोर बंदूक को अभियुक्त हरपाल उर्फ जसपाल से बरामद किया जा चुका है, आगे भी अपराधियों पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

# सर्पदंश से किसान की दर्दनाक मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** तहसील बीसलपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोवलपतीपुरा में शुक्रवार की शाम उस वक्त चीख-पुकार मच गई, जब एक अधेड़ किसान की सर्पदंश से असामयिक मृत्यु हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में शोक की लहर है।

ग्राम गोवलपतीपुरा निवासी राम भरोसे लाल (पुत्र प्रेम राज) शुक्रवार शाम लगभग 6:00 बजे अपने घर के निकट पशुओं को पानी पिलाने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान चारे या अंधेरे का लाभ उठाकर वहां छिपे एक अत्यधिक विषैले सर्प ने उन्हें डस लिया। सर्प के काटते ही राम भरोसे की हालत बिगड़ने लगी और वह बेहोश होकर गिर पड़े। आनन-फानन में परिजन और स्थानीय ग्रामीण उन्हें लेकर बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) पहुंचे। परिजनों को उम्मीद थी कि समय रहते उपचार मिल जाएगा, लेकिन अस्पताल पहुँचते ही चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही अस्पताल परिसर में मौजूद परिजनों के सब्र का बांध टूट गया और वे रो-रोकर बिलखने लगे। घटना के बाद से गोवलपतीपुरा सहित आसपास के क्षेत्रों में ग्रामीणों के बीच भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में सर्पदंश की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश बचाव जागरूकता अभियान चलाया जाए। प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एंटी-वेनम इंजेक्शन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रभावित परिवार को नियमानुसार आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

## एक नजर

### खटीमा-पूरनपुर मार्ग पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाकर की कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** खटीमा-पूरनपुर मार्ग से रात्रि के समय ओवरलोड वाहनों के संचालन की प्राप्त सूचनाओं के दृष्टिगत परिवहन विभाग, वन विभाग एवं खनन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान जंगल क्षेत्र से होकर गुजरने वाले मार्गों पर विशेष रूप से केंद्रित रहा। अभियान के दौरान खनन सामग्री का परिवहन कर रहे 5 ओवरलोड वाहनों को रोककर जांच की गई।

जांच में पाया गया कि उक्त वाहन बिना वैध ई-रवन्नाध्ई-ट्रांजिट पास (ईएसटीपी) के खनन सामग्री का परिवहन कर रहे थे, जो कि नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इस पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालान व निरुद्ध की कार्रवाई की गई। निरुद्ध किए गए वाहनों को मुस्तफाबाद वन चौकी में खड़ा कराया गया। उक्त वाहनों पर 80 हजार, 72 हजार, 76 हजार, 78 हजार एवं 25 हजार रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। इस कार्रवाई के दौरान लगभग रू. 3.30 लाख(तीन लाख तीस हजार रुपये) का राजस्व/शुल्क वसूल किया गया। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि खटीमा मार्ग से रात्रि के समय जंगल के रास्ते ओवरलोड वाहनों का संचालन किया जा रहा है। इसी के क्रम में जिला खनन अधिकारी सुभाष सिंह एवं महोफ रेंज के रेंजर श्री सहेंद्र यादव के साथ समन्वय स्थापित कर यह संयुक्त अभियान चलाया गया। उन्होंने आगे बताया कि जनपद में ओवरलोडिंग एवं अवैध खनन के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी, जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके एवं राजस्व हानि पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग बिजली व्यवस्था ठप

**संवाददाता शाह टाइम्स**



**उसावां।** क्षेत्र के गांव बन बौसारी में अचानक ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। बिजली आते ही अज्ञात कारणों से शॉर्टसर्किट से हुआ और ट्रांसफॉर्मर जलने लगा।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिजली आते ही ट्रांसफार्मर से तेल निकालने लगा। तेल का रिसाव तेज हुआ और देखते देखते आग में परिवर्तित हो गया। ग्रामीणों ने आनन फानन में बिजली अधिकारियों को सूचना दी, तब जाकर गूरा फीडर की बिजली काटी गई, तत्पश्चात बिजली कर्मचारी मौके पर पहुंचे।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**बिसौली।** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के वार्ड संख्या 17 निवासी लइक का 24 वर्षीय पुत्र अनस बाइक से गांव नागपुर की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि नागपुर के पास सामने से आए एक अज्ञात पिकअप वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और अनस गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसआई तिलक राम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की। बताया गया है कि अनस पशुओं की खरीद-फरोख्त का कार्य करता था। उसकी शादी करीब एक वर्ष पूर्व शफा से हुई थी। उसके एक मासूम बेटा भी है। युवक की असमय मौत से पत्नी, माता-पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतक के पिता लइक की तहरीर पर अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### जनपद में सकुशल रूप से संपन्न हुई होमगार्ड भर्ती की पहले दिन की परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बदायूं।** जनपद में सकुशल, निर्विघ्न व शांतिपूर्वक ढंग से होमगार्ड भर्ती की प्रथम दिन की परीक्षा संपन्न हुई। जनपद में बनाए गए 15 परीक्षा केंद्रों में प्रथम पाली में कुल 5232 परीक्षार्थियों में से 4149 उपस्थित रहे तथा 1083 अनुपस्थित रहे वहीं द्वितीय पाली में कुल 5232 परीक्षार्थियों में से 4186 उपस्थित रहे तथा 1046 अनुपस्थित रहे।

# डीएम एसपी ने उप्र होमगार्ड्स परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



**सीसीटीवी रूम व सहित अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने जनपद में सम्पन्न कराई जा रही उप्र होमगाड्र्स लिखित एनरोलमेंट-2025 परीक्षा को कुशल व निर्विघन ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत आज ड्रमण्ड राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इण्टर कालेज, एसएनइंटर कालेज, उपाधि महाविद्यालय व राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज के परीक्षा केन्द्रों पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये गये कि परीक्षा के दौरान नियमित कक्षों का भ्रमण करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उच्चाधिकारियों को तत्काल अवगत कराया जाये। निरीक्षण के दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक उपस्थित रहे।

# जमीन के बकाया रुपयों को लेकर विधवा महिला के साथ मारपीट, धोखाधड़ी का आरोप

**विधवा महिला लगातार अधिकारियों के दरवाजे खटखटा रही है, लेकिन अभी तक न्याय नहीं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा राना निवासी एक विधवा महिला ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को पत्र सौंपकर जमीन के बकाया पैसों की मांग करने पर मारपीट और धोखाधड़ी किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता कन्या देवी पत्नी स्व. धनपाल सिंह के अनुसार, वर्ष 2008 में उनके पति और उनके भाइयों ने अपनी कृषि भूमि (गाटा संख्या 95/3 व 95/8) का सौदा 60,000 रुपये में ग्राम पंडरी मरौरी निवासी मुन्नी देवी और रेनू देवी के साथ किया था।



पीड़िता का आरोप है कि बिक्री के समय केवल 30,000 रुपये नकद दिए गए थे, जबकि शेष 30,000 रुपये रजिस्ट्री के समय देने का वादा किया गया था। रुपये न देने के कारण उपनिबंधक महोदय ने बैनामे पर बकाया राशि का स्पष्ट उल्लेख भी किया था। पति की मृत्यु के बाद जब कन्या देवी ने अपनी बकाया राशि मांगी, तो मुन्नी देवी ने अपने हिस्से के 15,000 रुपये दे दिए, लेकिन दूसरी खरीदार रेनू देवी और उनके पति रामबहोरे लगातार टालमटोल करते रहे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बीती 14 अप्रैल 2026 की सुबह जब वह अपने बकाया पैसे मांगने आरोपी रामबहोरे के घर ग्राम पंडरी मरौरी गई, तो वहां उसके साथ अभद्रता की गई। आरोप है कि रामबहोरे ने गाली-गलौज करते हुए विधवा महिला को लात-घूसों से पीटा और झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर भगा दिया।

पीड़िता ने बताया कि उसने पूर्व में तहसील और थाने में भी शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब पीड़िता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी (CO) को पत्र देकर दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने और जमीन की बकाया राशि दिलवाने की मांग की है। पीड़िता ने खुद को गरीब और असहाय बताते हुए न्याय की अपील की है।

## बिना रॉयल्टी यूपी में घुस रहे ओवरलोड ट्रक व डंपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** उत्तराखंड की सीमा से होने वाले रेत-बजरी के अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग को लेकर फिर हलचल तेज हो गई है। मामले की शिकायत साक्ष्यों के साथ मुख्यमंत्री को पत्र लिख की गई है।

बिथरी चैनपुर के गांव अहिलादपुर निवासी आदेश पांडेय और अन्य ट्रांसपोर्टस का आरोप है कि बाजपुर और हल्द्वानी से आने वाले ओवरलोड डंपर बेखौफ होकर उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। इस अवैध कारोबार के कारण न केवल सड़कों की हालत खस्ता हो रही है, बल्कि आए दिन भीषण सड़क हादसों का खतरा भी बना रहता है। शिकायत में सीधे तौर पर खनन और परिवहन विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं।

# घर घर जा कर मलेरिया रोग को लेकर किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर आज दिनांक-25.04.26 को मलेरिया निरीक्षक अमित कुमार तिवारी, उदित यादव द्वारा ब्लॉक समरेर के ग्राम सुखोरा में ग्राम वासियों को घर घर जा कर मलेरिया रोग से रोकथाम बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में जागरूक किया गया।

ग्राम में ज्वार पीड़ितों की सीवएचवओव के माध्यम से मलेरिया हेतु जांच कराई गई, मलेरिया निरीक्षक तनवीर सिंह, जीशान अंसारी, सनी कुमार व पीएसआई इंडिया संस्था के पर्मवीर सिंह द्वारा ब्लॉक जगत ग्राम खुनक के उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को मलेरिया रोग से रोकथाम बचाव एवं नियंत्रण हेतु पूरी आस्तीन के कपड़े पहनना व रात को सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने के संबंधी जानकारी दी गई।

# नगर पालिका के नाम पर ऑटो चालकों से हो रहीं अवैध वसूली

**मामले की जांच करा लिप्त आरोपी पर होगी कठोर कार्यवाही: चेयरमैन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** नगर पालिका के नाम पर अवैध तरीके से (धनउगाई) के मामले सामने आ रहे हैं नगर में ठेकेदारों और दलालों द्वारा हर दिन 50 से 100 रुपये तक की अवैध टोकन मनी वसूली की जा रही है जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है सीएनजी ऑटो चालकों ने नगर पालिका के नाम पर प्रतिदिन 50-100 रुपये की अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए चालकों का कहना है कि अधिकृत स्टैंड के अलावा अन्य जगहों से भी वसूली की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार अधिशाषी अधिकारी पिछले 4 साल से ज़्यादा समय से नगर पालिका मे तैनात है जबकि योगी सरकार चाहती है की 3 साल से ज़्यादा कोई भी अधिकारी एक जगह पर तैनात नहीं रहेगा अकबराबाद, बिसौली स्टैंड, कछला स्टैंड, हरदतपुर चौराहा पर पार्किंग ठेके के नाम पर जबरन वसूली की जा रही है ठेकेदार के लोग पैसे न देने पर ऑटो चालकों के साथ मारपीट और अभद्रता करते है वहीं कुछ सूत्रों का कहना है यह पूरा मामला नगर पालिका के कर्मचारीयों की सांठगांठ से चल रहा है,उघाई करने वालो ने बताया ये पैसा ईव ओव साहब को जाता है अकबराबाद चौराहे से ऑटो चालको से वसूली कर रहे हैं, जबकि वहां कोई आधिकारिक स्टैंड नहीं है वसूली करने वाले लोग रसीद वसूली पर्ची नहीं देते या फर्जी पर्ची का इस्तेमाल करते हैं पैसे न देने पर ऑटो चालकों के साथ बदसलूकी की जाती है अवैध पार्किंग स्टैंड बिना किसी आधिकारिक मंजूरी के सड़कों पर स्टैंड बनाकर पैसे वसूले जा रहे हैं प्रशासनिक असहायता स्थानीय निकायों की ढिलाई के कारण वसूलीबाज सक्रिय हैं एसडीएम रिपुदमन सिंह ने बताया इस तरह की अवैध वसूली का मामला मेरे संज्ञान में नहीं है अगर ऐसा कुछ है तो पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पेट्रोल-डीजल व एलपीजी की नहीं कोई कमी, अफवाहों से बचें: डीएम




**पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने के निर्देश, लाइन वाले क्षेत्रों में 90 दिन में कनेक्शन अनिवार्य**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता को लेकर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की कमी नहीं है और आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने तेल कंपनियों और गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रखी जाए और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर तत्काल नियंत्रण किया जाए।

बैठक में आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, सीयूजीएल के अधिकारियों, एलपीजी गैस एजेंसी संचालकों तथा पेट्रोल-डीजल पंप मालिकों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सभी उपभोक्ताओं को आवश्यकता के अनुसार पेट्रोल-डीजल व एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, ऐसे में किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। डीएम ने पीएनजी गैस कनेक्शनों की संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि जहां-जहां पाइप लाइन उपलब्ध है, वहां अधिक से अधिक लोगों को पीएनजी से जोड़ा जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि ग्रीन पार्क और महानगर क्षेत्र के करीब 80 प्रतिशत घरों में पीएनजी कनेक्शन दिए जा चुके हैं, जबकि सुभाषनगर के शांतिबिहार क्षेत्र में भी आपूर्ति शुरू हो गई है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि तहसील स्तर तक पीएनजी आपूर्ति का विस्तार किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन क्षेत्रों में पीएनजी लाइन उपलब्ध है, वहां 90 दिनों के भीतर कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा, अन्यथा एलपीजी आपूर्ति रोक दी जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए कनेक्शन पर दी जा रही छूट की सीमा बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए।

गर्मी के मौसम को देखते हुए जिलाधिकारी ने एलपीजी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं के लिए टेंट, पीने के पानी और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एजेंसियों की ओर से बताया गया कि विवाह सीजन को ध्यान में रखते हुए 1600 विवाह कार्डों के आधार पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए गए हैं और अब तक करीब 9800 सिलेंडरों का वितरण किया जा चुका है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# हजरत भोले शाह बाबा उर्फ दादा मियां के 34वें उर्स मुबारक मौके पर सजी मुशायरा की महफिल में कवि एवं शायरों ने बांध समां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जनपद बदायूं के कस्बा बिसौली मदनलाल इंटर कॉलेज के सामने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत भोले शाह उर्फ दादा मियां के 34 वें उर्स का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास साथ किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन हजरत की शान में कव्वाली मुकाबला का भी आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में कल बीते शुक्रवार को उर्स हजरत भोले शाह और दादा मियां की शान में मुशायरा का आयोजन किया गया जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर शायर इन्तेखाब संभली जीनत मुरादाबादी आतिश शाहाबादी सुरेन्द्र नाज बदायूं बुरहान संभली अंजलि श्री वास्तव शमशाद अली नगरी आकिल जैतपुरी कासिम खैरवी सहित नगर के कवि एवं शायरों ने हजरत भोले शाह उर्फ दादा मियां की शान में शायरी व कलामों से शमा बांध दिया। वहीं कवि एवं शायरों ने देश भक्ति की शायरी से मुशायरा के कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए इसी दौरान कार्यक्रम में पहुंचे नगर पालिका का अध्यक्ष अबरार अहमद ने मुशायरा कार्यक्रम में मेहमान के रूप में आए कवि एवं शायरों को

प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित कर दुआओं से नवाजा तो वहीं उर्स मेला कमेटी के सभी सदस्यों ने पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद व उस्ताद शायर इन्तेखाब संभली को भी पगड़ी बांध कर फूल मालाओं से सम्मानित किया।

शायरों ने हजरत भोले शाह उर्फ दादा मियां की शान में शायरी व कलामों से शमा बांध दिया शायरों ने देश भक्ति व सामाजिक एकता की शायरी से मुशायरा के कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। मुशायरा कन्वीनर वरिष्ठ शायर फरीद इदरीसी को कमेटी सदर यासीन बेग व चेयरमैन अबरार अहमद व इन्तेखाब संभली ने पगड़ी बांधी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से हाजी एम सगीर सय्यद मुस्तफा अली डा अमिरुद्दिन अमीर आलम बेग आलम माजिद अली माजिद श्री दत्त शर्मा मुज्तर अभीक्ष पाठक आहत सहित नगर के सभी शायर व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मुशायरे की सदारत इन्तेखघब संभली ने व निजामत बुरहान संभली ने की। मुशायरा देर रात तक चला। आखिर में कन्वीनर फरीद इदरीसी ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# गौरी शंकर मंदिर मार्ग हुआ आधुनिक सुविधाओं से लैस

**मुख्यमंत्री वंदन योजना के तहत वार्ड 15 में विकास की सौगात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने वार्ड 15 के मोहल्ला खकरा में मुख्यमंत्री वंदन योजना के अंतर्गत कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। लोकार्पित कार्यों में ऐतिहासिक श्री गौरी शंकर मंदिर को जाने वाले प्रमुख मार्गों का सीसी रोड निर्माण, मार्गों पर आधुनिक लाइट पोल की स्थापना, श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बेंच तथा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु वाटर कूलर लगवाए जाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।

इन कार्यों के पूर्ण होने से अब मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के लोगों को आवागमन में भी काफी सहूलियत होगी। कार्यक्रम में



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र एवं विभाग संचालक ओमप्रकाश की विशेष उपस्थिति रही। डॉ. आस्था अग्रवाल ने अतिथियों के साथ शिलापट्ट का अनावरण कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराने के लिए प्रतिबद्ध है और नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। शिलापट्ट अनावरण के पश्चात संघ के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व नगर पालिका अध्यक्ष ने नव निर्मित सड़कों का निरीक्षण किया और कार्यों की गुणवत्ता का अवलोकन किया। इसके बाद सभी अतिथि श्री गौरी शंकर मंदिर पहुंचे, जहां विधि-विधान से भगवान का जलाभिषेक कर नगर एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई।

इस अवसर पर सभासद वतनदीप मिश्रा, साकेत सक्सेना, विपिन गंगवार, निर्मल सिंह, सुनीता सिंह, राशिद हुसैन, मोहन स्वरूप, मोनू मिश्रा, अनस अंसारी, प्रदीप मिश्रा, रामजी नाथ सक्सेना, डॉ. वरुण कपूर सहित अनेक गणमान्य नागरिक व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# डीएम ने परीक्षा केंद्र का किया स्थलीय निरीक्षण






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ के तत्वावधान में 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को आयोजित की जा रही उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 परीक्षा जनपद गौतम बुद्ध नगर में कुल 15 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में संपन्न कराई जा रही है।

परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर द्वारा आज परीक्षा केंद्र नेहरू स्मारक इण्टर कॉलेज, साकीपुर, ग्रेटर नोएडा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम, परीक्षा कक्षों, अभ्यर्थियों की प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया को पूर्ण सतर्कता, पारदर्शिता एवं अनुशासन के साथ संपन्न कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाए तथा कंट्रोल रूम से सभी गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जाए।

जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हो रही है।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर, केंद्र व्यवस्थापक, विद्यालय प्रशासन एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अभियान के तहत पहले चरण में 10 हजार विद्यार्थियों का हुआ नामांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले के बेसिक स्कूलों में चलाए जा रहे स्कूल चलो अभियान के तहत पहले चरण में कुल 10 हजार विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। पहले चरण में शिक्षा विभाग के अधिकारी व स्कूल के शिक्षक समेत बच्चों ने भी अभियान को जोर दिया।

पहले चरण में छात्रों के मुक. ाबले छात्राओं का नामांकन काफी कम रहा है। नए सत्र में अभी तक लगभग 4000 छात्राओं का ही नामांकन हो पाया है, जबकि छात्रों के नामांकन की संख्या 6000 है। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान 1 से 15 अप्रैल तक 15 दिनों तक चलाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालयों से जोड़ना रहा है। पहले चरण के दौरान यह अभियान जिले के चारों ब्लॉक जेवर, दादरी, दनकौर और बिसरख के कुल 511 स्कूलों में चलाया गया। वर्ष 2025-26 में लगभग 86 हजार छात्र-छात्राएं पढ़ रहे थे। पांचवीं और आठवीं के विद्यार्थी ऊपर की कक्षाओं में जाने के कारण स्कूल छोड़ देते हैं। वर्ष 2025-26 के सितंबर तक कुल 25 हजार नामांकन हुए थे।

अब वर्ष 2026-27 के लिए पहले चरण में लगभग दस हजार नए विद्यार्थियों का नामांकन हुआ, जिनमें करीब 6000 छात्र और 4000 छात्राएं शामिल हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार यह आंकड़े केवल पहले चरण के हैं और नामांकन प्रक्रिया अभी जारी है। अभियान के तहत शिक्षकों और शिक्षा विभाग की टीमों ने घर-घर जाकर अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया और बच्चों का विद्यालयों में दाखिला सुनिश्चित कराने का प्रयास किया। विशेष रूप से उन बच्चों को चिन्हित किया गया, जो अब तक स्कूल नहीं जा रहे थे।

**एक जुलाई से शुरू किया जाएगा अभियान का दूसरा चरण:** हर वर्ष इस अभियान के माध्यम से नामांकन में लगभग 6 से 11 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की जाती है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अभियान को संचालित किया जाता है। इसके बावजूद बेसिक स्कूलों में छात्राओं की संख्या कम है। पहले चरण के पूरा होने के बाद अब दूसरे चरण की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अभियान का अगला चरण 1 जुलाई से शुरू किया जाएगा, जिसमें नामांकन बढ़ाने पर विशेष जोर रहेगा।

## कई सेक्टरों में आज बिजली बाधित रहेगी

**नोएडा।** विद्युत लाइनों की क्षमता वृद्धि, मरम्मत और पेड़ों की छंटाई के कार्य के चलते रविवार को शहर के कुछ क्षेत्रों में कुछ घंटे के लिए बिजली कटौती रहेगी। विद्युत निगम के अभियंताओं के अनुसार रविवार को सेक्टर-142, एडवेंट और संजीवनी की आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बाधित रहेगी। वहीं, सेक्टर-83, 85, 90, 138, 140 और सेक्टर-140ए आदि सेक्टर में सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। हौजरी कॉम्प्लेक्स के ए और बी ब्लॉक में सुबह दस बजे से दोहपर तीन बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके चलते हौजरी कॉम्प्लेक्स के ए व बी ब्लॉक की आपूर्ति बाधित रहेगी।

# दिनदहाड़े दबंगों ने वर्कशॉप में घुसकर लाठी-डंडों से पीटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में दबंगों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला दादरी कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित नवीन मंडी के पास एक कार वर्कशॉप का है, जहां मामूली बात पर दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। कार का एसी ठीक करने से मना करने पर पहले गाली-गलौज की गई और फिर कुछ देर बाद साथियों को बुलाकर वर्कशॉप में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में चार लोग घायल हो गए। पूरी घटना का वीडियो किसी ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पीड़ित वर्कशॉप संचालक यूसुफ खान ने बताया कि वह रोज की तरह अपनी दुकान पर काम कर रहा था। इसी दौरान एक कार में सवार दो युवक वहां पहुंचे और अपनी गाड़ी के एसी में खराबी की शिकायत करने लगे। यूसुफ ने एसी चेक करने के बाद उन्हें बताया कि वह इस तरह की मरम्मत नहीं कर सकता और उन्हें किसी दूसरे मिस्त्री के पास जाना चाहिए। इसी बात पर दोनों युवक भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। यूसुफ के अनुसार, जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे धमकी दी और मौके से चले गए। घटना की जानकारी तत्काल डायल 112 पर पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गए। हालांकि मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। कुछ देर बाद वही आरोपी अपने कई साथियों के साथ वापस लौटे और वर्कशॉप में घुसकर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दबंगों ने लाठी-डंडों से यूसुफ और वहां मौजूद अन्य लोगों को बेरहमी से पीटा। अचानक हुए हमले से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला। इस हमले में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना के दौरान वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरी वारदात को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह दबंग खुलेआम मारपीट कर रहे हैं और आसपास मौजूद लोग डर के कारण दूर खड़े हैं। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे पुलिस प्रशासन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित ने दादरी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और वायरल वीडियो को भी साक्ष्य के तौर पर खंगाला जा रहा है। आरो. पियों की पहचान कर जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

## एक नजर

### दो वाहनों की टक्कर में चालक की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** एक्सप्रेसवे थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार इको वैन की टक्कर से टैंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक का अंतिम संस्कार करने के बाद उसके भाई ने एक्सप्रेसवे थाने में अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है।थाने में दी शिकायत में बहराइच के तिवारी पुरवा निवासी रामकुमार तिवारी ने बताया कि उनका भाई शिव कुमार 23 अप्रैल को रात साढ़े नौ बजे के करीब परी चौक से अपने तीन पहिया वाहन पर सामान डिलीवर कर वापस दिल्ली जा रहा था।

जब वह एडवांट के सामने पहुंचा, तभी तेज रफ्तार इको वैन ने शिव कुमार की गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान घायल चालक की मौत हो गई। वहीं, घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### फर्जी पत्र से सूबेदार मेजर की छवि धूमिल करने का आरोप

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूबेदार मेजर योग राज ने अपनी पहचान के दुरुपयोग और छवि खराब करने की साजिश का आरोप लगाया है। वे देहरादून के गढ़ी कैंट के सप्लाई डिपो में तैनात हैं। बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने इस मामले में शुक्रवार को दिल्ली निवासी निशांत तोमर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

सूबेदार मेजर ने तहरीर में बताया कि किसी ने उनके नाम और पद का गलत इस्तेमाल कर रक्षा मंत्रालय और वरिष्ठ सैन्य व सिविल अधिकारियों को एक फर्जी पत्र भेजा था। उसमें भ्रामक सामग्री थी। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि नई दिल्ली के एंड्रूज गंज निवासी निशांत तोमर ने एक जनवरी को गौतमबुद्ध नगर के नॉलेज पार्क अल्फा-1 स्थित डाकघर से पोस्ट किया था।

सूबेदार मेजर ने आरोप लगाया कि पत्र के कारण उनकी साख को नुकसान पहुंचा है। वहीं, कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

### टायर फटने से हुए सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटा-बेटी की हालत गंभीर

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** जेवर के गोविंदगढ़ गांव के रहने वाले एक युवक की शुक्रवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। मौत की सूचना पर गांव में मातम पसर गया। शव शनिवार सुबह गांव पहुंचने पर कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गोविंदगढ़ के रहने वाले दीपू (38 वर्ष) पुत्र श्रीपाल अहमदाबाद में परिवार के साथ रहते हैं। रविवार को वह अपनी पत्नी, बेटा व बेटी तथा दो भतीजों के साथ अपनी इनोवा क्रिस्टा कार से अपने मामा के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। गुरुवार को वह गोविंदगढ़ स्थित अपने पैतृक गांव में अपने चाचा नेमसिंह के यहां आए थे। जहां से शुक्रवार सुबह को कार द्वारा अहमदाबाद के लिए निकले थे।

कार को उनका भतीजा चला रहा था तथा दूसरा भतीजा आगे सीट पर बैठा था। दीपू अपने दोनों बच्चों के साथ बीच वाली सीट पर बैठे थे तथा उनकी पत्नी पीछे की सीट पर बैठी थी। अलवर राजस्थान के समीप पहुंचने पर उनकी कार का ड्राइविंग साइड का अगला टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दीपू की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके दोनों बच्चों का उपचार मेदांता अस्पताल गुरुग्राम में जारी है। रात को मृतक का शव जेवर स्थित कैलाश अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया। जहां से सुबह शव को गांव ले जाया गया।

# प्रेमिका का गला घोंटकर प्रेमी ने की थी खुदकुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** तुगलपुर गांव में किराए के कमरे में मृत मिले प्रेमी-प्रेमिका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक युवती की मौत गला घुटने की वजह से हुई। जबकि, युवक की मौत का कारण हैंगिंग आया है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि प्रेमिका का गला घोंटकर प्रेमी ने खुदकुशी की थी।देवरिया के महाल मंझरिया गांव का रहने वाला 28 वर्षीय गुड्डू पासवान उर्फ गोलू देवरिया के दन्नूर गांव की रहने वाली 24 वर्षीय ज्योति के साथ किराए के मकान में लिव इन में रहता था। बुधवार की रात इनके कमरे से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने कमरे से दोनों के शव बरामद किए थे। शुक्रवार को नोएडा में दोनों के शवों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया था। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हुआ है कि पहले युवती की गला घोंटकर हत्या की गई थी। इसके बाद युवक ने आत्महत्या की थी। पुलिस ने भी शुरुआत में यही आशंका जाहिर की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हत्या और आत्महत्या की वजह स्पष्ट हो गई है, लेकिन दोनों ने यह कदम किस वजह से उठाया इसके बारे में कुछ पता नहीं चल सका है।

## जेवर चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**यमुना सिटी।** बिसरख कोतवाली पुलिस ने कार से जेवर चोरी के आरोप में दो शातिर को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से आभूषण, घटना में प्रयुक्त बाइक और अवैध हथियार बरामद हुए हैं। गोल्फ सिटी सेक्टर-75 निवासी गोपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 23 अप्रैल की रात ग्रीन आर्च सोसाइटी के सामने उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। सुबह में कार में बैठ रहने के दौरान सोने की चेन व ब्रेसलेट चोरी कर आरोपी भाग गए। कोतवाली प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि ड्रीम वैली सोसाइटी के सामने से गाजियाबाद निवासी रोहित चौहान उर्फ बोबी (23) और सोनू ठाकुर (19) को गिरफ्तार किया गया।

# ग्रेनो के 12 सेक्टरों में वेंडिंग जोन बनकर तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के 12 आवासीय सेक्टरों में वेंडिंग जोन बनकर तैयार हो गए हैं। इनमें 673 दुकानें यानी शेड बनाए गए हैं। इनके आवंटन के लिए नियम और शर्तें तय कर आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक लोग चार मई तक आवेदन कर सकते हैं।पात्र लोगों को अगले दो से तीन माह में जगह आवंटित कर दी जाएगी। वेंडिंग जोन में बिजली, पेयजल जैसी सभी जरूरी सुविधाएं मिलेंगी। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक अधिसूचित क्षेत्र के भूमिहीन मजदूरों के अलावा दिव्यांगों, महिलाओं, एससी, एसटी, अति पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिया जाएगा।

सत्यापन के बाद ड्रॉ के माध्यम से जगह दी जाएगी। वेंडिंग जोन में साग सब्जी, फल, फास्ट फूड जैसी जरूरी चीजों के अलावा किताब-कॉपी की दुकानें भी होंगी। फुटपाथ विक्रेता जिस क्षेत्र में ठेली पटरी लगाते हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर उसी सेक्टर के वेंडिंग जोन में जगह दी जाएगी।ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों के भूमिहीन मजदूरों को 33 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। क्षेत्रफल के हिसाब से 3850, 6050, 2200 3300 और 1650 रुपये मासिक किराया निर्धारित किया गया है।अर्बन सर्विसेज विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव ने बताया कि योजना में आवेदन करने वाले लोगों का सत्यापन कर वेंडिंग जोन में जगह उपलब्ध कराई जाएगी। यह प्रक्रिया अगले दो से तीन माह में पूरी कर ली जाएगी। इससे अवैध ठेली पटरी पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। इन सेक्टरों में बनाए गएअल्फा-2, बीटा-1,2, ओमिक्रोन-1ए, ज्यू-2, गामा-2, डेल्टा-1, 3, पाई-1,2, ओमिक्रोन-3, ज्यू-3 आदि सेक्टरों में वेंडिंग जोन का काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा कुछ अन्य सेक्टरों में योजना बनाई जा रही है। तिगरी में 60 लोगों को आवंटित होगाग्रेटर नोएडा वेस्ट के तिगरी में वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। इसके लिए परियोजना विभाग ने सर्वेक्षण कर लिया है। यहां पहले से ठेली पटरी लगाने वाले 60 लोगों को जगह आवंटित की जाएगी। लगभग 100 मीटर लंबाई और 15 मीटर चौड़ाई क्षेत्र में दुकानें लगाने के लिए जगह दी जाएगी।

# डीएम ने उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में श्रमिक दिवस के अवसर पर एक मई को 201 स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। साथ ही सरकारी और 22 निजी अस्पतालों में श्रमिकों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच, उपचार आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।श्रमिक दिवस पर आयोजित होने वाले मेगा स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में शनिवार को उद्यमी संगठनों के प्रति. निधियों के साथ बैठक की। इसमें श्रमिकों के कल्याण, उनकी सुविधाओं के विस्तार और उन्हें अधिकतम लाभ सुनिश्चित कराने के संबंध में समीक्षा की गई।जिलाधिकारी

ने उद्यमियों को बताया कि श्रमिक दिवस के अवसर पर एक मई को विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें स्वास्थ्य शि. विर को लेकर महा अभियान चलाया जाएगा। ज्इसके तहत जिले में 201 शिविर लगेंगे। सरकारी अस्पतालों और 22 निजी अस्पतालों में श्रमिकों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच, उपचार आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा के तहत जीवन बीमा,स्वास्थ्य बीमा और उनके बच्चों की शिक्षा हेतु स्टॉल लगाकर जानकारी देते हुए उनको लाभान्वित भी किया जाएगा।बैठक में उद्यमियों कहा गया कि वे अपने प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों को इन शिविरों के प्रति जागरूक करें और उन्हें अधिकाधिक संख्या में स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उपायुक्त उद्योग पंकज निर्वाण, नोएडा एंटरप्रिन्योर एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन आदि उद्यमी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में दम भरेंगी जिले की पहलवान रिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर की महिला पहलवान रिया नागर, महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कुश्ती चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करती हुई दिखाई देंगी। प्रतियोगिता के लिए पहलवान का चयन गोंडा में आयोजित राष्ट्रीय ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन करने के आधार पर हुआ है।

ट्रायल में पहलवान ने स्वर्ण पदक हासिल किया। महाराष्ट्र के संभाजी नगर में 27 से 30 अप्रैल तक अंडर-17 कैटेगरी में राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

इसमें शामिल होने के लिए गोंडा के नंदिनी नगर में शनिवार को राष्ट्रीय ट्रायल का आयोजन किया गया। इस ट्रायल में गौतमबुद्ध नगर की चार महिला पहलवान रिया नागर, जानवी, वंशिका नागर, खुशबू चौधरी ने भाग लिया। इनमें से 57 किग्रा भार में रिया ने अपनी दावेदारी पेश कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया है।

पहलवान ग्रेटर नोएडा के दादरी क्षेत्र स्थित धूम मानिकपुर गांव में संचालित नोएडा कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन कुश्ती अकादमी में कोच रवि गुर्जर की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। कोच रवि गुर्जर का कहना है कि पहलवान की मेहनत व लगन को देखते हुए उन्हें उम्मीद है वह राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश के साथ जिले का नाम रोशन करेंगी।

# ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है।

यह घटना जारचा थाना क्षेत्र के बिसहाड़ा रोड पर हुई। बिसाडा गांव निवासी 26 वर्षीय धर्मेंद्र अपने पिता को वर्कशॉप में खाना देकर मोटरसाइकिल से गांव लौट रहा था। तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और उसे कुचल दिया। धर्मेंद्र की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने दादरी-बिसहाड़ा रोड को जाम कर दिया।पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया और चालक को हिरासत में ले लिया। इसके बाद ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया गया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस सड़क पर अक्सर ऐसे हादसे होते रहते हैं, जिनमें लोगों की जान जाती है। उनका कहना था कि इस संकरी सड़क पर बड़े वाहन लाप. रवाही से चलाए जाते हैं और पुलिस को ऐसे चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

जारचा पुलिस ने बताया कि एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारी थी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक और उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

## नशे में बस चलाने के आरोपी की संविदा समाप्त

**नोएडा।** नशे में धुत होकर डिपो की बस चला रहे चालक की संविदा समाप्त कर दी गई है। आरोपी चालक ओमप्रकाश मार्च में हाथरस में नोएडा डिपो की बस चला रहा था। शिकायत पर पहुंचे प्रवर्तन दल ने चालक की जांच कराई और दोषी पाए जाने पर उसकी संविदा समाप्त कर दी गई।

एआरएम रोहिताश कुमार ने बताया कि बस अनियंत्रित होने लगी तो महिला परिचालक व यात्रियों ने शिकायत की। इसके बाद परिवहन निगम की प्रवर्तन दल जांच के लिए पहुंची और सवारियों को अन्य बसों में शिफ्ट किया गया। चालक के नशे में धुत होने पर उसकी संविदा समाप्त कर दी गई।

# यूपी रेरा ने 1270 करोड़ की परियोजना को दी मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने कुल 1,270.48 करोड़ के अनुमानित निवेश वाली 15 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी है। राज्य के 10 जिलों में फैली इन परियोजनाओं के जरिए लगभग 3,102 आवासीय और व्यावसायिक इकाइयों का विकास किया जाएगा। ये निर्णय 201वीं प्राधिकरण बैठक में लिया गया।

स्वीकृत परियोजनाओं में आवासीय, व्यावसायिक व मिश्रित उपयोग की परियोजनाएं शामिल हैं, जिनका उद्देश्य आवास उपलब्धता बढ़ाना और व्यावसायिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना है।

**दस जिलों की परियोजनाओं को मिली मंजूरी:** निवेश की संख्या के मामले में गौतम बुद्ध नगर सबसे आगे रहा। जिले में 507.77 करोड़ की लागत वाली 02 आवासीय व 01 कमर्शियल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जिनके तहत कुल 380 आवासीय व 169 कमर्शियल इकाइयों का निर्माण होगा।

लखनऊ में 90.77 करोड़ लागत की कुल चार परियोजनाएं मंजूर की गईं। इन परियोजनाओं के तहत 330 आवासीय व 348 कमर्शियल इकाइयों का विकास होगा। इससे शहर में आवासीय और व्यावसायिक ढांचे का संतुलित विकास होगा। मुरादाबाद में 335.77 करोड़ लागत की एक व्यावसायिक परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसके अंतर्गत 627 आवासीय इकाइयों का निर्माण होगा।

बदायूं में 72 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति दी गई, जिसके तहत 226 आवासीय इकाइयां विक. सित की जाएंगी। इसी प्रकार वाराणसी में 36. 68 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना मंजूर की गई है, जिसमें 98 आवासीय इकाइयों का विकास होगा। मेरठ में 20.25 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति मिली है, जिसके अंतर्गत 76 आवासीय इकाइयां विकसित की जाएंगी।




प्रयागराज में 31.19 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसके तहत 99 आवासीय आवासीय इकाइयों का निर्माण होगा। मुजफ्फरनगर में 12.37 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसके तहत 127 आवासीय इकाइयों का निर्माण होगा। गाजियाबाद में 122.18 करोड़ लागत की एक व्यावसायिक परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसके तहत 330 व्यावसायिक इकाइयों का निर्माण होगा।

इसके अतिरिक्त गोरखपुर में 41.50 करोड़ लागत की एक व्यावसायिक परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसमें 292 व्यावसायिक इकाइयां विकसित की जाएंगी।

**आर्थिक गतिविधि और रोजगार को बढ़ावा:** इन परियोजनाओं में 1,270.48 करोड़ से अधिक का कुल निवेश निर्माण चरण के दौरान रोजगार के अवसर उत्पन्न करेगा। निर्माण सामग्री, श्रम, इंजीनियरिंग सेवाओं, परिवहन और अन्य संबंधित क्षेत्रों में मांग बढ़ने से संबंधित जिलों की आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# होमगार्ड परीक्षा से 1791 ने किया किनारा

## पहले दिन शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई परीक्षा, कड़ी सुरक्षा में तीसरी आंख की निगरानी में हुई परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कड़ी सुरक्षा के बीच होमगार्ड परीक्षा नगर के दस परीक्षा केन्द्रों पर पहले दिन शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। पहले दिन 1791 अभ्यर्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया।परीक्षा प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जा रही है।

जिले में होमगार्ड भर्ती परीक्षा का आज विधिवत शुभारंभ हुआ। 10 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें पहली पाली में पंजीकृत 4704अभ्यर्थियों में से 3710 ने परीक्षा दी जबकि 934 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं दूसरी पाली में पंजीकृत 4704 अभ्यर्थियों में से 3847 परीक्षा देने पहुंचे तथा 857 अनुपस्थित रहे। पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली।



अमरोहा। होमगार्ड परीक्षा देकर केन्द्र से बाहर निकलते अभ्यर्थी।



अमरोहा। नगर के आईएम इंटर कालेज गेट पर लगी अभ्यर्थियों की कतार।

परीक्षा को नकलविहीन और निष्पक्ष बनाने के लिए इस बार सुरक्षा व्यवस्था को बेहद सख्त रखा गया है। सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की गहन तलाशी ली गई। किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या संदिग्ध सामग्री को पूरी तरह प्रतिबंधित रखा गया। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से हर गतिविधि पर लगातार नजर रखी जा रही है।इसके अलावा प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे। केंद्र व्यवस्थापकों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता पर तुरंत कार्रवाई की जाए। परीक्षा के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग और अनुशासन का भी विशेष ध्यान रखा गया। यह भर्ती परीक्षा कुल तीन दिनों तक चलेगी, जिसमें प्रतिदिन दो पालियों में अभ्यर्थियों की परीक्षा ली जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना है।

# होमगार्ड परीक्षा के चलते शहर में लगा जाम

## पुलिस को जाम खुलवाने में छूटे पसीने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। होमगार्ड परीक्षा की दोनों पालियों के समाप्त होने के बाद शहर जाम के हालात बन गए। परीक्षा केंद्रों से एक साथ निकले परीक्षार्थियों के कारण टीपी नगर चौराहा, बिजनौर रोड, जोया पुल और आसपास के प्रमुख मार्गों पर कुछ देर के लिए जाम मे फंसकर वाहनों के पहियों की रफ्तार थमने से लोग परेशान नजर आए। परंतु पुलिस व ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की मुस्तैदी के चलते लोगों को घंटो जाम से दो चार नहीं होना। जाम की स्थिति को जल्दी ही कंट्रोल कर राहगीरों को जाम के झाम से निजात दिलाई गई।

शनिवार को शहर के दस परीक्षा केंद्रों पर होमगार्ड परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा के मद्देनजर यातायात पुलिस द्वारा पहले ही रूट डाइवर्जन प्लान लागू किया गया था। जिससे शहर में दिन भर यातायात व्यवस्था सामान्य बनी रहे। शनिवार को परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न हुई पहली पाली सुबह दस से दोपहर दो बजे तक और दूसरी तीन से पांच बजे तक तीन दिनों कुल 28224 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। दोपहर को पहली पाली ओर शाम को दूसरी पाली की परीक्षा समाप्त होते ही अभ्यर्थी एक साथ बाहर निकले तो अचानक वाहनों की भीड़ बढ़ गई। जिससे टीपी नगर चौराहा,बिजनौर रोड, फ्लाईओवर व स्टेशन रोड पर वाहनों की कतारें लग गई। वाहन रेंग रेंग कर चलने लगे और कुछ देर के लिए पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। भीषण गर्मी में जाम मे फंसने पर लोग कुछ ही देर में बेहाल नजर आए। परंतु पुलिस व ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की मुस्तैदी के चलते जाम की स्थिति को जल्दी ही नियंत्रण में कर लिया गया। परीक्षा के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना अभ्यर्थियों को ना करना पड़े इसके लिए सुरक्षा व यातायात के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।जाम से छुटकारा पाने के लिए रूट डाइवर्जन किया गया और भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई थी।

# खम्भा लगाने के विरोध में किसान को पीटा

## तीन पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा**। बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव ककराला में खेत के पास बिजली का खंभा लगाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विरोध के दौरान एक किसान के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की गई। तीन नामजद आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

गांव ककराला निवासी किरनपाल सिंह पुत्र भरत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार 24 अप्रैल को उनके खेत के पास बिजली विभाग की ओर से खंभा लगाया जा रहा था। इसी दौरान पड़ोसी खेत मालिक महेश और सुरेश अपने साथी यश के साथ मौके पर पहुंचे और खंभा लगाने का विरोध करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने समझाने का प्रयास किया तो आरोपी यश गाली-गलौज करने लगा और उनके साथ मारपीट कर दी। शोर होने पर आसपास के लोग जुटने लगे, जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी कुलदीप तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर महेश, सुरेश और यश के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# हाइवे पर पलटी गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली

## हादसे में पिता-पुत्र बाल-बाल बचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रजबपुर क्षेत्र में शनिवार सुबह नेशनल हाईवे पर एक सड़क हादसा हो गया। गन्ने से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक वीरेंद्र सिंह और उनके पुत्र लविश बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद हाईवे पर काफी देर जाम के हालात बने रहे, वाहनों को सर्विस रोड से गुजराना पड़ा।

घटना शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली भावलपुर से ढयोटी जा रही थी। जैसे ही यह शकरपुर गांव के अंडरपास फ्लाईओवर पर पहुंची, हाईवे पर दौड़ती ट्रॉली अचानक उछल गई। ट्रॉली के उछलते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और हाईवे पर पलट गया। चालक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रॉली उछलने के बाद ट्रैक्टर को नियंत्रित करने के काफी प्रयास किए गए, लेकिन वह संभल नहीं सका। ट्रॉली के ठीक से न भरे होने को हादसे की वजह बताया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि ट्रैक्टर सवार पिता-पुत्र दोनों सुरक्षित रहे और किसी अन्य वाहन को टक्कर नहीं लगी। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ट्रैक्टर लगभग हाईवे के बीच में पलटने से यातायात घंटों तक बाधित रहा। सूचना मिलने पर एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस की मदद से राहत कार्य शुरू किया। कुछ समय के लिए फ्लाईओवर से सर्विस रोड पर यातायात को डायवर्ट किया गया, जिसके बाद यातायात पुनः सुचारू हो सका। मौके पर पहुंची हाइड्रा मशीन की मदद से ट्रैक्टर को सीधा किया गया। हाईवे पर पड़े गन्नों को हटाते हुए यातायात को सुचारू कराया गया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने घटना की जांच कराए जाने की बात कही।



अमरोहा। होमगार्ड परीक्षा के चलते टीपीनगर चौराहे पर लगे जाम का नजारा।

# महिलाओं को उनका हक नहीं देना चाहता विपक्ष: मलिक

## भाजपा महिलाओं को आगे बढ़ाना चाहती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। प्रभारी मंत्री के पी मालिक ने कहा कि जब नारी शक्ति अधिनियम लाया गया तो विपक्षी दलों ने चुनावों के दबाव में उसका समर्थन किया। परंतु जब वास्तव में महिलाओं को अधिकार देने का समय आया तो उनकी महिला विरोधी सोच खुलकर सामने आ गई। भाजपा महिला सशक्तिकरण को और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए विरोधी ताकतों के खिलाफ दृढ़ता से लड़ाई लड़ी जाएगी।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने विपक्ष पर निशाना साधते कहा कि संसद में महत्त्वपूर्ण विधेयकों का विरोध कर कांग्रेस,सपा, टीएमसी और डीएमके ने देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात कर महिला विरोधी मानसिकता को पूरी तरह उजागर कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के इस महिला विरोधी रवैये के खिलाफ देश के सामने सच्चाई रखी है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि यह राजनीति नहीं बल्कि राष्ट्र हित मे निर्णय लेने का समय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों को डर है कि यदि महिलाओं को उनके ऐतिहासिक अधिकार मिल गए तो उनकी बची, हुई राजनीतिक जमीन भी खिसक जाएगी। सरकार महिलाओं के अधिकारों के लिए इन विरोधी ताकतों के खिलाफ मजबूती से लड़ेगी ताकि देश की आधी आबादी को उसका हक मिल सके। इस अवसर पर विधायक राजीव तरारा, महेंद्र सिंह खड़ागवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, प्राचार्या डा. सुमेधा आदि लोग मौजूद रहे।




## महिला सशक्तिकरण के समर्थन में विपक्ष का पुतला फूंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। महिला सशक्तिकरण के समर्थन में जन-जागरूकता यात्रा निकाली गई, जिसमें मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस दौरान दौरान महिलाओं ने विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

नगर के बिजनौर रोड स्थित होटल में नारी शक्ति का स्वाभिमान विषय पर जन आक्रोश महिला सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेते हुए अपने अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए एकजुटता का परिचय दिया।इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण के समर्थन में जन-जागरूकता यात्रा भी निक.ाली गई, जिसमें मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सम्मेलन के दौरान महिलाओं ने विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने नारी सम्मान को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। साथ ही समाज में महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री श्री के.पी. मलिक, श्रीमती दीपमाला, आचार्य सुमेधा, राजीव सिसोदिया, जिपं अध्यक्ष ललित तवर, श्रीमती मीनाक्षी चौधरी, हिमांशु त्यागी आदि रहे।

# गाली देने के विरोध में पिता-पुत्र पर हमला

## चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के गांव मुकारमपुर में पिता को गाली देने का विरोध करना एक युवक को महंगा पड़ गया। दबंगों ने युवक और उसके पिता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि युवक के सिर पर धारदार हथियार से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामले में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम मुकारमपुर निवासी गौरव पुत्र अतर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 अप्रैल की रात करीब आठ बजे गांव के ही काशीराम, गंगासरन, सुरेश और महेश उसके पिता अतर सिंह को गाली-गलौज कर रहे थे। जब उसने इसका विरोध किया और कारण पूछा, तो आरोपी भड़क गए। आरोप है कि सभी ने गौरव को घेरकर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक आरोपी ने उसके सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। बेटे को बचाने आए पिता अतर सिंह के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। घटना के बाद आरो. पियों ने दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। आरो. पियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं और मामले की जांच जारी है।

# कमरे का ताला तोड़कर सामान बाहर फेंका

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। एक किरायेदार ने दूसरे किरायेदार महिला के कमरे का ताला तोड़कर सामान बाहर फेंक दिया और खुद कब्जा कर लिया। इस बात का पता चलने पर महिला किरायेदार पहुंची और विरोध जताया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला सुल्ताननगर में कब्रिस्तान के पास स्थित एक घर रामा सैनी पुत्री राज.श सैनी किराये पर रहती है। इसी घर में पड़ोस में बने कमरे में अफजल नामक किरायेदार रहता है। इस मकान की बिजली की लाइन कटी होने के कारण रामा सैनी ने दूसरे स्थान पर कमरा तलाश लिया था और उसमें 6 दिन पूर्व

**■ दूसरे किरायेदार ने दिया घटना को अंजाम, रिपोर्ट दर्ज**

काफी सामान रख दिया था, कुछ सामान शेष था, जिसे लेने के लिए बुधवार को महिला कमरे पर पहुंची, यहाँ जाकर देखा तो अफजल ने उसके कमरे का ताला तोड़कर सामान बाहर फेंक दिया था और कमरे पर कब्जा कर लिया था। रामा सैनी ने इसका विरोध किया तो अफजल ने उसके साथ गाली- गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी और कहा कि उसे गजरौला में कहीं नहीं रहने दूंगा। घटना के बाद थाने पहुंची पीड़िता ने आरोपी के पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी अफजल के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है।

## हादसे में मामा-भांजे घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार मामा भांजे के टक्कर मार कर उन्हें घायल कर दिया। घायलों को परिजन उपचार कराने के लिए मेरठ ले गये। गुरुवार की रात जनपद संभल के चंदौसी निवासी अतुल अपने भांजे सोनू के साथ बाइक पर बैठकर गढ़ मुक्तेश्वर से अपने घर लौट रहे थे। भीकनपुर उझारी के बीच स्थित पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मामा भांजे सड़क के किनारे गिरकर पूरी तरह से घायल हो गये। अर्टिका कार में अतुल के रिश्तेदार पीछे से आ रहे थे। जब उन्होंने घायलों को देखा तो उन्होंने दोनों को उठाया तथा उपचार के लिए मेरठ ले गये। वारदात को अंजाम देकर अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से यदि मामा भांजे सड़क किनारे कच्चे में ना गिरते तो बड़ा हादसा घटित हो सकता था।

# शहबाजपुर में पेड़ पर चढ़ा तेंदुआ, मचा हड़कम्प

## रेस्क्यू टीम मौके पर, पिंजरा लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। अमरोहा के डिडौली कोतवाली क्षेत्र के शाहबाजपुर गांव में एक बार फिर तेंदुए की दहशत फैल गई है। बुधवार सुबह गांव के पास एक पेड़ पर तेंदुआ दिखाई देने से इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोगों ने खेतों के पास एक ऊंचे पेड़ पर तेंदुए को बैठा देखा। शुरुआत में उन्हें यकीन नहीं हुआ, लेकिन जब आसपास के लोग इकट्ठा हुए, तो तेंदुआ स्पष्ट रूप से नजर आया। इसके बाद पूरे इलाके में डर का माहौल बन गया और तुरंत वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम ने घेराबंदी की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी की।



ग्रामीणों को घरों में रहने और बच्चों को बाहर न निकलने की हिदायत दी गई है। शाहबाजपुर निवासी जाहिद हुसैन के अनुसार, गांव के जंगलों में प्रधान सहरोज ने आम के पेड़ पर तेंदुआ देखा था। ग्रामीणों की भीड़ जुटने पर तेंदुआ डरकर जाहिद हुसैन के सेम के खेत में घुस गया। उप प्रभागीय वन अधिकारी नरेश कुमार जोशी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम में उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राजीव वर्मा, हल्का प्रभारी उप निरीक्षक नेपाल सिंह और उप निरीक्षक यशवंत सिंह शामिल थे। टीम ने सेम के खेत को चारों तरफ से जाल से घेर दिया है और एक तरफ पिंजरा लगाया गया है। रेस्क्यू टीम मौके पर तैनात है।स्थानीय लोगों के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में तेंदुए की आवाजाही की खबरें मिल रही थीं, जिससे ग्रामीण पहले से ही चिंतित थे। अब पेड़ पर तेंदुआ दिखने के बाद दहशत और बढ़ गई है। वन विभाग तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने की कोशिश कर रहा है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है।

# 50 लाख में छूटा हजरत शेख दाउद उर्स का ठेका

**उझारी**। नगर में प्रतिवर्ष लगने वाले हजरत शेख दाऊद बंदगी रहमतुल्लाह अलैह के उर्स का ठेका 50 लाख रुपए में छोटा है जनपद अमरोहा के कस्बा उझारी में प्रति वर्ष हजरत शेख दाऊद बंदगी रहमतुल्लाह अलैह का उर्स संपन्न होता है जिसमें रात के समय कव्वाली मुशायरा आदि के प्रोग्राम चलते हैं जबकि दिन में विशाल दाऊदिया दंगल आयोजित किया जाता है उर्स मेले में क्षेत्र एवं दूर दराज से भारी संख्या में लोग पहुंचते हैं हजरत शेख दाऊद बंदगी रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड में दर्ज है उर्स का प्रतिवर्ष ठेका छूटता है इस वर्ष उर्स कमेटी ने 25 अप्रैल को ठेका होने के लिए टेंडर निकला था जिस पर तीन ठेकेदारों ने 7 -7 लाख की जमानत राशि जमा की ठेके की बोली 46 लाख से शुरू की गई जिसमें पहले बोली इफ्तिखार ठेकेदार ने लगाई 46 लाख 5000 दूसरी बोली 47 लाख शाहनवाज सराय खजूर ने लगाई तीसरी बोली 47 लाख 5000 जगपाल कटारिया ने लगाई इसी तरह ठेकेदार बोली लगते रहे जिसमें जगपाल कटारिया ने आखिरी बोली 50 लाख रुपए बोलकर बोली अपने नाम ठेका छुड़ा लिया उझारी वक्फ 311 की दरगाह पर लगने वाले उर्स मेले का ठेका सदर मोहम्मद ताहिर सचिव इफ्तिखार उल हसन की मौजूदगी में किया गया।

# हाइवे पर तेज गति से दौड़ रही कार पलटी, युवक की मौत

## चार अन्य युवक घायल, मुरादाबाद जाते हुआ हादसा, पुलिस ने कराया अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हाइवे पर तेज गति से दौड़ रही कार अनियंत्रित होकर लटक गयी। हादसे में एक युवक की मौत हो गयी जबकि चार अन्य घायल हो गये।

गजरौला की एमडीए कॉलोनी निवासी गॉडविन पुत्र सुनील कुमार शनिवार दोपहर लगभग एक बजे अपने नगर निवासी दोस्त विमल, विनीत, आमोद व प्रिंस के साथ गजरौला से मुरादाबाद की ओर जा रहा था। पुलिस के मुताबिक कार की रफ्तार अधिक थी। इसी बीच वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी के फ्लाईओवर से पहले अनियंत्रित हुई कार हवा में लहराते हुए हाईवे पर पलट गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई व उसमें सवार पांचों लोग अंदर ही फंस गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची व स्थानीय लोगों की मदद से कार को सड़क किनारे कराने के बाद अंदर फंसे पांचों युवकों को बाहर निकाला। जिनमें से गॉडविन की मौत हो चुकी थी। वहीं गंभीर घायल विमल, विनीत, आमोद व प्रिंस को पुलिस ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जिनका उपचार जारी है। सीओ सिटी अभिषेक यादव के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में तहरीर के आधार पर आगे जांच व कार्रवाई की जाएगी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि हादसा कार की रफ्तार अधिक होने के चलते हुआ।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **मुख्य परियोजना प्रबंधक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ** द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा **(दोहरी पैकेट प्रणाली)**, जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक **22.05.2026** को **11:30 बजे** तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 02-DyCE-GSU-LKO-2026-27 दिनांक 24.04.2026 | | |
| निविदा सं. | 02-DyCE-GSU-LKO-2026-27 | | |
| कार्य का नाम | गति शक्ति इकाई, उत्तर रेलवे, लखनऊ की परियोजनाओं के लिए सामान्य परामर्शदाता (GC) की नियुक्ति | | |
| अनुमानित लागत | ₹3,75,16,227.66 | धरोहर राशि | ₹3,37,600/- |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चौबीस माह | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 08.05.2026 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 22.05.2026 को 11:30 बजे | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 1372/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ





नई दिल्ली। पंजाब को प्रभसिमरन दिल्ली के खिलाफ मैच में अपनी शानदार पारी के दौरान शॉट खेलते वहीं कप्तान अय्यर अपन अर्द्धशतक पूरा करने के बाद



जयपुर। राजस्थान के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 37 गेंद में 103 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली राजस्थान ने पहले खेलते हुए 228/6 रन बनाएं

## खेल विशेष

**बंगलादेश की नाहिदा, सरमिन पर जुर्माना और डिमेरिट पॉइंट्स लगाए गए**

ढाका, वार्ता। बांग्लादेश की नाहिदा अख्तर और सरमिन सुल्ताना पर बुधवार को राजशाही में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के अलग-अलग लेवल 1 उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दोनों खिलाड़ियों को एक-एक डिमेरिट पॉइंट भी मिला, जो पिछले 24 महीनों में उनकी पहली ऐसी गलती थी। नाहिदा पर 17वें ओवर में श्रीलंका की कप्तान चामरी अथापट्टू को आउट करने के बाद गुस्से में विदाई देने के लिए जुर्माना लगाया गया, जबकि सरमिन पर बंगलादेश के लक्ष्य का पीछा करते हुए 16वें ओवर में पगबाधा दिए जाने के बाद असहमति दिखाने, अपनी विदाई में देरी करने और बल्ला अंदर करने का इशारा करने के लिए जुर्माना लगाया गया।

**भुल्लर सिंगापुर ओपन के टॉप-5 में कायम**

सिंगापुर, वार्ता। मुश्किल हालात में गोल्फ के उतार-चढ़ाव वाले राउंड के बावजूद, गगनजीत भुल्लर ने कड़ी मेहनत की और बिजनेस टाइम्स द्वारा पेश किए गए सिंगापुर ओपन के तीसरे दिन लीडरबोर्ड के टॉप-5 में बने रहे। 20 लाख डॉलर के इंटरनेशनल सीरीज इवेंट में लीडरबोर्ड में सबसे ऊपर कोरिया के जियोंगवू हैम हैं, जिन्होंने आज 68 का स्कोर करने के बाद तीनों दिन लीड बनाए रखी है। सेंटोसा गोल्फ क्लब के मुश्किल सेरापोंग कोर्स के साथ एनर्जी खत्म करने वाले हालात में भी, भुल्लर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मूविग डे पर 1-ओवर 72 का स्कोर किया, यह राउंड उनके लिए नुकसान कम करने और रेस में बने रहने के बारे में था। भुल्लर अभी 6-अंडर 207 के साथ टाई-पांचवें स्थान पर हैं, यह स्थान उन्होंने थाई जैज जानेवतनंद (68-66-73) और पाकिस्तान के अहमद बेग (69-71-67) के साथ शेयर किया।

**युवाओं को गवर्नेंस का हिस्सा बनाने का सही समय: कर्नल राठौर**

नई दिल्ली, वार्ता। एथेंस ओलंपिक के रजत पदक विजेता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर ने शनिवार को देश के युवाओं से अपने लक्ष्य पाने के लिए फोकस्ड रहने को कहा। ओलंपिक मेडलिस्ट कर्नल राठौर, जिन्होंने अपने शानदार स्पोर्ट्स करियर में अलग-अलग ग्लोबल और एशियन शूटिंग इवेंट्स में 9 गोल्ड मेडल जीते, ने कहा कि हम सभी को अपने लक्ष्य पाने के लिए कभी-कभी फेल होना पड़ता है। यहां यूथ समिट, एनडीटीवी युवा 2026 में बोलते हुए, कर्नल राठौर ने आगे कहा कि युवाओं को गवर्नेंस का हिस्सा बनाने का यह सही समय है। राठौर, जो अभी राजस्थान सरकार में इंडस्ट्री, स्पोर्ट्स और यूथ अफेयर्स मिनिस्टर हैं, ने कहा कि जब हम छोटे थे, तो हमारी अवेयरनेस का लेवल काफी कम था। आज के युवाओं में अवेयरनेस का लेवल बहुत ज्यादा है। वे दुनिया के बारे में, देश के बारे में जानते हैं। देश किस तरफ जाएगा, यह काफी हद तक युवाओं पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि हम सबको फेल

# सूर्यकुमार, अय्यर, शिवम दुबे टी-20 मुंबई लीग के लिए रिटेन

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने टी-20 मुंबई लीग 2026 के लिए मंच तैयार कर दिया है। उन्होंने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की एक स्टार-स्टडेड लिस्ट जारी की है, जिसमें भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और शिवम दुबे शामिल हैं।



अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान आयु म्हात्रे, शार्दुल ठाकुर, तुाार देशपांडे और सरफराज खान जैसे बेहतरीन खिलाड़ियों को रिटेन करने और यशस्वी जायसवाल व अजिक्य रहाणे को आइकॉन प्लेयर बनाने के साथ, फ्रेंचाइजी ने एक मजबूत मुख्य टीम तैयार कर ली है। यह लीग के बढ़ते कद और उसकी प्रतिस्पर्धी बढ़त को दिखाता है। आठों टीमों में से हर एक ने तीन खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इस तरह उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और उभरते हुए घरेलू टैलेंट के बीच एक रणनीतिक संतुलन बनाया है, क्योंकि लीग अपने चौथे रोमांचक सीजन की ओर बढ़ रही है। ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट ने सूर्यकुमार (आइकॉन प्लेयर) को रिटेन किया है, जिन्होंने भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब दिलाया था। उनके साथ आयु और सूर्यांश शेडगे को भी रिटेन किया गया है।

# 'करो या मरो' के मुकाबले में भिड़ेंगे लखनऊ और कोलकाता

**लखनऊ, वार्ता।** लगातार हार झेल रही लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना रविवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई एकाना क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग के 38वें मैच में, वापसी कर रही कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा।



यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए 'करो या मरो' जैसा है, क्योंकि दोनों ही टीमें इस सीजन में संघा्र कर रही हैं और उनका भविय एक अहम मोड़ पर खड़ा है, लेकिन दोनों की मौजूदा स्थिति (मोमेंटम) बिल्कुल अलग है। लखनऊ लगातार चार हार से जूझ रही है और पॉइंट्स टेबल में नीचे खिसकती जा रही है, जबकि कोलकाता इस सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज करने के बाद नए आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेगी। लखनऊ के लिए, बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी सबसे बड़ी चिंता का विाय रही है। मिचेल मार्श और आयु बडोनी की सलामी जोड़ी टीम को ठोस शुरुआत देने में नाकाम रही है, जिससे कप्तान ऋाभ पंत पर शुरुआती दबाव बढ़ गया है। निकोलस पूरन, एडेन मार्करम, मुकुल चौधरी और हिम्मत सिंह से सजी मध्यक्रम की बल्लेबाजी ने कुछ मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उनमें सामूहिक निरंतरता की कमी दिखाई देती है। मार्श टीम के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं,

और टीम के लिए कुछेक उम्मीद की किरण हैं, जबकि मार्करम के आक्रामक रवैए ने टीम की बल्लेबाजी को कुछ गति प्रदान की है। हालांकि, पूरन और पंत के संघा्र ने टीम की मैचों को मजबूती से खत्म करने की क्षमता को काफी नुकसान पहुंचाया है। युवा खिलाड़ी मुकुल चौधरी एक अहम योगदानकर्ता के रूप में उभरे हैं, विशो रूप से इस सीजन की शुरुआत में कोलकाता के खिलाफ खेली गई।

# गुजरात के खिलाफ चेन्नई की उम्मीदें एक बार फिर सैमसन पर

**चेन्नई, वार्ता।** अलग-अलग ताकतों पर आधारित एक हाई-स्टेक्स मुकाबला होने वाला है, जब चेन्नई सुपर किंग्स रविवारको एमए चिदंबरम स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी, इस मैच का नतीजा शायद इन-फॉर्म खिलाड़ियों और टीम के संतुलन से तय होगा।



चेन्नई सुपर किंग्स इस मुकाबले में सीजन की खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी करके उतर रही है। इस बदलाव के केंद्र में संजू सैमसन रहे हैं, जिनके कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ ओपनिंग करने की उम्मीद है। सैमसन के आक्रामक स्ट्रोकप्ले ने सीएसके को टॉप ऑर्डर में गति दी है, जबकि गायकवाड़ अब तक भले ही औसत प्रदर्शन कर रहे हों, फिर भी पारी को संभाले हुए हैं। मध्य क्रम, जिसमें सरफराज खान, डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे शामिल हैं, स्थिरता और ताकत का मिश्रण पेश करता है, जरूरत पड़ने पर हर कोई रन बनाने की गति बढ़ा सकता है। एमएस धोनी के संभावित शामिल होने से अनुभव और मैच खत्म करने की ताकत जुड़ती है,

जबकि कार्तिक शर्मा विकेटकीपिंग के लिए एक वैकल्पिक विकल्प बने हुए हैं। ऑल-राउंड गहराई को जेमी ओवर्टन ने और मजबूत किया है, जिनकी दोहरी भूमिका टीम की लाइनअप में लचीलापन लाती है। गेंदबाजी यूनिट में नूर अहमद की स्पिन, अंशुल कंबोज की निरंतरता और गुरजपनीत सिंह व मुकेश चौधरी के तेज गेंदबाजी के विकल्प शामिल हैं। अकील हुसैन से एक 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है, खासकर ऐसी पिच पर जो स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार हो, वहीं, हाल ही में चोट के कारण हुए बदलावों के बाद आकाश मधवाल टीम को और गहराई देते हैं। दूसरी ओर, गुजरात टाइटन्स अपने जबरदस्त टॉप ऑर्डर पर बहुत ज्यादा निर्भर है, जिसमें साई सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर शामिल हैं।

इस तिकड़ी ने इस सीजन में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं, सुदर्शन ने हाल ही में एक शतक जड़ा है, जबकि गिल टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। बटलर की मौजूदगी टीम में विस्फोटक क्षमता जोड़ती है,

हालांकि उनकी निरंतरता में कमी अभी भी चिंता का विाय बनी हुई है। ग्लेन फिलिप्स मध्य क्रम में अतिरिक्त आक्रामक क्षमता प्रदान करते हैं, जिन्हें वॉशिंगटन सुंदर और शाहरुख खान का साथ मिलता है, हालांकि, इन दोनों का योगदान अब तक अनियमित रहा है। राहुल तेवतिया के एक 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर खेलने की उम्मीद है, जो मैच खत्म करने की क्षमता और रणनीतिक लचीलापन टीम में लाएंगे। टाइटन्स का गेंदबाजी आक्रमण उनकी सबसे बड़ी ताकतों में से एक बना हुआ है। चेन्नई के हालात में राशिद खान की स्पिन गेंदबाजी अहम साबित हो सकती है।

# अल्काराज कलाई की चोट के कारण फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस, वार्ता।** सात बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और दुनिया के नम्बर 2 खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को कहा कि कलाई की पुरानी चोट के कारण वह आने वाले इटैलियन ओपन और फ्रेंच ओपन में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। अल्काराज ने सोशल मीडिया पर बताया कि अपनी दाईं कलाई के मेडिकल टेस्ट के नतीजे आने के बाद, उन्होंने और उनकी टीम ने यह फैसला किया है कि सबसे समझदारी भरा कदम यही होगा कि सावधानी बरती जाए और रोम या रौलां गैरो में हिस्सा न लिया जाए। उन्होंने आगे कहा कि यह मेरे लिए एक मुश्किल दौर है, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि हम इससे और भी मजबूत होकर उभरेंगे। 22 साल के इस स्पेनिश खिलाड़ी को पिछले हफ्ते बार्सिलोना ओपन के पहले राउंड के मैच के दौरान यह चोट लगी थी। हालांकि उन्होंने फनिलैंड के ओटो विर्टानन को हरा दिया था।



# ऑरेंज कैप टेबल में शीर्ष पर पहुंचे विराट कोहली

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) बनाम गुजरात टाइटंस (जीटी) का शुक्रवार रात का मैच आईपीएल 2026 के ऑरेंज कैप तालिका में दिलचस्प बदलाव लेकर आया है। आरसीबी ने यह मुकाबला पांच विकेट से जीता।



ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड विराट कोहली एक बार फिर अपने परिचित अंदाज में दिखे। पारी की शुरुआत करते हुए, बड़े लेकिन बहुत बड़े नहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए और अंत में वह ऑरेंज कैप तालिका में भी परिचित जगह पर पहुंच गए। आरसीबी को जीत के लिए 206 रन बनाने थे। कोहली ने पारी की शुरुआत की, 14वें ओवर तक बल्लेबाजी की, मैच खत्म नहीं कर पाए लेकिन 44 गेंदों पर 81 रन बनाकर जीत की मजबूत नींव रखी। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया और वे रन बनाने वालों की सूची में शीर्ा पर पहुंच गए। अब उनके नाम सात पारियों में 328 रन हैं, जो दूसरे स्थान पर मौजूद सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएस) के अभिोक शर्मा से पांच रन ज्यादा हैं। शीर्ा दो के बाद एसआरएच के हेनरिक क्लासेन (320 रन) हैं, और उनके पीछे जीटी के शुभमन गिल हैं। गिल ने आरसीबी के खिलाफ 24 गेंदों पर 32 रन बनाए और सीजन में अपने कुल रन 297 तक पहुंचाए, जिससे वह चेन्नई सुपर किंग्स द्धसीएसकेत्र्ञ के संजू सैमसन से ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गए, जबकि सैमसन पांचवें स्थान पर खिसक गए। आरसीबी-जीटी मैच के बाद रजत पाटीदार भी आगे बढ़े। आरसीबी के कप्तान पाटीदार ने इस मैच में सिर्फ आठ रन बनाए जो उनका लगातार दूसरा कम स्कोर है लेकिन वह एसआरएच के इशान किशन के साथ 238 रन पर बराबरी पर पहुंच गए (स्ट्राइक रेट के आधार पर पाटीदार आठवें और किशन नौवें स्थान पर हैं)। वहीं जीटी के ओपनर साई सुदर्शन ने 58 गेंदों पर 100 रन बनाकर सीजन का पांचवां शतक लगाया और टॉप-10 में जगह बना ली। पर्पल कैप लीडरबोर्ड आरसीबी-जीटी मैच में केवल आठ विकेट गिरे, और उनमें से एक भी जीटी के प्रसिद्ध कृणा को नहीं मिला, जिससे वह 12 विकेट के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर ही बने रहे,

जहां वह एसआरएच के ईशान मलिगा के साथ हैं। उनसे आगे सीएसके के अंशुल कम्बोज और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के प्रिस यादव हैं। हालांकि, भुवनेश्वर कुमार ने जॉस बटलर का विकेट लिया, जिससे उनके इस सीजन में 11 विकेट हो गए। वह अब राजस्थान रॉयल्स के जोफ्रा आर्चर और रवि बिश्नोई के साथ बराबरी पर हैं, और ए तीनों शीर्ा चार के ठीक पीछे हैं।

## 'सही समय पर बाउंड्री लगाना मेरी जिम्मेदारी थी': कोहली

**बेंगलुरु, वार्ता।** विराट कोहली ने देवदत्त पड़िक्कल के साथ अपनी 115 रन की साझेदारी को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की 206 रन के सफल चेज में 'गेम चेंजर' बताया, जो उन्होंने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ हासिल किया। कोहली को 44 गेंदों में 81 रन (आठ चौके और चार छक्के) की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, और आरसीबी सात मैचों में पांचवीं जीत के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। विराट ने आरसीबी की बल्लेबाजी पर कहा कि मेरा मतलब है, हमें शुरुआत में विकेट को समझना था क्योंकि उनके पास क्वालिटी गेंदबाजी आक्रमण है, और बेंगलुरु में 200 (206) का पीछा करते हुए हमें पता है कि हमें सिर्फ एक साझेदारी की जरूरत होती है। मुझे लगता है कि मेरे और (जेकब) के बीच बातचीत यही थी कि पहले कुछ ओवर को समझें, क्या हो रहा है, और फिर वहां से खेल को आगे बढ़ाएं। मुझे लगता है कि देवदत्त पड़िक्कल ने इस सीजन में यह दूसरी बार किया है कि जब वह आए और पहली ही गेंद से शानदार बल्लेबाजी की। पड़िक्कल की 27 गेंदों में 55 रन की पारी ने मिडिल ओवर्स में आरसीबी को जरूरी रन रेट से काफी आगे रखा, और उनका आक्रामक इरादा जीटी के प्रमुख गेंदबाजों के खिलाफ भी साफ दिखा। कोहली ने कहा कि आप जानते हैं, कगिसो रबाडा के खिलाफ पहला चौका शानदार था। उनके पास गेम अवेयरनेस और क्षमता है। खासकर हमारी परिस्थितियों में अच्छे क्रिकेटिंग शॉट खेलने और विपक्षी टीम को नुक़सान पहुंचाने की।



जम्मू-कश्मीर। सांबा में 'नशा मुक्त-जम्मू-कश्मीर' अभियान के दौरान जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान।

## अमेरिका नहीं बढ़ाएगा रूस, ईरान से तेल खरीदने को छूट की अवधि: बेसेंट

**वाशिंगटन।** अमेरिका, रूस और ईरान से तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीदारी के लिए दी गई छूट की अवधि को नहीं बढ़ाएगा। यह बात अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि ईरानियों के लिए नहीं---हमने नाकेबंदी कर रखी है और वहां से कोई तेल बाहर नहीं आ रहा है। हमें लगता है कि अगले दो-तीन दिनों में उन्हें अपना उत्पादन बंद करने की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ेगी, जो उनके तेल के कुओं के लिए बहुत बुरा होगा। उन्होंने कहा कि वह रूस से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी के लिए दी गई छूट को एक बार फिर बढ़ाने की कल्पना भी नहीं कर सकते। अमेरिक के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने मार्च में आम लाइसेंस जारी किए थे, जिनके तहत रूस और ईरान के उस तेल से जुड़े सभी लेन-देन को मंजूरी दी गई थी, जो क्रमश: 11 अप्रैल और 19 अप्रैल तक जहाजों पर लादा जा चुका था।

## दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में छह लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी हिस्से में इजरायल के हवाई हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के आपात संचालन केंद्र के अनुसार, शुक्रवार को हुए इन हमलों में नागरिकों को निशाना बनाया गया। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने भी इसकी पुष्टि की है। संघर्षविराम को तीन सप्ताह के लिए बढ़ाए जाने के एक दिन बाद भी इजरायली सेना और हिज्बुल्ला के लड़ाकों के बीच झड़पें जारी रहीं। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर संघर्षविराम उल्लंघन का आरोप लगा रहे हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि वह दक्षिणी लेबनान के कुछ हिस्सों में अब भी तैनात है और उसने लितानी नदी तक अपने नियंत्रण क्षेत्र का विस्तार किया है। सेना के प्रवक्ता ने कुछ क्षेत्रों में नागरिकों की आवाजाही पर रोक की भी घोषणा की है।

# समुद्री नाकाबंदी से फिर बढ़ रहा तनाव

## अमेरिकी युद्धपोत-यूएसएस राफेल पेराल्टा ने ईरानी जहाज को रोका, सेंटकॉम ने की पुष्टि

**फ्लोरिडा (अमेरिका)।** अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकाम) ने पुष्टि की है कि अमेरिकी नौसेना के गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रायर यूएसएस राफेल पेराल्टा (डीडीजी 115) ने एक ईरानी झंडे वाले जहाज को समुद्र में रोक दिया है। यह कार्रवाई एक विशेष समुद्री मिशन के तहत की गई, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव एक बार फिर बढ़ गया है।

अमेरिकी नौसेना के अनुसार, 24 अप्रैल को इस जहाज की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह जहाज ईरान के बंदरगाह की ओर जा रहा था, जिसके बाद उसे रोकने का निर्णय लिया गया। इसके बाद अमेरिकी युद्धपोत ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जहाज को रोका और बोर्डिंग के जरिए उसकी जांच शुरू की। अमेरिकी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को व्यापक समुद्री अभियान का हिस्सा बताया है। शुक्रवार को पेंटागन में हुई ब्रीफिंग के दौरान जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन ने कहा कि अमेरिका ईरान के खिलाफ सख्त समुद्री नाकाबंदी नीति लागू कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना किसी भी स्थिति में



■ अमेरिकी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को व्यापक समुद्री अभियान का हिस्सा बताया

बड़े सैन्य अभियान को फिर से शुरू करने के लिए तैयार है, यदि राष्ट्रपति का आदेश मिलता है। जनरल केन ने बताया कि अमेरिका वैश्विक स्तर पर प्रतिबंधित और श्डार्क फ्लीटश जहाजों पर कार्रवाई कर रहा है। यह अभियान 8 अप्रैल से शुरू हुआ था। अब तक 34 जहाजों को रोका जा चुका है, जिनमें से कई ने अमेरिकी चेतावनी के बाद वापस लौटने का फैसला किया। अमेरिकी सेना ने हाल ही में मोटर वेसल तोस्का को भी जब्त किया था। चेतावनी के बावजूद जब जहाज नहीं रुका तो अमेरिकी मरीन ने हेलीकाप्टर के जरिए तेजी से कार्रवाई करते हुए जहाज पर नियंत्रण हासिल कर लिया। इसके अलावा 20 अप्रैल को ज्यार्दिल टैंकर को रोका गया, जिसमें कथित रूप से प्रतिबंधित ईरानी तेल मौजूद था। वहीं 22 अप्रैल को इंडियन ओशन में एक और जहाज मेजेस्टिक एक्स पोनी को भी जब्त किया गया। सेंटकाम ने साफ किया है कि किसी भी देश का जहाज यदि ईरान के बंदरगाहों की ओर जाता है या वहां से निकलता है, तो उसे रोका जाएगा। अमेरिकी सेना लगातार ऐसे जहाजों पर नजर रख रही है जो इस क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों में शामिल हैं। ब्रीफिंग के दौरान जनरल डैन केन ने 1983 में बेरूत में अमेरिकी दूतावास पर हुए बम हमले का भी उल्लेख किया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना अपने कर्मियों की बहादुरी और समर्पण को हमेशा याद रखती है और वर्तमान अभियानों में शामिल सैनिकों पर गर्व करती है।

# प्रेसिडेंट ट्रम्प का गोल्ड कार्ड वीजा हुआ फ्लॉप

## अब तक सिर्फ एक व्यक्ति ने ही हासिल किया, 1300 आवेदन बेचे जाने का किया था सरकार ने दावा



■ ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था, उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत पांच मिलियन डालर रखी थी
■ अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अब तक केवल एक व्यक्ति ने ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का बहुचर्चित 'गोल्ड कार्ड' वीजा हासिल किया है। गोल्ड कार्ड वीजा में कोई विदेशी 10 लाख डालर (9 करोड़ रुपये से ज्यादा) देकर अमेरिका में रहने और काम करने का अधिकार पा सकता है।

वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने संसदीय समिति की सुनवाई में यह जानकारी दी। यह आंकड़ा उनकी पहले की उस घोषणा से काफी कम है, जिसमें उन्होंने कहा था कि योजना लान्च होने के कुछ ही दिनों में करीब 10,800 करोड़ रुपये के 1300 आवेदन बेचे जा चुके हैं। लुटनिक ने सुनवाई के दौरान कहा कि फिलहाल सैकड़ों आवेदन प्रक्रिया में हैं। ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डालर रखी थी। सितम्बर में इसे घटाकर 1 मिलियन डालर कर दिया गया था। ट्रम्प का कहना था कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टाप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है। गोल्ड कार्ड की अनलिमिटेड रेसीडेंसी में नागरिकों को सिर्फ पासपोर्ट और वोट देने का अधिकार नहीं मिलता, बाकी सारी सुविधाएं एक अमेरिकी नागरिक के जैसी मिलती हैं। यह प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसे ग्रीन कार्ड के जरिए स्थायी निवास मिलता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि यह वीजा प्रोग्राम खास तौर पर धनी विदेशियों के लिए है, ताकि वे 1 मिलियन डालर देकर अमेरिका में रहते हुए काम कर सकें। अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि इस रकम का इस्तेमाल टैक्स को घटाने और सरकारी कर्ज चुकाने में किया जाएगा। ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लान्च किए थे। इनमें 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कार्पोरेट गोल्ड कार्ड' शामिल हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। वहीं ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड जल्दी शुरू किया जाएगा। कामर्स सेक्रेटरी हावर्ड लुटनिक के मुताबिक, यह गोल्ड कार्ड मौजूदा ईबी-1 और ईबी-2 वीजा की जगह लेगा। ग्रीन कार्ड श्रेणियां बंद हो सकती हैं। ईबी-1 वीजा अमेरिका का एक स्थाई निवास (ग्रीन कार्ड) वीजा है। ईबी-2 वीजा भी ग्रीन कार्ड के लिए है, लेकिन उन लोगों के लिए जो उच्च शिक्षा (मास्टर्स या उससे ऊपर) की योग्यता रखते हों।

## ब्रिटेन ने जंग में साथ नहीं दिया, ट्रम्प नाराज

**वाशिंगटन।** ब्रिटेन और स्पेन ने नाटो से जुड़ी एक अमेरिकी रिपोर्ट पर आपत्ति जताई है। इसमें कहा गया था कि ट्रम्प सरकार इन दोनों देशों को सजा देने पर विचार कर रही हैं। इसकी वजह ईरान के खिलाफ जंग में अमेरिका का खुलकर साथ नहीं देना है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन के भीतर अधिकारियों के बीच एक ईमेल के जरिए बातचीत हुई, जिसमें अलग-अलग संभावित कदमों (आप्शन्स) पर विचार किया जा रहा था।

जैसे कि विरोधी माने जा रहे देशों को नाटो के अहम पदों से हटाना, स्पेन जैसे देश को गठबंधन में उसकी भूमिका को सीमित करना और ब्रिटेन के फाकलैंड द्वीप पर दावे को लेकर अमेरिका की नीति की समीक्षा करना। हालांकि पेंटागन ने इस ईमेल पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी और यह ईमेल सार्वजनिक रूप से भी सामने नहीं आया है। ईरान पर हमलों के दौरान ट्रम्प और स्टार्मर के बीच तनाव देखने को मिला था। शुरुआत में ब्रिटेन ने अमेरिका को अपने एयरबेस इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी थी। बाद में ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद ब्रिटेन ने कुछ एयरबेस इस्तेमाल करने की इजाजत दी, ताकि होर्मुज या ब्रिटिश ठिकानों को खतरा पैदा करने वाले ईरानी ठिकानों पर हमला किया जा सके। हालांकि फिर ट्रम्प इससे खुश नहीं हुए। दूसरी तरफ अर्जेंटीना में इस खबर को लेकर खुशी का माहौल है। सरकार के प्रवक्ता जेवियर लानारी ने कहा कि उनका

■ ब्रिटेन के कब्जे वाले फाकलैंड द्वीप पर अर्जेंटीना का साथ दे सकते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति

देश 'माल्विनास' को वापस पाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ट्रम्प के करीबी माने जाते हैं। मिलेई ने भी कहा कि इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा। फाकलैंड द्वीप का मामला ब्रिटेन और अर्जेंटीना दोनों के लिए बहुत बड़ा मुद्दा है।

दोनों देश इस पर दावा करते हैं। अर्जेंटीना इस द्वीप को माल्विनास कहता है। फाकलैंड दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित हैं और अर्जेंटीना से सिर्फ 500 किमी दूर है। वहीं ब्रिटेन से यह 13000 किमी दूर स्थित है। अर्जेंटीना ऐतिहासिक रूप से इस द्वीप को अपना बताता आया है। अर्जेंटीना का कहना है कि ये द्वीप उसके पास होने चाहिए, क्योंकि ये उसके इलाके के करीब हैं। वहीं ब्रिटेन कहता है कि वहां रहने वाले लोग खुद को ब्रिटिश मानते हैं और उन्होंने वोट करके भी ब्रिटेन के साथ रहने की इच्छा जताई है, इसलिए यह उसका क्षेत्र है। 1982 में अर्जेंटीना ने इन द्वीपों पर कब्जा कर लिया था, जिसके बाद ब्रिटेन की तत्कालीन प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर ने सेना भेजकर सिर्फ 10 हफ्ते में इन्हें वापस हासिल किया था। अर्जेंटीना के आत्मसमर्पण करने से पहले लगभग 650 अर्जेंटीनाई सैनिक और 255 ब्रिटिश सैनिक मारे गए थे।

# ट्रम्प ने ईरानी नेताओं की हत्या का किया समर्थन

■ ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति के ऐसे संदेश को साझा किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी
■ ब्रिटेन के किंग चार्ल्स के साथ ईरान और नाटो के मुद्दे को लेकर चर्चा करेंगे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उनके देश के साथ समझौते के पक्ष में न होने वाले ईरानी नेताओं की हत्या का समर्थन किया है। वाशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार मार्क थीसेन ने 'एक्स' पर एक संदेश पोस्ट किया, जिसमें कहा गया है कि जो ईरानी नेता अमेरिका के साथ समझौते के पक्ष में नहीं हैं, उनकी हत्या कर दी जानी चाहिए। बाद में ट्रम्प ने इस संदेश को ट्रुथ सोशल पर साझा किया। थीसेन के संदेश में कहा गया कि अगर ईरान में दो धड़े हैं, जिनमें से एक समझौता चाहता है और दूसरा नहीं, तो समझौता न चाहने वाले नेताओं को हमें मार देना चाहिए। ट्रम्प के इस संदेश को साझा किए जाने पर ईरान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने इसे 'गंभीर नैतिक पतन का प्रमाण' बताया। प्रवक्ता ने कहा कि इस प्रकार के संदेश का समर्थन यह दर्शाता है कि अमेरिका अपने घोषित मूल्यों से हटकर हिंसा और उग्रवाद को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने ऐसे व्यक्ति का संदेश साझा किया है, जो खुले तौर पर उन लोगों की हत्या की बात कर रहा है जो समझौते के पक्ष में नहीं हैं। बाघेई ने कहा कि जो देश कभी लोकतंत्र, स्वतंत्रता और मानवीय मूल्यों का प्रतीक माना जाता था, वह अब हिंसा और हत्या को बढ़ावा देता दिखाई दे रहा है। उन्होंने प्रश्न खड़ा किया कि इसे गहरे नैतिक संकट के अलावा और क्या कहा जा सकता है। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ब्रिटेन के किंग चार्ल्स ।।। के अमेरिका के दौरे के दौरान उनके साथ उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और ईरान के खिलाफ अमेरिकी अभियान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ट्रम्प ने एक न्यूज एजेंसी को फोन पर बताया कि मैं हर चीज के बारे में बात करूंगा। मैं इस पर चर्चा करूंगा। वे मेरे दोस्त हैं, और वे बहुत अच्छे इंसान हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन का डिजिटल सेवा कर भी चर्चा के विषयों में शामिल होगा। गौरतलब है कि बकिंघम पैलेस ने 31 मार्च को घोषणा की थी कि किंग चार्ल्स ।।। और रानी कैमिला अप्रैल में अमेरिका की राजकीय यात्रा पर जाएंगे। ट्रम्प ने बताया कि ब्रिटेन का शाही जोड़ा 27 से 30 अप्रैल के बीच अमेरिकी दौरे पर रहेगा।

# इंडो-पैसिफिक में बढ़ी ताकत

■ भारत-अमेरिका साझेदारी गहरी, सीडीएस अनिल चौहान की बैठक से रक्षा सहयोग को नया आयाम
■ दोनों देशों ने इस बात को स्वीकारा: आधुनिक समय में तकनीक सैन्य शक्ति का अहम आधार बन चुकी है

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत होती जा रही है। इसी कड़ी में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड के वरिष्ठ अधिकारी जनरल केविन बी. श्नाइडर के साथ अहम बैठक की।

इस बैठक में दोनों देशों ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। साथ ही, क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर सहयोग को और गहरा करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रणनीतिक तालमेल पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने यह स्पष्ट किया कि वे क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ मुख्यालय के अनुसार, इस बातचीत में द्विपक्षीय और त्रि-सेवा सहयोग को और विस्तारित करने पर भी सहमति बनी। दोनों देशों ने इस बात को स्वीकार किया कि आधुनिक समय में तकनीक सैन्य शक्ति का अहम आधार बन चुकी है। इसी को ध्यान में रखते हुए रक्षा सहयोग को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में काम करने पर बल दिया गया। इससे पहले, जनरल अनिल चौहान ने ब्रिटेन के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ भी महत्वपूर्ण बैठकें कीं। उन्होंने सर रिचर्ड नाइटन के साथ मुलाकात कर वैश्विक चुनौतियों, साइबर खतरों और व्यापार असंतुलन जैसे मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भारत और ब्रिटेन ने भी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और समृद्धि बनाए रखने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। ब्रिटेन दौरे के दौरान जनरल चौहान ने रायल कालेज ऑफ डिफेंस स्टडीज में भी संबोधन दिया, जहां उन्होंने आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति और वैश्विक सुरक्षा पर उसके प्रभाव को विस्तार से समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि भारत किस तरह वैश्विक स्तर पर स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## फिनलैंड के पास परमाणु हथियार होने की संभावना को संज्ञान में लेगा रूस

**मॉस्को।** रूस अपनी सैन्य योजना में फिनलैंड के पास आयात या निर्माण के माध्यम से परमाणु हथियार होने की 'सैद्धांतिक संभावना' को भी संज्ञान में लेगा। फिनलैंड की सरकार ने संसद में परमाणु ऊर्जा कानून और दंड संहिता में संशोधन का एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जो फिनलैंड की धरती पर परमाणु हथियारों के आयात, निर्माण, भंडारण और उपयोग पर वर्तमान प्रतिबंध को समाप्त कर देगा। हेलसिकी स्थित रूसी दूतावास ने 'आरआईए नोवोस्ती' को यह जानकारी दी है। दूतावास ने कहा कि यह समझने के लिए सैन्य विशेषज्ञ होने की आवश्यकता नहीं है कि फिनलैंड की धरती पर परमाणु हथियारों के पहुंचने की सैद्धांतिक संभावना पर भी रूस अपनी सैन्य योजना के जरिए नजर रखेगा।

# होर्मुज स्ट्रेट में बारूदी सुरंग हटाने में तुर्की भागीदारी करेगा!

## किसी भी संभावित अभियान का नेतृत्व बहुराष्ट्रीय तकनीकी गठबंधन द्वारा किया जाएगा: विदेश मंत्री

**लंदन।** तुर्की ने संकेत दिया है कि ईरान और अमेरिका के बीच समझौता होने की स्थिति में वह होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंग हटाने के अभियानों में भाग ले सकता है।

तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान ने यहां कहा कि किसी भी संभावित अभियान का नेतृत्व बहुराष्ट्रीय तकनीकी गठबंधन द्वारा किया जाएगा और ऐसे ढांचे के तहत तुर्की को भागीदारी में कोई आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि यह गठबंधन किसी नए संघर्ष में शामिल होता है तो तुर्की अपनी भूमिका पर पुनर्विचार करेगा। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों का समाधान

■ यदि यह गठबंधन किसी नए संघर्ष में शामिल होता है तो तुर्की अपनी भूमिका पर पुनर्विचार करेगा: फिदान



पाकिस्तान में होने वाली अगली वार्ता में संभव हो सकता है। इस बीच, अमेरिका ने जलडमरूमध्य में ईरान की गतिविधियों को लेकर चेतावनियां तेज कर दी हैं और नौसैनिक उपस्थिति बढ़ाई है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यूरोपीय देशों की आलोचना करते हुए कहा कि वे ठोस कार्रवाई के बजाय केवल कूटनीतिक बैठकों तक सीमित हैं। पिछले हफ्ते ब्रिटेन और फ्रांस द्वारा समुद्री सुरक्षा पर आयोजित कॉन्फ्रेंस पर प्रतिक्रिया देते हुए, हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका 'फैंसी बैठकों' के बजाय 'गंभीर' यूरोपीय प्रयास का स्वागत करेगा। उन्होंने कहा कि यूरोप को इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग की सुरक्षा में अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, क्योंकि उसकी ऊर्जा आपूर्ति इस मार्ग पर निर्भर है। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि इस संकट में अमेरिका अब यूरोपीय समर्थन पर निर्भर नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिकी नाकेबंदी के कारण ईरान आर्थिक रूप से दबाव में है और उसे भारी नुकसान हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 13 अप्रैल से अमेरिकी नौसेना ईरानी बंदरगाहों के आसपास गतिविधियों को नियंत्रित कर रही है। यह जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का महत्वपूर्ण मार्ग है, जहां से लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस का परिवहन होता है। अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि यदि ईरान जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंग बिछाने का प्रयास करता है, तो इसे संघर्षविराम का उल्लंघन माना जाएगा और इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा।

# गाजा युद्ध के बाद पहली बार नगरपालिका चुनाव

## फलस्तीनियों ने किया मतदान, गाजा का वह क्षेत्र है जहां बड़े पैमाने पर जमीनी हमला नहीं हुआ

**यरूशलम।** फलस्तीन के पश्चिमी तट और गाजा पट्टी के सीमित क्षेत्रों में शनिवार को फलस्तीनी मतदाता नगरपालिका चुनाव में मतदान कर रहे हैं। गाजा युद्ध के बाद यह पहला चुनाव है।

रिपोर्टों के अनुसार, पश्चिमी तट में लगभग 15 लाख मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि गाजा के दैर अल-बलह शहर में करीब 70 हजार मतदाता मतदान कर रहे हैं। यह गाजा का वह क्षेत्र है जहां बड़े पैमाने पर जमीनी हमला नहीं हुआ है। ये चुनाव 19 नवम्बर, 2025 को प्रकाशित नए चुनावी कानून के अनुसार आयोजित किए जा रहे हैं, जिसने दो अलग-अलग चुनावी प्रणालियां स्थापित की हैं। करीब दो दशकों में पहली बार



गाजा में मतदान हो रहा है। यहां अंतिम चुनाव 2006 में हुआ था, जब हमास ने जीत हासिल की थी। इन चुनावों को फलस्तीनी प्राधिकरण के नेतृत्व वाले महमूद अब्बास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो गाजा में अपनी राजनीतिक उपस्थिति बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं। अधिकांश उम्मीदवार फतह पार्टी के अंतर्गत या निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। हमास ने आधिकारिक रूप से उम्मीदवार नहीं उतारे हैं, लेकिन कुछ उम्मीदवारों को उससे जुड़ा माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, कुछ गुट मतदान में बिल्कुल भी हिस्सा नहीं ले रहे हैं। उन्हें उस नियम पर आपत्ति है जिसके तहत उम्मीदवारों के लिए फलस्तीनी प्राधिकरण के समझौतों का समर्थन करना जरूरी है। इसमें इजरायल को मान्यता देना भी शामिल है। हमास ने कहा कि नतीजे जो भी हों, वह उनका सम्मान करेगा। उसने गाजा में मतदान केंद्रों के बाहर सिविल पुलिस भी तैनात कर दी है। कागज पर तो ये महज स्थानीय परिषद के चुनाव हैं, लेकिन इनमें राजनीतिक दांव कहीं ज्यादा बड़े हैं। विश्लेषकों के अनुसार, ये स्थानीय निकाय चुनाव भले ही प्रशासनिक स्तर के हों, लेकिन इनके राजनीतिक निहितार्थ व्यापक हैं और भविष्य में राष्ट्रीय चुनावों का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। उनका मानना है कि फलस्तीनी प्राधिकरण वर्षों से भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहा है।

## न्यूयॉर्क में 'परमाणु-5' विशेषज्ञों की बैठक की योजना: बैलोसोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय के विशेष दूत आंद्रेई बेलौसोव ने कहा है कि न्यूयॉर्क में 2026 परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन के इतर पांच परमाणु-संपन्न देशों (एन-5) के विशेषज्ञों की एक बैठक की योजना बनाई गई है। रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख बेलौसोव ने स्पूतनिक से बातचीत में यह पूछे जाने पर कि क्या न्यूयॉर्क में एनपीटी समीक्षा सम्मेलन के इतर परमाणु-5 प्रारूप में विशेषज्ञ स्तर के संपर्कों की योजना है, तो उन्होंने कहा कि संबंधित समन्वय चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि परमाणु-5 प्रारूप शुरू में एनपीटी समीक्षा प्रक्रिया के एजेंडे के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बनाया गया था।

# माली: बमकों में भारी गोलीबारी और विस्फोट

## सशस्त्र समूहों ने राजधानी सहित कई शहरों पर किया हमला

**बमको।** अफ्रीकी देश माली की राजधानी बमको और देश के कई अन्य हिस्सों में शनिवार सुबह सशस्त्र समूहों ने समन्वित हमले किए। बमको-सेनो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित सेनो सैन्य शिविर और काटी स्थित सैन्य ठिकाने के पास भारी गोलाबारी और विस्फोटों की खबरें मिली हैं।


आधिकारिक सूत्रों और समाचार एजेंसी अनादोलु के अनुसार, यह एक बेहद सुनियोजित अभियान था जिसके तहत बमको (सेनो और काटी) के अलावा सेवारे, मोप्ती, गाओ और किदाल जैसे रणनीतिक स्थानों को निशाना बनाया गया। बमको का मुख्य हवाई अड्डा और काटी में रक्षा मंत्री का आवास इन हमलों के प्रमुख लक्ष्य बताए जा रहे हैं। कई इलाकों में निवासियों ने

■ बमको का मुख्य हवाई अड्डा और काटी में रक्षा मंत्री का आवास इन हमलों के प्रमुख लक्ष्य बताए जा रहे हैं



सुबह-सुबह भारी गोलाबारी और लगातार धमाकों की आवाजें सुनीं। माली सेना ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ जनता को सूचित करते हैं कि अज्ञात आतंकवादी समूहों ने आज तड़के राजधानी और आंतरिक क्षेत्रों में कुछ रणनीतिक स्थानों और बैरकों को निशाना बनाया है। वर्तमान में गोलाबारी जारी है। हम जनता से शांत रहने और सतर्क रहने का आग्रह करते हैं। हमारी सुरक्षा बल हमलावरों को बेअसर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। माली 2012 से ही विभिन्न सशस्त्र समूहों के हमलों का सामना कर रहा है। इससे पहले 2024 में भी काटी और सेनो हवाई अड्डा क्षेत्र को इसी तरह निशाना बनाया गया था। वर्तमान में देश अंतरिम राष्ट्रपति जनरल असीमी गोइता के नेतृत्व में है, जिन्होंने मई 2021 में सत्ता संभाली थी।

# हस्तिनापुर के वीर में शकुनी बनेंगे चंदन आनंद



**मुंबई।** अभिनेता चंदन आनंद सोनी सब के आगामी शो हस्तिनापुर के वीर में शुकनी के किरदार में नजर आएंगे। अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाने वाले चंदन, पौराणिक कथाओं के सबसे जटिल और अप्रत्याशित किरदारों में से एक शकुनी भूमिका निभा रहे हैं। चंदन आनंद ने कहा, जब मैंने शकुनी के सीन पढ़े, तो सबसे अलग बात यह थी कि उसकी ताक़त उसके कहे हुए में नहीं, बल्कि उसके न कहे हुए में है। उसकी शक्ति शांत है। वह आवाज उठाने के बजाय अवलोकन और सही समय पर भरोसा करता है। इस रोल को रोमांचक बनाता है यह कि वह बच्चों के बीच एक मजेदार, लाड़-प्यार करने वाले बड़े की तरह दिखता है, जो उन्हें अलग सोचने के लिए प्रेरित करता है। लेकिन उसके पीछे हमेशा एक गहरा इरादा छिपा होता है। इन परतों को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण भी रहा और दिलचस्प भी, और यही शकुनी को निभाने को इतना आकर्षक बनाता है। हस्तिनापुर के वीर सोनी सब पर जल्द ही प्रसारित होगा।

# ऐसा लग रहा है जैसे एकसाथ कई सपने जी रही हूं: श्वेता



**मुंबई।** अभिनेत्री और फिल्मकार श्वेता त्रिपाठी का कहना है कि वर्ष 2026 उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे वह एक साथ कई सपने जी रही हैं। श्वेता त्रिपाठी के लिए 2026 सिर्फ ज्यादा काम करने का साल नहीं है, बल्कि ऐसे काम करने का है जो उनके दिल के करीब हो और मायने रखते हो।

जहां दर्शक मिर्जापुर: द मूवी का इंतजार कर रहे हैं, वहीं श्वेता एक नए सफर की शुरुआत कर रही हैं, एक ऐसा सपना जिसे वह लंबे समय से जीना चाहती थीं, अपनी कहानियां खुद बनाना। अभिनय के साथ-साथ अब वह अपने प्रोडक्शन हाउस पर भी ध्यान दे रही हैं और अपनी पहली फिल्म बतौर निर्माता मुझे जान ना कहो मेरी जान पर काम कर रही हैं।

यह एक खूबसूरत और संवे. दनशील समलैंगिक प्रेम कहानी है, जिससे वह खुद को बहुत जुड़ा हुआ महसूस करती हैं। साथ ही, थिएटर आज भी उनका सबसे मजबूत सहारा है। वह न सिर्फ परफॉर्म कर रही हैं, बल्कि अपने प्ले कॉक को उसके आखिरी शो के लिए वापस मंच पर ला रही हैं। वह उसी जुनून और जिज्ञासा के साथ थिएटर में लौट रही हैं, जिसने उन्हें पहली बार एक्टिंग की दुनिया से जोड़ा था। श्वेता त्रिपाठी ने कहा, 2026 ऐसा लग रहा है जैसे मैं एक साथ कई सपने जी रही हूं। मैं आज भी वही एक्टर हूं जिसे सेट पर काम करने का उतना ही उत्साह होता है, लेकिन अब मैं यह भी सीख रही हूं कि अपनी खुद की कहानी बनाना कैसा होता है। मुझे जान ना कहो मेरी जान के जरिए हम एक ऐसी कहानी बताने की कोशिश कर रहे हैं जो सच्ची हो, सभी को साथ लेकर चले और दिल से जुड़ी हो। और जब भी मैं थिएटर में लौटती हूं, मुझे याद आता है कि मेरी शुरुआत कहां से हुई थी। यह मुझे जमीन से जोड़े रखता है और हमेशा कुछ नया सीखने की चाह बनाए रखता है।

# टकरा सकती हैं अक्षय व रामचरण की फिल्म

**मुंबई।** राम चरण की पैन इंडिया फिल्म पेड्डी की रिलीज को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर फिल्म 25 जून 2026 के आसपास रिलीज होती है, तो इसका सीधा मुक. ाबला अक्षय कुमार की मल्टीस्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल से हो सकता है।

दोनों बड़े प्रोजेक्ट्स के संभावित क्लैश ने हिंदी बॉक्स ऑफिस को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। पैन-इंडिया फिल्मों के दौर में बॉक्स ऑफिस क्लैश अब आम बात हो गई है, लेकिन जब दो बड़ी स्टारकास्ट वाली फिल्मों की टक्कर की खबर सामने आती हैं, तो चर्चा और भी तेज हो जाती है। इन दिनों राम चरण की अपकमिंग फिल्म पेड्डी को लेकर भी कुछ ऐसा ही माहौल बनता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म अगर तय तारीख पर रिलीज होती है, तो हिंदी बॉक्स ऑफिस पर इसे एक बड़ी मल्टीस्टारर फिल्म से मुकाबला करना पड़ सकता है। यही वजह है कि इस क्लैश को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

राम चरण की पेड्डी को एक बड़े पैन-इंडिया प्रोजेक्ट के तौर पर तैयार किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज को लेकर काफी वक्त से चर्चा हो रही है, लेकिन यह फिल्म काफी लेट हो गई है। हालांकि, अब सामने आ रही खबरों के मुताबिक, यह फिल्म 25 जून 2026 के आसपास सिनेमाघरों में आती है। अगर ऐसा हो जाता है तो पेड्डी का सामना अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड फ्रेंचाइजी फिल्म वेलकम टू द जंगल से हो सकती है।

राम चरण की पेड्डी को एक बड़े पैन-इंडिया प्रोजेक्ट के तौर पर तैयार किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज को लेकर काफी वक्त से चर्चा हो रही है, लेकिन यह फिल्म काफी लेट हो गई है। हालांकि, अब सामने आ रही खबरों के मुता. बिक, यह फिल्म 25 जून 2026 के आसपास सिनेमाघरों में आती है। अगर ऐसा हो जाता है तो पेड्डी का सामना अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड फ्रेंचाइजी फिल्म वेलकम टू द जंगल से हो सकती है। वेलकम टू द जंगल 26 जून, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।



वेलकम टू द जंगल 26 जून, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। वेलकम फ्रेंचाइजी पहले ही दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर रही है और इसके दोनों पिछले पार्ट बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हुए थे।

तीसरे पार्ट में भी बड़ी स्टारकास्ट शामिल बताई जा रही है, जिसमें संजय दत्त, अनिल कपूर, रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस और सुनील शेट्टी जैसे नाम जुड़े हुए हैं। ऐसे में अगर पेड्डी इसी तारीख पर आती है, तो हिंदी बेल्ट में इसे कड़ी टक्कर मिल सकती है। पेड्डी के लिए हिंदी मार्केट काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि फिल्म को पैन-इंडिया लेवल पर तैयार किया जा रहा है।

मेकर्स की कोशिश है कि फिल्म सिर्फ साउथ ही नहीं बल्कि नॉर्थ इंडिया में भी बड़ी ओपनिंग हासिल करे। यही वजह है कि रिलीज डेट को लेकर रणनीति पर खास ध्यान दिया जा रहा है। हालांकि, अभी तक रिलीज डेट को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन क्लैश की खबर ने ही फिल्म को लेकर चर्चा बढ़ा दी है।



# किंग में दीपिका ने शाहरुख के साथ किए एक्शन सीन

**मुंबई।** दूसरी प्रेग्नेंसी अनाउंस करने के बाद दीपिका पादुकोण ने काम से ब्रेक लेने के बजाय शूटिंग जारी रखी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने शाहरुख खान के साथ फिल्म किंग के लिए हाई-एनर्जी एक्शन सीक्वेंस शूट किया, जो 21-22 अप्रैल को मुंबई के खास सेट पर फिल्माया गया। आने वाले समय में सिनेमाघरों में कई कमाल की फिल्मों दस्तक देने वाली हैं, जिनमें से एक नाम किंग का नाम भी शामिल है। शाहरुख खान की यह फिल्म लंबे वक्त से चर्चा में बनी है, फिल्म में कई कमाल के स्टार्स शामिल हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण भी शामिल हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अफनी सेकेंड प्रेग्नेंसी अनाउंस की है, जहां बॉलीवुड में अक्सर सितारे प्रेग्नेंसी के दौरान काम से ब्रेक लेते नजर आते हैं, वहीं दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को लेकर कितनी गंभीर हैं। सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने दूसरी बार मां बनने की अनाउंसमेंट की थी। जिसके कुछ ही दिनों बाद दीपिका ने शाहरुख खान के साथ हाई-एनर्जी एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग की खबरों से सभी को चौंका दिया। इस खबर ने न सिर्फ फैंस को हैरान किया बल्कि इंडस्ट्री में भी उनकी प्रोफेशनलिज्म की चर्चा तेज हो गई है। हाल ही में खबर सामने आई है कि दीपिका ने अपकमिंग फिल्म किंग के लिए फाइट सीक्वेंस शूट किया है। जिसमें हाई-ऑक्टेन कॉम्बैट और बड़े पैमाने पर एक्शन कोरियोग्राफी शामिल थी। शाहरुख और दीपिका ने इस सीन की शूटिंग 21 और 22 अप्रैल को की, जिसमें दीपिका ऑल-व्हाइट आउटफिट में नजर आईं। विले पार्ले स्थित गोल्डन टोबैको स्टूडियो में इसके लिए खास सेट तैयार किया गया था। फाइट सीक्वेंस की कोरियोग्राफी फिल्म के बड़े और ग्रैंड ट्रीटमेंट के मुताबिक रखी गई है। दरअसल, 19 अप्रैल 2026 को दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अपने दूसरे बच्चे की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की थी। इस अनउंसमेंट के बाद कई लोगों को लगा कि एक्ट्रेस अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स से ब्रेक ले सकती हैं। लेकिन दीपिका ने इन अटकलों को गलत साबित करते हुए शूटिंग जारी रखी और एक्शन सीन में हिस्सा लेकर सभी को चौंका दिया। इस फिल्म के अलावा दीपिका अल्लू अर्जुन की फिल्म राका में भी नजर आने वाली हैं।

**आने वाले समय में सिनेमाघरों में कई कमाल की फिल्मों दस्तक देने वाली हैं, जिनमें से एक नाम किंग का नाम भी शामिल है। शाहरुख खान की यह फिल्म लंबे वक्त से चर्चा में बनी है, फिल्म में कई कमाल के स्टार्स शामिल हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण भी शामिल हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी सेकेंड प्रेग्नेंसी अनाउंस की है, जहां बॉलीवुड में अक्सर सितारे प्रेग्नेंसी के दौरान काम से ब्रेक लेते नजर आते हैं, वहीं दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को लेकर कितनी गंभीर हैं।**

# सूरज बड़जात्या को खूब भाता है प्रेम




**मुंबई।** किसी खास नाम के प्रति फिल्मी दुनिया में निर्माता-निर्देशकों की आसक्ति रही है, उसी में एक नाम है प्रेम जो निर्माता सूरज बड़जात्या का पसंदीदा नाम रहा है। सूरज बड़ाजात्या ने हाल ही में अपनी नई फिल्म यह प्रेम मोल लिया का एलान किया है। फिल्म यह प्रेम मोल लिया में आयुष्मान खुराना और शरवरी की मुख्य भूमिका है। राजश्री प्रोडक्शंस और महावीर जैन फिल्म्स मिलकर इस फिल्म को बना रहे हैं।

इस फिल्म के साथ राजश्री का मशहूर किरदार प्रेम 11 साल बाद बड़े पर्दे पर लौट रहा है। इस बार इस किरदार को पहली बार आयुष्मान खुराना निभा रहे हैं, जो अपने सादे और शरारती अंदाज से इसे खास बनाते हैं। निर्माता-निर्देशक सूरज बड़जात्या लगभग अपनी हर फिल्म में हीरो का नाम प्रेम रखते आए है और यह नाम उनके लिए भाग्यशाली साबित होता आया है। सूरज बड़जात्या ने सबसे पहले वर्ष 1989 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म मैने प्यार किया के माध्यम से सलमान खान को पहली बार प्रेम की भूमिका में दर्शको के सामने पेश किया था। युवा प्रेम कथा पर आधारित फिल्म मैंने प्यार किया ने दर्शकों के दिल में अपनी छाप छोड़ी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी सफलता अर्जित की। इसके बाद सूरज बड़जात्या को प्रेम नाम कुछ ऐसा जंचा कि उन्होंने यह निश्चय कर लिया कि यदि वे किसी फिल्म का निर्माण करेगें तो उसमे अभिनेता का नाम प्रेम अवश्य रखेंगे। सूरज बड़जात्या ने इसके बाद वर्ष 1994 में प्रदर्शित ब्लॉकबस्टर फिल्म हम आपके हैं कौन में दूसरी बार सलमान खान को प्रेम के किरदार निभाने का मौका दिया। मैने प्यार किया के प्रेम की तुलना में हम आपके है कौन का प्रेम दर्शकों को कुछ ज्यादा हीं पसंद आया। पारिवारिक पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म हम आपके हैं कौन ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। अपनी पिछली फिल्म मैंने प्यार किया और हम आपके हैं कौन की सफलता से उत्साहित सूरज बड़जात्या ने प्रेम नाम को एक बार फिर से अपनी वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म हम साथ साथ है में सलमान खान के किरदार के रूप में पेश किया, लेकिन इस बार फिल्म ने अपेक्षित सफलता अर्जित नहीं की। माना जाता है इस फिल्म में प्रेम के किरदार को प्रभावशाली ढंग से पेश नहीं किया गया था। सूरज बड़जात्या को फिल्म के किरदार प्रेम पर इस कदर भरोसा था कि उन्होंने वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म मैं प्रेम की दीवानी हूं में ऋतिक रौशन और अभिषेक बच्चन दोनों को ही प्रेम नाम से दर्शकों के सामने पेश किया, लेकिन कमजोर पटकथा के कारण यह फिल्म बॉक्स आफिस पर पिट गई।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)